समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 63,228.51 | 18,755.90 |

तापमान
अधिकतम 42 ℃
न्यूनतम 32 ℃

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



पांच दिनों तक तापलहरी से नहीं मिलेगी निजात पेज-02

'मोदी सरकार' के हथकण्डे अलोकतांत्रिक : प्रमोद पेज-03

वर्ष 10 अंक 295 लखनऊ, 15 जून गुरुवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 4.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

मुख्यमंत्री योगी ने मेधावियों को किया सम्मानित, बोले-

# नकल माफिया समाज के दुश्मन इनका बहिष्कार करें

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

लखनऊ के लोक भवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नकल माफिया समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। सरकार ने उन पर लगाम लगाई है इनका सामाजिक बहिष्कार भी करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अर्थ केवल डिग्री लेना नहीं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण का माध्यम बनना भी है। उन्होंने टॉपर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 6 वर्ष पहले प्रदेश बोर्ड परीक्षाओं में नकल के कारण बदनाम था। पूरा साल परीक्षा में ही निकलता था। सरकार बनते ही मैंने लक्ष्य दिया कि 1 माह में परीक्षा और परिणाम दोनों आए। 15 दिन के भीतर परीक्षा हुई और 14 दिन के भीतर परिणाम घोषित किया गया। पारदर्शिता से परीक्षा कराई गई सामान्य प्रश्न पत्र बनाया गया और सामुदायिक नकल पर छात्रों की बजाय प्रबंधकों अधिकारियों पर कार्रवाई की गई। एक डीआईओएस को जेल में डालना पड़ा। उन्होंने कहा कि नकल माफिया वास्तव में शिक्षकों की मेहनत पर डकैती है। यह पूरी तरह रुकनी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1,62,000 शिक्षकों की नियुक्ति हुई। 1,33,000 विद्यालय कायाकल्प में विकसित किये गए। यही जन सहभागिता माध्यमिक शिक्षा विभाग भी चाहेगा तो जरूर होगा। पुरातन छात्रों के सम्मेलन के माध्यम से जन सहभागिता की जाए। कोई लाइब्रेरी बनवा सकता है तो कोई स्मार्ट क्लास। हम दो करोड़ युवाओं को टेबलेट दे रहे हैं ताकि ये तकनीक से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इस बार अभ्युदय कोचिंग से 23 बच्चे आईएएस में 98 बच्चे पीसीएस में चुने गए।

भेदभाव नहीं किया गया। हमने यूपी बोर्ड के साथ-साथ सभी बोर्ड के बच्चों को पुरस्कृत किया है क्योंकि यूपी में पढ़ने वाला हर बोर्ड का बच्चा प्रदेश का है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की पुस्तक एग्जाम वॉरियर को भी बच्चों को दिया जाए। नई शिक्षानीति एक नया अवसर है उसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावियों व उनके माता-पिता को सम्मानित किया।

इस मौके पर उन्हें एक-एक लाख रुपये का पुरस्कार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने राज्य स्तर पर शीर्ष पांच स्थान पाने वाले यूपी बोर्ड, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई व आईसीएसई के सर्वोच्च 10-10 मेधावियों को मिलाकर 141 मेधावियों व उनके माता-पिता को सम्मानित किया।




## अपने पुरुषार्थ से सफलता की मंजिल को चूमना ही वास्तविक सफलता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर चुनौती परीक्षा की घड़ी होती है। संकट सामने आए तो उससे भागने की जगह उसका सामना करना चाहिए। शॉटकर्ट का मार्ग कभी सफलता की मंजित तक नहीं पहुचा सकता। चुनौतियों से जूझते हुए, ईमानदारी से और अपने पुरुषार्थ से सफलता की मंजिल को चूमना ही वास्तविक सफलता है। भारत ने कोविड कालखंड में इसे साबित करके दिखाया है, जब पूरी दुनिया इस महामारी के सामने पस्त हो गई थी, तब भारत फ्री जांच, फ्री उपचार और फ्री वैक्सिनेशन के कार्यक्रम चला रहा था। इतना ही नहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में आजादी के बाद सबसे बड़े बदलाव को भी कोविड काल में ही लागू किया गया।

सपा का रेड पावर ही बीजेपी का रेड जोन, अखिलेश बोले-

# बीजेपी कह रही यूपी की अधिकांश सीटे रेड जोन में

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

लखनऊ में बुधवार को अखिलेश यादव ने पीएम मोदी के बयान का पलटवार किया है। उन्होंने कहा भाजपा कह रही है कि यूपी में उसकी अधिकांश लोकसभा सीटें रेड जोन में है तो इसका अर्थ है कि जनता की पक्षधर समाजवादी पार्टी का लाल रंग, अपना रंग दिखा रहा है।

सपा की रेड पावर ही भाजपा के लिए रेड जोन हैं। दरअसल, मंगलवार को पीएम मोदी ने देशभर के 70 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा था। इस दौरान उन्होंने कहा था कि परिवारवादी पार्टियां अपने रिश्तेदार और कार्यकर्ताओं को नौकरी देने का काम करती रहीं हैं। उनका रास्ता है रेट कार्ड जबकि हम युवाओं के भविष्य को सेफ गार्ड करने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रेट कार्ड आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं। भाजपा की सरकार आपकी और आपके परिवार की सभी इच्छाओं और आकांक्षाओं को सेफगार्ड करने में लगा है। 9 जून को नैमिष धाम में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रशिक्षण शिविर में कहा था कि अगर यूपी से बीजेपी को 2014 में सबसे ज्यादा सीटें मिली तो 2024 में बीजेपी को सभी सीट से हराकर रोका जा सकता है। अखिलेश यादव ने अभी कहा था कि बीजेपी को 80 सीटों पर हराओं और भाजपा हटाओ। मीडिया से बातचीत अखिलेश यादव ने यह भी कहा था कि भाजपा उत्तर प्रदेश से लोक सभा सीटें हारेगी और समाजवादी पार्टी 80 सीट जीतेगी।



- मतलब जनता का पक्षधर समाजवादी लाल रंग
- भाजपा उत्तर प्रदेश से लोक सभा सीटें हारेगी और समाजवादी पार्टी 80 सीट जीतेगी।

## संक्षिप्त

### युवती को कार में खींचने का प्रयास, पांच आरोपितों पर एफआईआर

**कानपुर।** छेड़छाड़ के विरोध पर शोहदों ने एक युवती को पीटकर उसे कार में खींचने का प्रयास किया गया।शोर मचाने पर लोग पहुंचे तो आरोपित भाग निकले। पीड़िता ने पांच आरोपितों के खिलाफ नौबस्ता थाने में बलवा, मारपीट, छेड़छाड़, धमकी आदि धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। नौबस्ता थाना क्षेत्र निवासी युवती के मुताबिक, वह घर नजदीक पार्क में टहल रही थी।तभी शिवम गुप्ता समेत चार-पांच युवक आ गए और छेड़छाड़ करते हुए टिप्पणी करने लगे।

### लंदन में हैदराबाद की युवती की चाकू घोंपकर हत्या

**लंदन।** लंदन के वेम्बली से एक चौंका देने वाला मामला सामने आ रहा है, जहां पर हैदराबाद की 27 वर्षीय लड़की की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, लंदन में मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे 27 वर्षीय महिला पर ब्राजील के एक नागरिक ने कथित तौर पर हमला कर दिया। मृतक की पहचान कोंथम तेजस्विनी के रूप में हुई है। दरअसल, उच्च शिक्षा के लिए लंदन आई तेजस्विनी की मौके पर ही मौत हो गई। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मुताबिक, 28 वर्षीय एक अन्य महिला पर भी हमला हुआ था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, वह खतरे से बाहर है।


### कौशांबी में लू लगने से गई 5 साल के मासूम की जान

**कौशांबी।** भीषण गर्मी के कारण चलने वाले गर्म हवा के थपेड़े यानी लू अब कातिल हो चुकी है। इसकी चपेट में आने से मंगलवार रात पिपरी क्षेत्र के भीखपुर मेड़वारा निवासी एक मासूम की मौत हो गई। हीट वेव को लेकर स्वास्थ्य विभाग पहले ही चेतावनी जारी कर चुका है। डॉक्टर लगातार बचाव की सलाह दे रहे हैं। डिप्टी सीएमओ डॉ. हिंद प्रकाश मणि का कहना है कि जरा सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। भीखपुर मेड़वारा निवासी किसान वीरेंद्र कुमार के पांच वर्षीय बेटे आयुष को संभवतः लापरवाही ही भारी पड़ गई। मंगलवार दोपहर वह दोस्तों के साथ गांव में ही खेल रहा था। इसके बाद घर पहुंचा तो अचानक बुखार आ गया।

# अतीक के खास शूटर आबिद प्रधान और फरहान समेत आठ पर मुकदमा

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

माफिया अतीक अहमद के करीबी और शूटर आबिद प्रधान और फरहान समेत आठ लोगों के खिलाफ धूमनगंज थाने में रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रॉपर्टी डीलर मोहम्मद अशरफ सिद्दीकी निवासी हरवारा ने इन लोगों के खिलाफ आठ लाख रुपये रंगदारी मांगने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने धमकी दी है कि रंगदारी न मिलने पर वह परिवार समेत खत्म कर देंगे। हरवारा थाना धूमनगंज निवासी मोहम्मद अशरफ सिद्दीकी प्रॉपर्टी डीलर हैं। उन्होने बुधवार को धूमनगंज थाने में आबिद



प्रधान, उसके दो भतीजों के साथ ही अतीक के करीबी रहे फरहान पर आठ लाख रुपये रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि आरोपीगण रंगदारी न मिलने पर परिवार समेत खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बता दें कि माफिया अतीक अहमद का सबसे खास शूटर आबिद प्रधान पर डबल मर्डर समेत तीन दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज हैं।

मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

# गोलीबारी में 9 की मौत, 10 घायल

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** मणिपुर में हिंसा रुक नहीं रही है। डेढ़ महीने बाद भी हालात में सुधार नहीं हो रहा है। प्रदेश में मंगलवार देर रात फिर हिंसा भड़की है। हिंसा के दौरान जबरदस्त गोलीबारी हुई है। गोली लगने से 9 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 10 लोग घायल भी हुए हैं। घालयों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसपी के शिवकांता सिंह ने बताया कि राजधानी इंफाल में बीती रात करीब 1 बजे फायरिंग हुई है। काफी देर तक हुई गोलीबारी की घटना में 9 लोगों की मौत हो गई है। साथ ही 10 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने बताया कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस आतंकवादियों ने इंफाल पूर्वी जिले और कांगपोकी जिले की सीमा से लगे खामेलोक क्षेत्र के ग्रामीणों को घेर लिया और हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि घायलों को इंफाल के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## कम हुई कर्फ्यू में छूट

जिस जगह हिंसा हुई है वो इलाका मैतेई-बहुल है। पुलिस ने बताया कि कुछ लोग मैतेई इलाकों के पास बंकर बनाने की कोशिश कर रहे थे, तभी सुरक्षाबलों ने उन्हें चुनौती दी। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। इस बीच, जिला अधिकारियों ने इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम में सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक कर्फ्यू में छूट के समय को घटाकर सुबह 5 से सुबह 9 बजे कर दिया है।

**हजारों हथियार बरामद** — इससे पहले, मणिपुर में चलाए गए अभियान के तहत 1,040 हथियार बरामद किए गए हैं। इन हथियारों को उपद्रवियों ने पिछले दिनों विभिन्न स्थानों से लूट लिया था।

बृजभूषण की गिरफ्तारी समेत 25 मांगों को लेकर खाप पंचायतों ने बुलाया बंद

# दिल्ली की दूध-सब्जी की सप्लाई पर लगाई रोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों के बाद गिरफ्तारी की मांग कर रहे है। इसके अलावा एमएसपी की मांगों समेत खाप पंचायतों ने कई मांगों को लेकर बुधवार 14 जून को हरियाणा बंद का ऐलान किया है। इस बंद के कारण दिल्ली में दूध, फल और सब्जी की सप्लाई भी बंद हो गई है। खाप पंचायतों ने पहले ही सप्लाई बंद करने की बात कही थी।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली का पानी भी बंद के दौरान खाप पंतायतों ने रोका है। खाप पंचायतों ने तीन दिन



पहले सर्वसम्मति के साथ हरियाणा बंद किए जाने के संबंध में फैसला लिया था और इसकी सूचना दी थी। वहीं इस प्रदर्शन के मद्देनजर पूरे हरियाणा में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। इस प्रदर्शन को देखते हुए राज्य के कई जिलों अधिक गंभीर स्थिति होने की संभावना है जिस कारण सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

# राहुल के खिलाफ दर्ज हुआ एक और मानहानि का मामला

## कोर्ट ने जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए मानहानि मामले में चुनौतियां लगातार बढ़ती जा रहा हैं। इन सब के बीच भाजपा की ओर से उनके खिलाफ एक और मानहानि का मामला दर्ज कराया गया है। इस बार यह मामला कर्नाटक का है। जानकारी के मुताबित भाजपा ने बेंगलुरु में अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के खिलाफ मानहानि की शिकायत दर्ज की है। बीजेपी की छवि खराब करने वाले विज्ञापनों में झूठे दावों का आरोप लगाने वाली निजी शिकायत पार्टी के राज्य



सचिव एस केशव प्रसाद ने 9 मई को दायर की थी। एस केशव प्रसाद ने साफ तौर पर कहा है कि कांग्रेस और उसके नेताओं ने उनकी पार्टी पर झूठे आरोप लगा कर उसकी छवि खराब करने की कोशिश की है। शिकायत के अनुसार, केपीसीसी द्वारा 5 मई, 2023 को विधानसभा चुनाव से पहले प्रमुख समाचार पत्रों में जारी विज्ञापन में दावा किया गया था कि तत्कालीन भाजपा सरकार 40 प्रतिशत भ्रष्टाचार में लिप्त थी और उसने पिछले चार वर्षों में डेढ़ लाख करोड़ रुपये लूटे हैं।

# गंगा में स्नान के दौरान डूबने से तीन बच्चों समेत चार की मौत

प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़

नगर के शिवकुटी थाना अंतर्गत फाफामऊ घाट पर मंगलवार की सुबह गंगा स्नान करने आए चार व्यक्ति गंगा में डूब गए जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। चारों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) राजेश कुमार यादव ने बताया कि आज सुबह आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवान उमेश कुमार यादव (40), उनका बेटा विवेक राज (11), बेटी दीप शिखा (7) और पड़ोसी अभय सिंह का बेटा अभिनव (9) गंगा में स्नान करने आए थे। उन्होंने बताया कि स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से चारों गंगा नदी में डूब गए। उमेश कुमार यादव, उनके बेटे विवेक राज और अभिनव के शव घटना के कुछ देर बाद ही बरामद कर लिए गए थे, जबकि उमेश की बेटी दीप शिखा का शव काफी देर बाद बरामद कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जल पुलिस के गोताखोरों ने काफी मशक्कत के बाद दीप शिखा का शव बरामद किया। चारों व्यक्तियों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। उमेश कुमार यादव बिहार के लखीसराय के निवासी थे और यहा फाफामऊ में रहते थे। एसीपी ने बताया कि उमेश जब अपने बेटे और बेटी के साथ गंगा स्नान करने आ रहे थे, तो पड़ोसी अभय सिंह का बेटा अभिनव सिंह भी जिद करके उमेश के साथ घाट पर चला आया था। अभय सिंह बिहार के परसौली के रहने वाले हैं।

# बुर्का पहनकर शराब खरीदने पहुंची महिला को धमकाया

## गिरफ्तारी के बाद वीडियो बनाकर मांगी माफी

**मुजफ्फरनगर (समृद्धि न्यूज़)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले की एक घटना सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है। दरअसल, बीते दिन एक मुस्लिम महिला बुर्का पहनकर शराब खरीदने ठेके पर गयी थी। ये बात वहां मौजूद कुछ मुस्लिम युवकों को पसंद नहीं आई। उन्होंने महिला को रोका और उसे दुबारा ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। इतना ही नहीं युवकों ने महिला को उसका सिर कलम करने की भी धमकी दी। इस दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लेते हुए युवकों को गिरफ्तार कर लिया। जेल की सलाखों के पीछे पहुंचते ही युवकों की सारी अकड़ निकल गई। उन्होंने जेल से एक वीडियो बनाकर महिला को धमकी देने पर माफी मांगी है। मुजफ्फरनगर में 12 जून को एक महिला बुर्का पहनकर ठेके पर बियर खरीदने गयी थी। तभी वहां खड़े 40 साल के बाकू उर्फ शाहनवाज, 30 साल के आदिल अहमद और 35 साल के साजिद अहमद ने उन्हें रोका और उनके बियर खरीदने पर आपत्ति जताई। इतना ही नहीं तीनों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में, युवक महिला को धमकाते नजर आ रहे हैं। तीन में एक युवक तुम यहां शराब क्यों खरीद रहे हो, तुम मुझे नहीं जानते, मैं कई बार जेल जा चुका हूं, मैं अभी तुम्हारा सिर कलम कर दूंगा कहता सुनाई दे रहा है।

गेमिंग जिहाद

एटीएस ने एप से मतांतरण कराने वाले बद्दो से पूछे 100 सवाल

# हर सवाल का दिया ये जवाब फिर साधी चुप्पी

गाजियाबाद, समृद्धि न्यूज़

गेमिंग एप के जरिए किशोरों और युवाओं का ब्रेनवॉश कर मतांतरण कराने वाले शाहनवाज उर्फ बद्दो का पाकिस्तानी कनेक्शन अब साफ हो गया है। उसने मतांतरण कराने के लिए छह पाकिस्तानी गेमिंग आईडी खरीदी थीं। यह बात उसके मोबाइल से मिले ईमेल आईडी और 30 पाकिस्तानी नंबर से भी स्पष्ट हो गई है। अब खुफिया एजेंसियों ने इसकी विस्तार से जांच तेज कर दी है।

**बद्दो से पूछे गए 100 सवाल**

गाजियाबाद आने के बाद पुलिस, एटीएस और आइबी ने बद्दो से करीब 100 सवाल पूछे। हर सवाल पर उसका जवाब होता, नहीं मैंने नहीं किया। फिर उसे इलेक्ट्रानिक एविडेंस दिखाते तो चुप्पी साध लेता। इसीलिए लंबी पूछताछ के दौरान अंत में बद्दो ने कुछ सवालों के जवाब हां में दिए। मोबाइल में मिले पाकिस्तानी नंबरों के बारे में कहा कि उसने छह गेमिंग आईडी खरीदी थीं। हर आईडी के साथ एक ईमेल एड्रेस होता है। हो सकता है कि इन्हीं एड्रेस में नंबर सेव हों। पर मैंने कभी देखे नहीं।




- शाहनवाज उर्फ बद्दो का पाकिस्तानी कनेक्शन अब हुआ साफ
- बद्दो ने मतांतरण कराने के लिए छह पाकिस्तानी गेमिंग आईडी खरीदी थीं।

## खुद को बताता रहा बेकसूर

हालांकि बद्दो अंत तक खुद को बेकुसूर बताता रहा। कहा कि उसने किसी का मतांतरण नहीं कराया। इस्लाम को बढ़ावा देने के लिए वीडियो जरूर भेजता था। छात्र नाबालिग और दूसरे धर्म के हैं, क्या इसकी जानकारी थी? इस सवाल को भी पहले नकारने की कोशिश की, बातचीत का साक्ष्य दिखाते ही वह चुप हो गया।

भाजपा का दावा, सरकार की बैठकों में शामिल हो रहे सुरजेवाला, आर अशोक बोले-

# वे सीधे 10 जनपथ से आए थे

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला को कुछ अधिकारियों के साथ उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की अध्यक्षता वाली बैठक में भाग लेने के बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला किया। भगवा पार्टी ने सुरजेवाला से सवाल किया कि उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों की एक बैठक में भाग क्यों लिया, जिसमें बेंगलुरु नागरिक निकाय, बृहत बेंगलुरु महानगर पालिके (बीबीएमपी) के अधिकारी शामिल थे। बैठक का आयोजन एक निजी होटल में किया गया था। कर्नाटक के भाजपा विधायक आर अशोक ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सुरजेवाला बैठक कर रहे हैं। वह बैठक चला रहे हैं। यह कैसे संभव हो सकता है? उन्होंने कहा कि उनके पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। वे कर्नाटक को बीबीएमपी बनाना चाहते हैं, एक एटीएम टू कांग्रेस। वे सीधे 10 जनपथ से एटीएम के लिए आए थे। इसलिए हमने राज्यपाल से शिकायत की।

# दान किया रक्त बचा सकता किसी का जीवन, धमनियों में दौड़ता खून, एक बूंद साकार होता जीवन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

विश्व रक्तदान दिवस

विश्व रक्तदान दिवस पर हमको जीवन प्रदान करने वाले रक्त के महत्व पर चर्चा आवश्यक है। दूसरों के जीवन को बचाने के लिए आपने कभी न कभी रक्तदान किया होगा और यदि नहीं किया है तो आगे आए और अपने जीवन के साथ दूसरों के लिए जीवन का अमृत रक्तदान कर कीमती जीवन बचाएं। इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल लखनऊ के रक्त बैंक की प्रभारी डॉक्टर रत्ना पांडे को याद न किया जाए तो बेमानी होगा। न जाने उन्होंने कितनों की मदद की होगी, पर एक वाकया सांझा करती हूं।एक बार एक अनाथ बच्ची के इलाज के दौरान जिसके शरीर में मात्र 3 यूनिट खून बचा था। उसकी छोटी बहन 8 साल की थी, अपनी बड़ी बहन का इलाज कराने के लिए अस्पताल में थी। पता चला है यदि कुछ घंटों के अंदर ही उसे खून न चढ़ाया गया तो जान बचना मुश्किल होगा। उन बच्चों के साथ खून देने वाला कोई नहीं था और न मेरे परिचित में कोई खून देने वाला था ।मुझे ब्लड शुगर की दिक्कत थी। मैं डॉक्टर रत्ना पांडे के पास पहुंची और मैंने स्थिति बताई। उन्होंने मनकर दिया कि बिना डोनर के खून नहीं मिलेगा। हमने बहुत प्रयास किया पर कोई भी इन बच्चों को खून देने को तैयार नहीं था। मैंने कहा कि आप मेरा खून ले लीजिए। उन्होंने पूछा अब इनकी कौन है मैंने कहा इस बच्ची को मैं पढ़ाती हूं और यह बच्चे अनाथ हैं इसलिए मेरी जिम्मेदारी है कि जहां तक हो सके उनकी रक्षा की जाए। डॉक्टर ने कहा आपका खून निर्धारित मापदंड से कम है,नहीं लिया जा सकता।

आपकी बच्चों के प्रति समर्पण की भावना देखकर मैं आपको इतना खून जरूर दूंगी जिससे उस बच्चे की जान बच सके। मेरी ब्लड की जांच हुई निश्चित रूप से निर्धारित मापदंड से कम निकला और डॉक्टर ने स्टोर से बच्चों के लिए तीन यूनिट खून दिया। भविष्य में किसी न किसी ब्लड डोनेशन कैंप में मैं यह खून वापस करूंगी ऐसा वादा करके हम वहां से आ गए। सोचिए यदि ब्लड बैंक में खून न होता तो क्योंकि बच्चों के पास कोई डोनर नहीं था शायद उस बच्चे की जान बचाना असंभव था। यह रखा हुआ खून आपका या आप जैसे किसी भले इंसान का ही रहा होगा। समाजसेविका रीना त्रिपाठी कहती है,खून हर बूंद में सेहत की वर्तमान स्थिति के साथ भविष्य के बारे में भी सूचनाओं का खजाना है। रक्त एक तरल संयोजी ऊतक है, जो परिसंचरण तंत्र में भ्रमण करता रहता है। इसका अन्तरकोशिकीय पदार्थ या मैट्रिक्स हल्के पीले रंग के द्रव के रूप में रहता है जिसे प्लाज्मा कहते हैं, इसमें ऊतक की कणिकाएँ तैरती रहती हैं। संरचनात्मक रूप से रुधिर प्लाज्मा और रक्त कणिकाओं का बना होता है। एक एमएल रक्त का औसत वजन 1.06 ग्राम होता है।मनुष्य के शरीर में बह रहा 5.7 लीटर खून बीमारियों की पहचान का सबसे अच्छा स्रोत है।खून के लाल होने की वजह उसमे मौजूद हीमोग्लोबिन नाम का प्रोटीन का मौजूद होना है।वयस्कों में, रक्त कोशिकाओं का निर्माण मुख्य रूप से अस्थि मज्जा में होता है। विभिन्न रक्त कोशिकाएं स्टेम सेल से रक्त कोशिकाओं या रक्त प्लेटलेट्स तक कई चरणों में विकसित होती हैं। सफेद रक्त कोशिकाएं जैसे लिम्फोसाइट्स न केवल अस्थि मज्जा में परिपक्व होती हैं, बल्कि लिम्फनोड्स में भी परिपक्व होती हैं।एक वयस्क इंसान के शरीर में 4 से 5 लीटर खून होना चाहिए। खून के आरबीसी में हीमोग्लोबिन मौजूद होता है।पुरुष के शरीर में जो आरबीसी होता है, उसमें 13.2-16.6 ग्राम प्रति डेसीलीटर हीमोग्लोबिन होना चाहिए। 2. महिला के शरीर में जो आरबीसी होता है, उसमें 11.6-15.0 ग्राम प्रति डेसीलीटर हीमोग्लोबिन होना चाहिए। जीवन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है ,रक्त के बिना शरीर हाड़-मांस का ढांचा है।रक्त कोशिकाएं ऑक्सीजन को शरीर के विभिन्न अंगों तक ले जाती है और वहां से कार्बन डाइऑक्साइड को फेफड़ों तक वापस लाते हैं ।यह हाइड्रोजन और नाइट्रोजन को ग्रहण या छोड़ भी सकती हैं। हाइड्रोजन को उठाकर या छोड़ कर वे रक्त के पीएच को स्थिर रखने में मदद करते हैं, जब वे नाइट्रोजन छोड़ते हैं तो रक्त वाहिकाएं फैल जाती हैं और रक्तचाप गिर जाता है। लाल रक्त कोशिकाएं लगभग 120 दिनों तक जीवित रहती हैं। जब वे बहुत पुराने या क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, तो वे अस्थि मज्जा, प्लीहा या यकृत में टूट जाते हैं। रक्त के शुद्धिकरण के लिए छानने के कामघ् का जिम्मेदार है वृक्क। वृक्क बीन के आकार के दो अंग होते हैं , जिनमें से प्रत्येक एक मुट्ठी के आकार का होता है। वृक्क रिब पिंजरे के ठीक नीचे स्थित होती है, आपकी रीढ़ के प्रत्येक तरफ एक ।स्वस्थ वयस्क में किसी भी समय औसतन 4.5-5.5 लीटर या 70-90 मिली प्रति किग्रा रक्त प्रवाहित होता है। अधिकांश वयस्क शारीरिक लक्षणों या उनके महत्वपूर्ण संकेतों में विचलन के बिना अपने रक्त की मात्रा का 14 फीसदी तक नुकसान सहन कर सकते हैं और इसके ज्यादा क्षति होने पर तुरंत रक्त बाहर से चढ़ाना पड़ता है। रत्ना केवल ऑक्सीजन के प्रवाह हेतु बल्कि भोजन से प्राप्त आवश्यक तत्वों, ग्लूकोज को यह कोशिकाओं तक पहुंचाता है। रक्त हार्मोन्स को शरीर के उपयुक्त स्थानों तक पहुंचाता है।

रक्त शरीर के तापक्रम को संतुलित बनाये रखता है।शरीर के सुचारू संचालन के लिए खून की आवश्यकता होती है। खून की कमी को पूरा करके जीवन की रक्षा रक्तदान के जरिए की जा सकती है। इस कारण लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक किया जाता है ताकि एक स्वस्थ व्यक्ति जरूरतमंद को रक्तदान कर सके और एक जीवन बचा सके।शरीर में कॉर्निया ही एकमात्र हिस्सा होता है जहां पर खून नहीं पाया जाता बाकी खून के बिना कोशिका जीवित नहीं रह सकती तो शरीर के अस्तित्व की तो बात ही क्या की जाए। समय-समय पर अपने, और अपनों का रक्त की जांच कराए, रक्त का दान करें समाज को और अपने देश में मनुष्यता की रक्षा करें। नशे से दूर रहें और कीमती जीवन की रक्षा करें।

## डीएम ने बोर्ड में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**लखनऊ।** जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार द्वारा राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट व जनपद स्तरीय मेरिट लिस्ट में टॉप करने वाले जनपद लखनऊ के मेधावियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में टॉप करने वाले 6 मेधावियों व जनपद स्तरीय मेरिट लिस्ट में टॉप करने वाले 15 मेधावियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समारोह में जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त मेधावियों, उनके अध्यापकों व अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा मेधावियों से संवाद करते हुए उनके अनुभवों को साझा किया गया। साथ ही राज्य स्तरीय मेरिट लिस्ट में शामिल होने वाले जनपद लखनऊ के 6 मेधावियों को प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेंद्र मोदी की पुस्तक एग्जाम वरियार दे कर सम्मानित किया गया।

## खबरें एक नजर में

### डाबर कूल किंग ने नोरा फतेही को बनाया अपना ब्राण्ड अम्बेसडर

लखनऊ। भारत की सबसे भरोसेमंद एवं प्रमुख आयुर्वेद पर्सनल केयर कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने नए लॉन्च किए गए कूलिंग ऑयल डाबर कूल किंग ठंडा तेल के लिए बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही को अपना ब्राण्ड अम्बेसडर बनाया है। नए आयुर्वेदिक प्रोडक्ट एवं बॉलीवुड स्टार के बीच यह साझेदारी उपभोक्ताओं का शानदार अनुभव प्रदान करेगी। 'नए कूलिंग हेयर ऑयल डाबर कूल किंग के लॉन्च के लिए एनर्जी और नैचुरल ब्यूटी से भरपूर नोरा फतेही के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। हेयर ऑयल में खासतौर पर डिजाइन की गई चिल ट्यूब है। इसमें पेपरमिंट और कूलिंग क्रिस्टल डाले गए हैं और कूलिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करते हैं। ऐसे में नोरा फतेही डाबर कूल किंग के लिए परफेक्ट ब्राण्ड अम्बेसडर हैं। वे बेहद स्टाइलिश और एनर्जी से भरपूर हैं और डाबर कूल किंग को हमारे उपभोक्ताओं के साथ जोड़ने और हमारे ब्राण्ड का फुटप्रिन्ट बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।' डाबर इंडिया लिमिटेड में वाईस-प्रेसीडेन्ट- मार्केटिंग, श्री अभिषेक जुगरान ने कहा। डाबर कूल किंग ठंडा तेल के साथ साझेदारी पर बात करते हुए मिस नोरा फतेही ने कहा, ''डाबर जैसे ब्राण्ड के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो कई पीढ़ियों से उपभोक्ताओं का भरोसेमंद ब्राण्ड रहा है। अनूठी कूलिंग टेक्नोलॉजी से बना इनोवेटिव डाबर कूल किंग ठंडा तेल सूदिंग एवं रिलेक्सिंग अनुभव देता है। मैं इस प्रोडक्ट को अपने प्रशंसकों के साथ शेयर करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।'



### शासन-प्रशासन हम लोगों से बात ना करके आंदोलन की तरफअग्रसर कर रहा

लखनऊ। आज महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश से मुलाकात कर उन्हें स्थानांतरण नीति 2023 में हो रहे गड़बड़ियों से अवगत कराया एवं पूर्व में हुए स्थान्तरण में किसी भी कर्मचारी व अधिकारी को स्थानांतरण भत्ता आज तक नहीं दिया गया एवं विभाग द्वारा पूरे वर्ष जिला चिकित्सालयों को उच्चीकृत कर मेडिकल कॉलेज बनाए जाने पर जो शासन की मंशा है 10 से 20 परसेंट स्थानांतरण कि वह स्वत: पूरी हो चुकी है आज की तारीख में भी कई कई जिला चिकित्सालय के अधिकारी एवं कर्मचारी स्वास्थ्य भवन में डेरा डाले हुए हैं उनको नियुक्ति का स्थान नहीं मिल पा रहा है, साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि स्वास्थ्य विभाग की तरफसे कोई स्थान्तरण नीति हर वर्ष की भांति अलग से जारी नहीं हुई है फिर भी पोर्टल पर स्वयं के अनुरोध पर स्थानांतरण की प्रक्रिया जारी कर दी गई है इन सब प्रकरणों से महानिदेशक को अवगत कराया गया लेकिन महानिदेशक महोदय का रूख सकारात्मक नहीं रहा जब इनसे हम लोगों ने कहा कि आपके द्वारा शासन स्तर पर पूर्व से रखी गई बैठक क्यों कैंसिल कराई गई उन्होंने साफसाफशब्दों में कहा कि हमारे संज्ञान में नहीं है जबकि शासन के अनुभाग 4 से महानिदेशक के निर्देश पर ही पत्र जारी किया गया है ऐसी परिस्थितियों में लगता है जो आंदोलन की घोषणा चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ द्वारा किया गया है वह 20 तारीख से अवश्य ही होगा और शासन-प्रशासन हम लोगों से बात ना करके आंदोलन की तरफअग्रसर कर रहा है।

### प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित उद्यम पंजीयन कैंप में 15 व्यापारियों ने पंजीयन कराया

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को उद्यम पंजीयन कैंप का आयोजन हुआ। इस अवसर पर व्यापारी गोष्ठी भी आयोजित हुई कैंप में जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक मनोज चौरसिया असिस्टेंट मैनेजर के के पांडे मौजूद रहे। इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। जिसमें जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक मनोज चौरसिया ने जिला उद्योग केंद्र की सहायता से सरकार द्वारा चलाई जा रही। विभिन्न योजनाओं की जानकारी व्यापारियों को दी। उन्होंने बताया एमएसएमई में पंजीयन धारक को 5 लाख का दुर्घटना बीमा योजना की सुविधा मिलेगी। एमएसएमई में पंजीकृत उद्यमियों को विभिन्न टेंडरों में ई एम डी, अनुभव एवं टर्न ओवर में छूट मिलेगी। बैंकों द्वारा विभिन्न योजनाओं में वरीयता एवं बिना कॉलेटरल सिक्योरिटी के लोन की सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा सरकार द्वारा प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। व्यापारियों को भी इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए तथा अपनी अगली पीढ़ी को उद्योग क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इस अवसर पर 15 व्यापारियों द्वारा उद्यम पंजीयन कराया गया। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,नगर उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, नगर महिला इकाई की अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, मोहम्मद शफीक, सनी, संजय अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### पेंशनरों ने सुनील बंसल से मिलकर के पेंशन का मुद्दा हल कराने की अपील

लखनऊ ।एनएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राऊत ने प्रतिनिधि मंडल सहित भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल से दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पर मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल में वीरेंद्र सिंह राजावत राष्ट्रीय महासचिव, राजीव भटनागर मुख्य समन्वयक मुख्यालय उ प्र, संजय पाटिल समन्वयक उत्तर महाराष्ट्र शामिल थे। सुनील बंसल को प्रतिनिधि मंडल द्वारा भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा व भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति के 15 सदस्यों के नाम से लिखा हुआ तर्क, तथ्य व प्रमाण सहित ज्ञापन सौंपा गया। इस विषय पर निवेदन करते समय कमांडर अशोक राऊत ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2014 के चुनाव दरम्यान भाजपा ने मिनिमम पेंशन डीए सहित करने का जो वायदा किया था आज 10 वर्ष हो गए हैं, उसे पूरा किया जाए व मिनिमम पेंशन को बढ़ाकर 7500 रूपये व महगाई भत्ता तुरंत मंजूर किया जाए ।

## पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारियों ने निकाली रथयात्रा, 21 जून को लखनऊ में प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**




पुरानी पेंशन बहाली को लेकर राज्य और केंद्रीय कर्मचारियों ने बुधवार को लखनऊ में रथयात्रा निकाली। केंद्र और राज्य कर्मचारियों ने लोकसभा चुनाव से पहले सरकार पर दबाव बनाने के लिए बड़े आंदोलन का फैसला किया है। बुधवार को रथयात्रा केंद्रीय भवन पुरनिया से शुरू हुई। उसके बाद विकास भवन, कृषि विपणन पिकप भवन, 1090 चौराहा होते हुए समाज कल्याण निदेशालय, कृषि भवन, दूरदर्शन, जवाहर इंदिरा भवन, एनईआर, इनकम टैक्स, उद्यान, पीएनजी, चॅक, सिंचाई, विकासदीप, कामरेड टीएन बाजपेयी प्रतिमा आलमबाग से होते हुए चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची। प्रदेश के सभी बड़े विभाग के कर्मचारी इस यात्रा में शामिल हुए। यूपी में केन्द्रीय कर्मचारी संगठन रेलवे के आरके पांडेय, परिषद से हरिकिशोर तिवारी, शिवबरन सिंह यादव ने बताया कि नई पेंशन योजना धोखा है। अब जो कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं उसमें किसी को चार तो किसी को पांच हजार रुपए का वेतन मिल रहा है। लखनऊ में 21 जून को कर्मचारी संगठन ईको गार्डन पर प्रदर्शन करेंगे। इसमें उनकी तरफ से शक्ति प्रदर्शन किया जाएगा। करीब पूरे प्रदेश से एक लाख से ज्यादा कर्मचारी आंदोलन में शामिल होंगे। कर्मचारी नेता हरिकिशोर तिवारी ने बताया कि नई पेंशन योजना वापस लेने एवं पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के बैनर तले राष्ट्र व्यापी आन्दोलन का निर्णय लिया जा चुका है। इसी वजह से परिणाम स्वरूप एक राष्ट व्यापी मंच का गठन कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए एक निर्णायक आन्दोलन की शुरुआत की जा रही है। पोस्टल आर्डर के शत्रुहन यादव ने पुरानी पेंशन के मामले में सरकार का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि कर्मचारी शिक्षक समाज को हर हाल में पुरानी पेंशन बहाली चाहिए।

## प्रदेश में हो रही है रिकार्ड विद्युत आपूर्ति, तीन लाख से ज्यादा बदले जा चुके ट्रांसफार्मर

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

प्रदेष में भयंकर गर्मी पड़ रही है। पारा 45-46 के आस पास पहुँच रहा है। ऐसी स्थिति में विद्युत की मांग में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है। विद्युत मांग पिछले सभी रिकार्ड तोड़कर 27 हजार से ज्यादा पहुँच रही है। 10 जून को पहली बार विद्युत मांग 26672 मे0वा0 के सापेक्ष आपूर्ति सुनिष्चित की गयी थी। फिर विगत 13 जून को 27611 मे0वा0 मांग के सापेक्ष विद्युत आपूर्ति सुनिष्चित करके पावर कारपोरेषन ने विद्युत आपूर्ति का नया रिकार्ड बनाया है। प्रदेष के इतिहास में इतनी आपूर्ति कभी नहीं की गयी है। मानसून का प्रभाव प्रदेष में आनें तक लगभग एक सप्ताह का समय है। ऐसी स्थिति में यह मांग 28000 मेगावाट से ज्यादा तक पहुंच सकती है। उ0प्र0 पावर कारपोरेषन मांग के अनुरूप उपलब्धता सुनिष्चित कर रहा है।उ0प्र0 पावर कारपोरेषन के अध्यक्ष एम0 देवराज अध्यक्ष नें कहा है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेषन लगातार अपने सिस्टम को अपग्रेड करनें की कोषिष कर रहा है। भारत सरकार की आर0डी0एस0एस0 योजना प्रारम्भ हो चुकी है। इस योजना का मुख्य उदेष्य प्रदेष के डिस्कामों को गुणवत्ता पूर्ण निर्बाध विद्युत आपूर्ति किया जाना एवं लाइन हानियां कम करना है। इसमें 35384 करोड़ रूपये से प्रदेष की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था के आधुनिकीकरण एवं बेहतरी के लिये खर्च किया जायेगा। योजना के अन्तर्गत 15734.57 किलोमीटर आर्मड केबिल द्वारा एल0टी0 लाइनों का निमार्ण किया जायेगा। 117911.76 किलोमीटर एल0टी0 लाइन में खुले तारों के स्थान पर ए0बी0 केबिल की प्रतिस्थापना की जायेगी। 33 केवी0 एवं 11 केवी0 लाइनों में 22906 तथा 18081 कि0मी0 कन्डक्टर की प्रतिस्थापना की जायेगी। 27178.76 कि0मी0 कन्ज्यूमर आर्मर्ड सर्विस केबिल लगायी जायेगी।कृषि कार्यों को बेहतर विद्युत आपूर्ति हेतु कृषि पोषकों के पृथकीकरण 22397.44 कि0मी0 तथा मौजूदा वितरण परिवर्तकों पर अतिरिक्त सर्किट के लिये 123628 कि0मी0 ए0बी0 केबिल डाली जायेगी। अतिभारित पोषकों का विभक्तिकरण किया जायेगा जिसमें 33 के0वी0 12596.82 कि0मी0 एवं 11 केवी0 4500.24 कि0मी0 का कार्य किया जायेगा। 31300 रैपेस्टिर बैंक लगाये जायेगे। विद्युत व्यवस्था सुधार हेतु इस योजना के कार्य प्रारम्भ भी हो गये हैं। अभी तक 1137 कि0मी0 ए0बी0 केबिल डाली जा चुकी है। 223.93 कि0मी0 एल0टी0 लाइनों को भूमिगत किया जा चुका है। उपभोक्ताओं के परिसर पर 80 कि0मीटर आर्मर्ड सर्विस केबिल लगाये जानें का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। छतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को निष्चित समयावधि में बदलनें का कार्य सुनिष्चित हो रहा है।

## लू से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी, रोज ओपीडी में पहुंच रहे 1500 से ज्यादा मरीज

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

यूपी के 75 शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। इसके चलते राजधानी में रोजाना 3 हजार से ज्यादा मरीज अस्पताल पहुंच रहे हैं। हीट स्ट्रोक के चलते अस्पताल में हालत बदहाल है। गंभीर हालत में मरीज को लेकर पहुंच रहे तीमारदारों को भी दवा और डॉक्टरों की सलाह लेनी पड़ रही हैं। वही, अस्पताल में मरीजों को दवा दी जा रही है। लेकिन दवा से लोगों को राहत मिलती नहीं दिखाई दे रही है।

लखनऊ के सभी सरकारी अस्पतालों में गर्मी की चपेट में आए लोगों की आमद कई गुना ज्यादा बढ़ी हैं। ज्यादातर मरीज डिहाइड्रेशन, डायरिया, लू लगने के कारण रैशेज और सिर में भारीपन व आंखों में जलन के हैं। हालांकि डॉक्टर मामूली दवा देकर लोगों को धूप में नहीं निकलने की बात कह रहे हैं। राज्य के सबसे बड़े जिला अस्पताल, बलरामपुर अस्पताल में रोजाना 1500 से ज्यादा मरीज फिजीशियन क्लिनिक पहुंच रहे हैं। अस्पताल के सीएमएस डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि इनमें से ज्यादातर मरीज हीट स्ट्रोक की चपेट में आने के बाद ओपीडी में आ रहे हैं। वही, जिन मरीजों के शरीर में पानी की कमी हो रही हैं, उन्हें भर्ती किया जा रहा हैं। बुजुर्गों और बच्चों को लेकर ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत हैं। पेट की समस्या के मरीज भी बढ़ रहे हैं।

ज्यादातर मरीजों को समस्या भीषण गर्मी होने के कारण ही हैं। बेहतर होगा कि धूप में कम ही निकले और अगर निकले भी तो ज्यादातर शरीर को कवर करके ही निकलें। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि गर्मी के कारण बड़ी संख्या में मरीज लू की चपेट में आ रहे हैं। रोजाना 500 से ज्यादा मरीज ओपीडी में उपचार के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं। गर्मी के कारण मरीज बेहाल हैं। कुछ ऐसे मरीज हैं जिनके घरों में मांगलिक आयोजन हैं। उन्हें डायरिया और डिहाइड्रेशन की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया हैं। हालांकि ज्यादातर मरीजों को ओपीडी के डॉक्टर को दिखाकर ही राहत मिल जाती हैं पर कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें भर्ती किया जा रहा हैं। लोगों को गर्मी को लेकर ज्यादा सतर्कता बरतने की सलाह दी जाती हैं।एलडीए कॉलोनी के लोकबंधु अस्पताल में भी कमोबेश ऐसे ही हालात हैं। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि ओपीडी में रोजाना 800 से 900 तक मरीज गर्मी से परेशान आ रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा मरीज डायरिया और डिहाइड्रेशन के हैं।

इसके अलावा बुखार और चक्कर आने के कारण भी मरीज अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। वही भर्ती करने लायक मरीजों को अलग से वार्ड में भर्ती कर ड्रिप भी चढ़ाई जा रही हैं। इसके अलावा मरीजों की सहूलियत के लिए फिजिशियन डॉक्टरों के टोकन काउंटर बढ़ाने के साथ उनके मरीज को देखने के समय में भी इजाफा किया गया हैं। अस्पताल में दवा काउंटर पर भी लंबी लाइन को देखते हुए एडिशनल मैन पॉवर लगाया गया हैं।

लखनऊ के गोमतीनगर स्थिति मेयो हॉस्पिटल के डॉ. वीरेंद्र कुमार ने बताया कि हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ी हैं। ऐसे मरीज कई बार बेहोशी जैसी हालत में अस्पताल में लाए जा रहे हैं। हालांकि गंभीर हालत में इन मरीजों का भर्ती कर उपचार किया जा रहा हैं पर भीषण गर्मी में लोगों को लापरवाही न बरतने की बात कही जा रही हैं।

## पांच दिनों तक तापलहरी से नहीं मिलेगी निजात

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

प्रचंड गर्मी की तपिश से झुलस रहे उत्तर प्रदेश में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर 17 जून से देखने को मिल सकता है हालांकि आने वाले चार पांच दिनो में तापलहरी से निजात मिलने के कोई आसार नहीं है। मौसम आंचलिक केन्द्र के निदेशक मोहम्मद दानिश ने बुधवार को बताया कि चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर यूपी के मैदानी इलाकों में 17 से दिखना शुरू हो जायेगा। इस दौरान तेज रफ्तार हवायें चलने और हल्की बूंदाबांदी के आसार है। 18 जून को दक्षिण पश्चिम क्षेत्रों में आंधी और तेज बारिश का अनुमान है। उन्होने बताया कि पिछले 24 घंटे में राज्य के अधिसंख्य इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया है। झांसी राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा जहां अधिकतम तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि प्रयागराज में दिन का तापमान 45.4 डिग्री,फतेहपुर में 44.2,हमीरपुर में 44.5 डिग्री,आगरा में 44.5 डिग्री,बांदा में 43.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। राजधानी लखनऊ में दिन का तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। दानिश ने बताया कि इस दौरान न्यूनतम तापमान में हल्की बढोत्तरी देखी गयी हालांकि नजीबाबाद में राज्य में सबसे कम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। लखनऊ में न्यूनतम तापमान 31.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होने बताया कि कानपुर,लखनऊ और झांसी समेत राज्य के अधिसंख्य इलाकों में न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ऊपर रिकार्ड किया गया है। पिछले 24 घंटे मे कानपुर देहात और संत रविदास नगर में छिटपुट बारिश हुयी।

## एलयू में केजीएमयू के सहयोग से गर्भवती महिलाओं के लिए योग सत्र का आयोजन



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू ने 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के सहयोग से गर्भवती महिलाओं के लिए एक योग सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य योग के माध्यम से गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य और आरोग्य को बढ़ावा देना था। गर्भसंस्कार (प्रेनेटल शिक्षा) विषय पर राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के निर्देशों और मार्गदर्शन से लखनऊ विश्वविद्यालय में एक डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन भी किया जा रहा है। यह सत्र लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय और केजीएमयू की स्त्रीरोग और प्रसूति विभाग की अध्यक्ष डॉ एस. जायसवार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान गर्भवती महिलाओं को विभिन्न आसन (योगाभ्यास) और प्राणायाम (श्वसन योगाभ्यास) सिखाए गए। लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर पूनम टंडन ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा का महत्व बताया गया। एक संतुलित आहार और समय पर महत्वपूर्ण पोषक आवश्यकताओं की पूर्ति के महत्व को बताया गया। यह सत्र का आयोजन गर्भवती माताओं के लिए खुशहाल और प्रसन्न वातावरण बनाने के उद्देश्य के लिए किया गया।क्योंकि यह माना जाता है कि सकारात्मक और भावनात्मक स्थिति माता और गर्भवती शिशु दोनों के समग्र स्वास्थ्य में सहायता करती है। योग अध्यापक प्रियंजली, अर्चना वर्मा, वंदना सिंह, और संजना द्वारा गाइड किए गए सत्र में गर्भवती महिलाओं को ध्यान आधारित योग अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित और केजीएमयू के सहयोग से गर्भवती महिलाओं के लिए योग सत्र का उद्देश्य गर्भवती माताओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।

ऐसे पहल का महत्व प्रेगनेंट मातृत्व को स्वस्थ रखने और माता और गर्भ में पल रहे बच्चे के बीच सकारात्मक संबंध को प्रोत्साहित करना है।

## कैंप में व्यापारियों ने कराया उद्यम पंजीयन

### अगली पीढ़ी को उद्योग क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित करें व्यापारी: संजय

**समृद्धि न्यूज। लखनऊ**

जिला उद्योग कार्यालय के उपनिदेशक मनोजचौरसिया ने व्यापारियों को उद्यम पंजीयन के लाभों की जानकारी दी । जिला उद्योग केंद्र में प्रदेश सरकार की चल रही योजनाओं की भी जानकारी दी।उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में बुधवार को उद्यम पंजीयन कैंप का आयोजन हुआ तथा इस अवसर पर व्यापारी गोष्ठी भी आयोजित हुई कैंप में जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक मनोज चौरसिया ,असिस्टेंट मैनेजर के के पांडे मौजूद रहे। इस अवसर पर एक गोष्ठी का भी आयोजन हुआ जिसमें जिला उद्योग केंद्र के उप निदेशक मनोज चौरसिया ने जिला उद्योग केंद्र की सहायता से सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी व्यापारियों को दी तथा उद्यम में पंजीयन कराने के फायदों की जानकारी दी उन्होंने बताया एमएसएमई में पंजीयन धारक को5लाख का दुर्घटना बीमा योजना की सुविधा मिलेगी, एमएसएमई में पंजीकृत उद्यमियों को विभिन्न टेंडरों में ई एम डी, अनुभव एवं टर्न ओवर में छूट मिलेगी तथा बैंकों द्वारा विभिन्न योजनाओं में वरीयता एवं बिना कॉलेटरल सिक्योरिटी के लोन की सुविधा मिलेगी इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा सरकार द्वारा प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है व्यापारियों को भी इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए तथा अपनी अगली पीढ़ी को उद्योग क्षेत्र में आने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए तथा स्वयं भी उद्योग लगाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए इस अवसर पर 15 व्यापारियों द्वारा उद्यम पंजीयन कराया गया ।इस अवसर पर संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,नगर उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास्तव, नगर महिला इकाई की अध्यक्ष अनिला अग्रवाल, मोहम्मद शफीक, सनी, संजय अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

### 15 से 21 जून तक होने वाले योग सप्ताह का शुभारम्भ आज

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का योग सप्ताह 15 से 21 जून का शुभारम्भ 15 जून, 2023 को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ के मर्करी सभागार में पूर्वान्ह 10 बजे होगा। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा0 दयाशंकर मिश्र दयालु तथा वन एवं पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार शामिल होंगे।

# प्रदेश में 100 डिस्टलरी स्थापित करेगी सरकार

- फ्रूट वाइनरी खोलेगी किसान समृद्धि का रास्ताः नितिन
- ओवररेटिंग बर्दाश्त नहीं, मऊ के आबकारी अधिकारी को किया सस्पेंड

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में प्रदेश में हर वर्ग का कल्याण हुआ है। प्रदेश हर क्षेत्र में निखर रहा है। सरकार ने फल उत्पादन में लगे किसानों की आर्थिक उन्नति के रास्ते खोलने का काम किया है। श्री अग्रवाल ने फरूट वाइनरी की स्थापना को किसान समृद्धि का बड़ा कदम बताते हुए कहा कि जल्द ही मुजफ्फरनगर और बरेली में फरूट वाइनरियों में उत्पादन प्रारम्भ हो जायेगा। यूपी में 100 डिस्टलरी स्थापित करने के लिए सरकार काम कर रही है। इससे राजस्व बढ़ेगा और रोजगार के संसाधन विकसित होंगे।दिल्ली देहरादून हाईवे पर बेगराजपुर में मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज पहुंचे प्रदेश सरकार के आबकारी मंत्री ने मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी मेडिसिन विभाग के ब्लॉक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राघव स्वरूप व संजय गुप्ता ने उनका स्वागत किया। कॉलेज की छात्राओं नेसांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत गान के साथ नितिन अग्रवाल का अभिनंदन किया। मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की नई बिल्डिंग के डी ब्लॉक में इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आज मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में एक नये ब्लॉक का उद्घाटन हुआ है। इसका लाभ लोगों को मिलेगा। इरमजेंसी में इसका उपयोग होगा। मुझे खुशी है कि सरकार की जो मंशा कि उत्तर प्रदेश में लोगों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाएं विकसित हों, व्यवस्था बेहतर हो। उसमें सरकार के इस सपने और संकल्प को साकार करने के लिए सरकारी क्षेत्र तो अपना योगदान दे ही रहा है, इसके साथ ही प्राइवेट सेक्टर भी अपनी भूमिका निभा रहा है। कोविड महामारी के दौरान प्राइवेट सेक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के लिए सुविधा विकसित करने के लिए बड़ा योगदान दिया है। लोगों की जान को बचाने के लिए प्राइवेट सेक्टर ने सरकार के साथ मिलकर बड़ा योगदान दिया था। इसी कड़ी में आज यहां पर इमरजेंसी के एक नए ब्लॉक का उद्घाटन किया गया है। इमरजेंसी में मेडिसिन में नया वार्ड खोला गया है, कार्डियोलॉजी विभाग में सुविधा बढ़ाई गई है। एमसीआई ने यह सुविधा स्वीकृत की है, नए ब्लॉक में तकनीक का भी प्रयोग किया गया है। कुछ विभागों को अपग्रेड किया गया है।ओवर रेटिंग के सवाल पर कहा, जिला आबकारी अधिकारी मऊ को सस्पेंड किया है। सीएम योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टोलरेंस की नीति के साथ काम कर रहे हैं। मैंने पहले ही दिन स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मैंने पहली बैठक में अधिकारियों को निर्देश दे दिये थे कि यदि कहीं पर भी किसी भी मामले में भ्रष्टाचार की शिकायत मिली या इसमें अधिकारी कर्मचारियों की संलिप्तता पाई गई तो कोई समझौता नहीं होगा। जहां एंट्री प्वाइंट हैं,वहां अधिकारियों को सघन निगरानी के निर्देश दिये हैं ताकि अन्य प्रदेशों से तस्करी के मामलों को रोका जा सके। हरियाणा से तस्करी के प्रकरणों में काफी कमी आई है। ओवररेटिंग को रोकने के लिए पारदर्शी व्यवस्था की है और लगातार कार्यवाही हो रही है। आबकारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही 100 से अधिक डिस्टिलरी स्थापित करने का हमारा लक्ष्य है, जो जल्द पूरा हो जाएगा। वर्तमान में 85 डिस्टलरी प्रदेश में चल रही हैं और अगले छह माह में इनकी संख्या 100 करने जा रहे हैं। इससे राजस्व भी बढ़ेगा और रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोकल फरूट से वाइन बनाने की जो नीति लाये हैं, उसमें सबसे बड़ा फोकस किसानों के हितों पर किया गया है। मुझे खुशी है कि हम इसके लिए इन्वेस्टर लाने में सफल रहे हैं। इसके लिए मुजफ्फरनगर और बरेली बड़े हब बनने जा रहे हैं। मुजफ्फरनगर में प्लांट दो माह में शुरू हो जायेगा। किसानों को अपने उत्पादन के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और सही मूल्य समय पर नहीं मिलने की समस्या के कारण फल खराब नहीं होगे।

# 'मोदी सरकार' के हथकण्डे अलोकतांत्रिकः प्रमोद

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



- तिवारी ने कहा है कि यह कड़वी सच्चाई एक साल से अधिक चले किसान आंदोलन को दबाने की मोदी सरकार की पैतरेबाजी को बेनकाब करती है। उन्होंने कहा है कि डोर्सी समेत कई अन्य पर किसान आंदोलन के दौरान दबाव बनाया गया था।

प्रमोद तिवारी, सांसद, उपनेता, राज्य सभा एवं सदस्य स्टीयरिंग कमेटी ने किसान आंदोलन के दौरान ट्विटर पर आंदोलन से जुडी सच्चाई को दबाने के लिये ''मोदी सरकार'' के हथकण्डे को प्रजातंत्र की गला घोंटने वाली अलोकतांत्रिक कार्रवाई बताया है। तिवारी ने कहा है कि ट्विटर के सह संस्थापक रहे जैक डोर्सी ने अपने साक्षात्कार में भारत समेत दुनिया के दो-तीन अन्य राष्ट्रों द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी पर लगातार कुठाराघात के कड़वे सच का बयान किया है। श्री तिवारी ने कहा है कि यह कड़वी सच्चाई एक साल से अधिक चले किसान आंदोलन को दबाने की मोदी सरकार की पैतरेबाजी को बेनकाब करती है। उन्होंने कहा है कि डोर्सी समेत कई अन्य पर किसान आंदोलन के दौरान दबाव बनाया गया था, और पत्रकारों, वरिष्ठ राजनेताओं एवं समीक्षकों तथा आन्दोलन कारियों के विचारों को प्रतिबन्धित करने के लिए उगली गयी यह सच्चाई आजाद भारत में भाजपा सरकार द्वारा अभिव्यक्ति की आजादी पर कुठाराघात को परिलक्षित करती है। डोर्सी के कथन से यह सच्चाई साबित होती है कि उस समय गुड़गाँव में ट्वीटर के कार्यालय में दिल्ली पुलिस ने जिस तरह घुसकर आतंक पैदा किया था, आतंक पैदा करने की वह साजिष आरोप को और भी अधिक मजबूत करती है। श्री तिवारी ने कहा है कि भाजपा सरकार ने सिर्फ एक पूंजीपति का हित साधने की जिद में लम्बे समय तक चले किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ से अधिक अन्नदाताओं की शहादत की भी परवाह नही की, और वह आज तक किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारण्टी का कानून देने से कतरा रही है। श्री तिवारी ने मोदी सरकार पर यह भी तंज कसा कि वह विपक्षी एकता की धुरी मजबूत होती देख अब विपक्ष के नेताओं को फर्जी मुकदमों में फंसाने का कुचक्र चला रही है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की मजबूत हो रही एकता को देखते हुये तमिलनाडु में एक मन्त्री के घर ई.डी के छापे तथा कांग्रेस के ही एक सांसद और एक प्रदेश के अध्यक्ष के खिलाफदर्ज कराए गए फर्जी मुकदमें को भी तानाशाही का नंगा नाच बताया है। श्री तिवारी ने कहा कि मणिपुर में लगातार जारी हिंसा के बीच वहां शान्ति समिति से दो महत्वपूर्ण घटकों के अलग होने को गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मणिपुर मे अशांति के लिये उनकी असफलता को सीधे जिम्मेदार बताया है। उन्होंने कड़े अंदाज में कहा कि मणिपुर में शांति बहाली के ढकोसले का प्रचार प्रसार कराने के बाद अब गृहमंत्री अमित शाह की नजर मणिपुर के हालात से हट गयी है। श्री तिवारी ने मोदी सरकार के कार्यकाल में दो सौ पचीस दिन में दो सौ पचपन घोटालों पर भी कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि व्यापम के साथ दवाओं तथा जनता से जुडे सभी महत्वपूर्ण संस्थान घोटालों के शिकार हुए हैं।

## खबरें एक नजर में

### श्री माधव मन्दिर में जगन्नाथ,सुभद्रा,बलदेव भगवान का हुआ जलाभिषेक'

लखनऊ । डालीगंज स्थित श्री माधव मंदिर वार्षिक को उत्सव एवं सी जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव कार्यक्रम के तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतिम दिन भगवान जगन्नाथ में सुभद्रा भाई बलदेव जी का पवित्र नदियों के जल से जलाभिषेक के साथ 108 कालशो अभिषेक करके श्रृंगार किया गया। आचार्य लालता प्रसाद शास्त्री, आचार्य श्रीप्रसाद, पंडित कुलवंत, पंडित पुनीत तिवारी, पंडित योगेश तिवारी ने श्री विग्रहों को पूजन कार्य संपन्न कराया आचार्य द्वारा हवन कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य यजमान बिहारी लाल साहू, कंचन साहू, भारत भूषण गुप्ता, अनुराग साहू, कविता,रोहन, ने सामूहिक होकर किया।

### नवीन परियोजनाओं को प्रोत्साहन के लिए दिये जायेंगे 50 हजार रुपयेः जयवीर

लखनऊ। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए अभिनव प्रयास अथवा नवाचार करने वाली परियोजनाओं के लिए पात्र पर्यटन इकाइयों को पर्यटन नीति-2022 के तहत प्रोत्साहन स्वरूप एकमुश्त अधिकतम 50 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जायेगी। प्रोत्साहन परियोजना के सफलतापूर्वक चालू होने के बाद दी जायेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा नवोन्नमेषी परियोजनाओं को उचित मान्यता एवं प्रचार-प्रसार के लिए यह धनराशि देने की व्यवस्था की गई है। नवाचार घोषित करने से संबंधी निर्णय शासन स्तर पर गठित समिति द्वारा लिया जायेगा।पर्यटन मंत्री ने बताया कि विभाग में पंजीकृत सभी पर्यटन सेवा प्रदाताओं को विपणन और संवर्धन, प्रोत्साहन मार्केटिंग एण्ड ब्राण्डिंग को प्रोत्साहित भी किया जायेगा। यह प्रोत्साहन नीति की अवधि के दौरान प्रत्येक वित्तीय वर्ष में एक बार मात्र 20 टूर व ट्रेवल ऑपरेटर्स को दिया जायेगा। प्रत्येक वित्तीय वर्ष के टूर व ट्रेवल मास्टर्स की शुरूआत में विभाग अनुदान हेतु अनुमन्य घरेलू व अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों के नाम और संख्या की सूचना जारी करेगा।



### राजभवन के गांधी सभागार में "यूपी संगीत नाटक अकादमी सम्मान" समारोह हुआ सम्पन्न

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में राजभवन के गांधी सभागार में ''यूपी संगीत नाटक अकादमी सम्मान'' समारोह भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सम्पन्न हुआ। राज्यपाल ने चयनित 18 कलाकारों को समारोह में उनके संगीत-नाट्य और नृत्य कलाओं के अंतर्गत विविधतापूर्ण अविस्मरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री उत्तर प्रदेश जयवीर सिंह, संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री मध्य प्रदेश ऊषा ठाकुर की उपस्थिति में प्रमुख सचिव संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश मुकेश मेश्राम तथा प्रमुख सचिव संस्कृति एवं पर्यटन विभाग मध्य प्रदेश शेखर शुक्ला ने दोनों राज्यों की सांस्कृतिक साझेदारी के लिए परस्पर एमओयू हस्ताक्षरित किए। समारोह में दोनों राज्यों के कलाकारों, मनोहारी लोकनृत्यों की प्रस्तुति ने भारत की विविधतापूर्ण संस्कृति के रंग प्रस्तुत किए। संस्कृति और कला के विस्तार पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के साथ राज्य के भीतर और समीपवर्ती राज्यों तक यथासम्भव अपने बच्चों के साथ पर्यटन करना चाहिए। जिससे बच्चे देश की सांस्कृतिक विविधता और कलात्मकता को आत्मसात कर सकें। उन्होंने देश के राज्यों में विश्वविद्यालयों द्वारा भी परस्पर खेलकूद, नाट्य सांस्कृतिक गतिविधियों, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर विद्यार्थियों का समागम कराने की चर्चा भी की। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, राजभवन के अधिकारी एवं कर्मचारी, संगीत नाटक अकादमी के कलाकार, अधिकारीगण, मध्य प्रदेश से आए संस्कृति विभाग के कर्मचारी तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कामरेड शर्मिष्ठा को किया गया याद

लखनऊ। भाकपा माले रेड स्टार की पोलित ब्यूरो सदस्य व एआईआरडब्लूओ की महासचिव अदम्य क्रांतिकारी कॉमरेड शर्मिष्ठा का द्वितीय स्मरण दिवस लखनऊ में मनाया गया। स्मरण दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य कॉमरेड कैलाश ने की।कार्यक्रम में पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड तुहिन,राज्य समन्वयक कॉम कन्हैया,राज्य कमिटी सदस्य का. अंजू, कॉमरेड रामफिर,प्रख्यात बहुजन चिंतक कॉम रामदास व कॉ. केपी गुजर, सामाजिक कार्यकर्ता कॉ.सहाबदिन, मुकेश रावत और जमुना देवी उपस्थित थे।

### डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

लखनऊ। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो खिलाड़ी डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने उत्तर प्रदेश ताइक्कांडो के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा इंडिया ताइक्कांडो के अध्यक्ष नामदेव शिरगांवकर को भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि यह अब सर्वविदित है कि भारत सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने देश में ताइक्कांडो खेल के विधायी निकाय के रुप में ताइक्कांडो फेडरेशन आफइंडिया (टीएफआई) को मान्यता दे दी है। डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने पत्र में लिखा कि वर्तमान में मै लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव ओर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष पद पर कार्यरत हू।

# एलडीए की बड़ी कार्रवाई, चार मंजिला गेस्ट हाउस व मैरिज लॉन ढहाया

## तीन जेसीबी व 22 श्रमिकों की मदद से ढ़हाया गया अवैध निर्माण

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देशानुसार शहर में अवैध निर्माण,प्लाटिंग के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को एलडीए ने कृष्णानगर थानाक्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की। इसके अंतर्गत प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने कानपुर रोड पर अवैध रूप से बनाये गये चार मंजिला गेस्ट हाउस व मैरिज लॉन को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अमित अरोड़ा पुत्र विजय अरोड़ा द्वारा कृष्णानगर में कानपुर रोड पर ग्राम-बरिगवां में लगभग 15000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से चार मंजिला भवन का निर्माण कराकर फीनिक्स मैरिज लॉन एंड बैन्क्वेट हॉल का संचालन किया जा रहा था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद संख्या-357/2018 योजित किया गया था। उक्त प्रकरण में विपक्षी द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र प्रस्तुत न करने पर विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। इसके अनुपालन में आज सहायक अभियंता वाई0पी0 सिंह, आलोक सिंह एवं अजय गोयल के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व नागेन्द्र मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करायी गयी। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस दौरान तीन जेसीबी व 22 श्रमिकों की मदद से अवैध निर्माण को पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि ध्वस्तीकरण की यह कार्रवाई प्राधिकरण के अनुभवी अभियंताओं की देखरेख में करायी गयी। इसमें सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी इंतजाम किये गये थे, जिसके चलते पूरा अभियान सफलतापूर्वक निष्पादित कराया जा सका।

# 15 से 21 जून तक मिलकर मनाया जायेगा योग सप्ताह

## नौवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम हर घर-आंगन योग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा0 दयाशंकर मिश्र, दयालु ने बताया है कि योग, वह अमूल्य उपहार है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है।

हमारे ऋषि मुनियों के इस प्रसाद से यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया को परिचित कराया है। उन्होने बताया कि इस वर्ष 09वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ष्हर घर-आंगन योगष् रखी गई है, जिससे योग के माध्यम से प्रत्येक परिवार को कल्याण एवं स्वास्थ्य प्राप्त हो सके।

डा0 दयालु ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों को योग का लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से इस वर्ष 15 जून से 21 जून तक श्योग सप्ताहश् के रूप में मनाया जायेगा। योग सप्ताह की अवधि में जिला मुख्यालयों पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि सार्वजनिक पार्कों में प्रतिदिन प्रात:काल 06 बजे से 08 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास होगा। विश्वविद्यालय महाविद्यालय स्कूल कॉलेज में योग से संबंधित सेमिनार कार्यशाला आयोजित की जायेंगी, जिसमें आधुनिक जीवन शैली में योग की भूमिका, मानसिक विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका, योग, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन, भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी।आयुष मंत्री ने बताया कि योग सप्ताह में स्वयंसेवी संस्थाओं, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों, धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं, योग संस्थानों, एनसीसी कैडेट, स्काउड एंड गाइड और एनएसएस स्वयंसेवकों को योग दिवस से जोड़ा जायेगा। उन्होने बताया कि अधिकाधिक जन को अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के महत्वपूर्ण आयोजन से जोड़ने के लिए जन जागरूकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है। 21 जून के मुख्य समारोह को सभी 58 हजार ग्राम पंचायतों और 762 नगरीय निकायों में आयोजित किया जायेगा। उन्होने बताया कि सभी 14 हजार वार्डों में योगाभ्यास के लिए पार्षदों के माध्यम से स्थान चिन्हित कराये जा रहे है।

**बदइंतजामी पर डिप्टी सीएम खफा, सुपरिंटेंडेंट को किया सस्पेंड**

# अस्पतालों में लापरवाही बर्दाश्त नहीः ब्रजेश

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

प्रदेश में लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। एक मामले में डिप्टी सीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक को हटा दिया है और जांच के आदेश दिए हैं। रायबरेली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला को समुचित इलाज न मिलने का आरोप लगा था,जिसके बाद घटना को डिप्टी सीएम ने गंभीरता से लिया। बताया गया कि रायबरेली के महाराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिला को इमरजेंसी में इलाज नहीं मिला। आरोप है कि गर्भवती महिला स्ट्रेचर पर तड़प रही थी। इसके बावजूद डॉक्टर ने समुचित इलाज उपलब्ध नहीं कराया।घटना संज्ञान में आने के बाद डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए।रायबरेली सीएमओ को मामले की जांच के आदेश दिए। जांच में आरोप सही मिले, इसके बाद डिप्टी सीएम ने चिकित्सा अधीक्षक को हटाने के निर्देश दिए और मामले की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट दो दिन के अंदर प्रेषित किए जाने का आदेश भी दिया। अगर कोई चिकित्सक या स्वास्थ्यकर्मी दोषी पाया जाएगा तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही की जाएगी। डिप्टी सीएम ने कहा कि श्महाराजगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की पहले भी शिकायत मिल चुकी है। चेतावनी के बाद भी कार्यशैली में सुधार नहीं आया उन्होंने कहा कि लापरवाह अफसर व कर्मचारियों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। वही दूसरी ओर गोंडा जिला अस्पताल की इमरजेंसी में फर्श पर बैठे मरीज का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें मरीज के पैर से खून का रिसाव हो रहा है।डिप्टी सीएम ने अस्पताल के सीएमएस से तत्काल मरीज को समुचित इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं। इमरजेंसी में इलाज मुहैया कराने में देरी के कारणों की जांच के आदेश दिये है।

# हारी सीटों पर भाजपा का फोकस शाह और नड्डा खुद संभालेंगे कमान

**29 के आ रहे बिजनौर,करेंगे मीटिंग**

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

यूपी की 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा की निगाहें 2019 में हारी हुई सीटों पर जमीं हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा खुद आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में चाहे लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा,बीजेपी के चाणक्य कहलाने वाले अमित शाह की आमद जरूरी हो जाती है। कारण साफ,अब तक उनकी चुनाउवी रणनीति कारगर साबित होती आई है। दिल्ली का सत्ता बिन यूपी की मदद मिलती नहीं। बीजेपी यूपी की सहारे केंद्र में लगातार काबिज चली आ रही है। उत्तर प्रदेश ने चाहा तो मोदी हैट्रिक लगाने में कामयाब हो सकते हैं। लक्ष्य 2024 को ध्यान में रखकर ही शाह और नड्डा यूपी में लगाए गए हैं। शाह आगामी 29 जून को बिजनौर से पश्चिमी यूपी की आधा दर्जन हारी हुई सीटों को साधेंगे। मुरादाबाद मंडल की इन सीटों में बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा और नगीना सुरक्षित सीट शामिल है। यूं तो भाजपा गठबंधन ने 2019 में यूपी की 80 में 64 सीटें जीती थीं। उपचुनावों में रामपुर और आजमगढ़ की जीत के साथ यह संख्या 66 हो गई।



भाजपा के लिए सिरदर्द पश्चिमी यूपी के मुरादाबाद मंडल की आधा दर्जन सीटें हैं। रामपुर भले ही पार्टी ने उपचुनाव में जीत ली लेकिन भाजपा के आंतरिक सर्वे में अभी भी रेड जोन में ही है। मुस्लिमों, दलितों और यादवों के अलावा जाटों को साधे रखना भी पार्टी के लिए चुनौती है। मुरादाबाद में अकेले मुस्लिम आबादी ही करीब 45 फीसदी है। भाजपा सिर्फ एक विधानसभा सीट ही जीत सकी थी। बिजनौर और अमरोहा लोकसभा सीटें जाट राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण हैं।बिजनौर लोकसभा की पांच में से तीन और अमरोहा की पांच में से दो विधानसभा सीटों पर रालोद और सपा गठबंधन का कब्जा है।नगीना से लड़ सकते हैं चंद्रशेखर ।मुरादाबाद मंडल की नगीना सुरक्षित सीट मुस्लिम बाहुल्य है। 2014 में भाजपा ने जीती थी, 2019 में सपा-बसपा गठबंधन में नीले खेमे ने इसे भाजपा से छीन लिया था। इस बार चंद्रशेखर नगीना सहित आसपास के इलाके में उभरे हैं। नगीना सुरक्षित सीट से वे खुद मैदान में उतर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पर बीजेपी का विशेष ध्यान है। केंद्रीय नेतृत्व से लेकर प्रदेशीय संगठन अभी से दिन रात एक किये हैं। महाजनसंपर्क अभियान इसी कड़ी का हिस्सा है।

# आप का गांव चलो अभियान कल से शुरू, संजय सिंह करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश पंचायत प्रकोष्ठ गुरुवार से सैकड़ों कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों के साथ गांव चलो अभियान् शुरू करने जा रहा है। जिसकी शुरुआत जालौन जिले के उरई विधानसभा के मिनौरा गांव से होगी जिसका शुभारंभ यूपी प्रभारी राज्यसभा सांसद संजय सिंह करेंगे। आगे इस अभियान का नेतृत्व पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय पटेल करेंगे। आम आदमी पार्टी पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विनय पटेल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 15 जून से 25 अक्टूबर तक 132 दिनों तक यह अभियान यूपी के 360 ग्रामीण विधानसभा से होकर गुजरेगा। उसके बाद लगभग 700 ब्लॉक के गांव में गांव चलो अभियान का कार्यक्रम पंचायत प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। गांव चलो अभियान का समापन लखनऊ में 75 जिला अध्यक्ष 103 प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य 360 विधानसभा अध्यक्ष और लगभग 700 ब्लॉक अध्यक्षों के द्वारा 1245 पदाधिकारियों को समापन में पदाधिकारी सम्मान समारोह का कार्यक्रम किया जाएगा।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने किया रक्तदान

- विश्व रक्तदान दिवस पर भावी चिकित्सकों ने भी दिखवाया उत्साह
- हॉस्पिटल स्टाफने भी बढ़-चढ़कर किया रक्तदान



विश्व रक्तदान दिवस पर ब्लड बैंक टीम के साथ प्राचार्य डॉ0 सुनील गुप्ता के साथ अन्य चिकित्सक व छात्र-छात्राएं तथा रक्तदान करता बैच 2018 का छात्र आयुष दुबे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मौका** दीजिये अपने खून को, किसी की रगों में बहने का, ये लाजवाब तरीका है, कई जिस्मों में जिंदा रहने का। इन्हीं पंक्तियों को सार्थक करते हुए 14 जून बुधवार को विश्व रक्तदान दिवस पर मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में चिकित्सकों एवं भावी चिकित्सकों के अलावा हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मिसाल पेश की। इस अवसर पर महाविद्यालय में आयोंजित एक कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। आपके द्वारा किये गए रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है। हॉस्पिटल परिसर में प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता एवं उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा के संयोजन में करीब दो दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। चिकित्सालय परिसर में ब्लड बैंक की टीम ने आकर प्रोफेसर डॉ0 निरंजन एस0ए डा0 सुष्मिता विश्वास, डॉ0 गुल मोहम्मद के अलावा पीजी स्कॉलर डॉ0 निधि सिंह, डॉ0 दीपाली, डॉ0 रघु सिंह, डॉ0 विनय कुमार, भावी चिकित्सक बैच 2018 के छात्र आयुष दुबे, पार्थ उपाध्याय, प्रशांत सिंह, मोहम्मद जाहिद, सूरज कुमार, रिया राज, आकांक्षा यादव, भाष्कर वर्मा, प्रवेन्द्र सिंह से दान में रक्त एकत्र किया। रक्तदान के पश्चात महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए रक्तदान से होने वाले लाभों के विषय में उपयोगी जानकारी दी तथा अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बैच 2018 की छात्रा सुभद्रा मिश्रा ने अपने ओजस्वी वक्तव्य में रक्तदान के महत्व को समझाया और बताया कि रक्तदान करने से रक्तदाता को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि रक्तदान करने से किसी की जान बचाई जा सकती है। इस कार्यक्रम प्रो0 डॉ0 वीरेन्द्र सिंह यादव, प्रो0 डॉ0 विजय मोहन गुप्ता, प्रो0 डॉ0 निरंजन एस, उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 डीके मिश्रा, डा0 रविशंकर मौर्य, डॉ0 इतिश्री दास, डॉ0 विकास बाबू, डा0 पंकज शुक्ला आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम में की मुख्य अतिथि स्टेट आयुर्वेदिक कालेज लखनऊ की रीडर डा0 अर्पणा जायसवाल थीं। मुख्य अतिथि डॉ0 जायसवाल ने रक्तदान के प्रति भावी चिकित्सकों के उत्साह की प्रशंसा करते उन्हें शाबासी दी तथा औरों को भी रक्तदान के प्रति प्रेरित करने का मशविरा दिया।

# नशा, नफरत और नकारेपन के अंधकार में धकेले जा रहे युवा

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

किसान आंदोलन के बाद देश में अब एक युवा आंदोलन की तैयारी चरम पर है। महँगाई और भीषण बेरोजगारी के कारण उपजा असंतोष अब आकार लेने लगा है। इस चुनौतीपूर्ण और बड़े कार्य के पीछे राष्ट्रीय युवा नेता अनुपम और उनकी टीम है। हाल ही में उनकी पहल पर 113 संगठनों और समूहों ने साथ आकर श्संयुक्त युवा मोर्चा का गठन किया है। एक व्यापक आंदोलन की जमीन तैयार करने के उद्देश्य से देश भर में बैठकों का दौर जारी है। बीते 3 अप्रैल को देश के 22 राज्यों से आए समूह और संगठनों ने रोजगार के मसले पर दिल्ली में जुटकर संयुक्त युवा मोर्चा का गठन किया था। बैठक में युवा नेताओं, विभिन्न राज्यों के भर्ती समूह और रोजगार के मसले पर कार्य कर रहे संगठनों ने हिस्सा लिया। कई राज्यों के भर्ती समूह जैसे बिहार शिक्षक अभ्यर्थी, मध्यप्रदेश शिक्षक अभ्यर्थी, उत्तरप्रदेश पुलिस अभ्यर्थी, उत्तराखंड बेरोजगार संघ, कार्यपालक सहायक, सेना अभ्यर्थी, राजस्थान लाइब्रेरियन अभ्यर्थी, रेलवे अभ्यर्थी, आशा वर्कर्स, कंप्यूटर शिक्षक अभ्यर्थी, महिला कामगार संघ, बिहार उर्दू अनुवादक, लेखपाल, खुदाई खिदमतगार सहित तमिलनाडु, केरल, जम्मू कश्मीर पंजाब सहित 22 राज्यों के युवा समूहों ने एक साथ आकर बड़े आंदोलन की जमीन तैयार करने के लिए एकजुट होने की घोषणा की थी। राष्ट्रीय स्तर पर संघर्षरत युवा नेता अनुपम ने कहा कि युवाओं का आक्रोश आज इस स्तर पर पहुंच चुका है कि अब आंदोलन को कोई नहीं रोक सकता।

## मेधावियों को सम्मानित कर बढ़ाया उत्साह, 23 मेधावी हुए सम्मानित

# छात्रों के भविष्य पर टिका है देश का भविष्य : सांसद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

हाईस्कूल-इण्टरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2023 के राज्य स्तरीय एवं जनपद स्तरीय मेधावी छात्रों को टैबलेट तथा पुरस्कार की धनराशि से सम्मानित करने हेतु जिला पंचायत सभागार,गोण्डा में बुधवार को सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 04 राज्य स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओ को धनराशि एक लाख मात्र,एक टैबलेट,एक प्रशस्त्रि पत्र व मेडल, तथा 19 जनपद स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं को धनराशि इक्कीस हजार रूपये, टेबलेट, प्रशस्त्रि पत्र प्रदान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे हाईस्कूल परीक्षा 2023 उत्तीर्ण 10 मेधावी विद्यार्थी, तथा इण्टरमीडियट परीक्षा 2023 उत्तीर्ण 13 मेधावी विद्यार्थियो (राज्य स्तर हाईस्कूल-3,इण्टर-1,जनपद स्तर हाईस्कूल-7 इण्टर-12 मेधावी विद्यार्थी) को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कीर्ति वर्धन सिंह, सांसद गोण्डा, विशिष्ठ अतिथि धनश्याम मिश्रा ,अध्यक्ष जिला पंचायत गोण्डा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की गई।



### इन मेधावियों का हुआ सम्मान

मेधावी सम्मान समारोह में हाईस्कूल की तृप्ति मिश्रा, प्रतिमा द्विवेदी, रचित शुक्ल तथा इंटरमीडिएट की अवंतिका सिंह को एक - एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि के साथ टैबलेट प्रमाण पत्र व मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही मेधावी संदीप कुमार गोस्वामी, आरजू यादव, लक्ष्य सोनी, ऋषि यादव, सत्येंद्र जायसवाल, काजल गुप्ता, सौरभ गुप्ता, मुस्कान प्रजापति, शशांक शेखर मिश्र, बबिता शर्मा, आकांक्षा सिंह, शिवानी गोस्वामी, सदल मसऊद, किशन मिश्र, शिवानी यादव, कोमल, श्रीकृष्ण तिवारी, समीर तिवारी, आंचल यादव को 21-21 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के साथ ही टैबलेट, मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

### जिलाधिकारी ने मेधावियों को तकनीक के प्रयोग की दी सलाह

- मेधावियों को आगे बढ़ने में नहीं होगी परेशानी, शासन कर रही विशेष इंतजाम
- पंख पोर्टल से घर बैठे मिल सकेगी कैरियर काउंसिल, प्रज्ञान से ई-लाइब्रेरी
- प्रतिभाओं की कमी नहीं, जरूरत है उन्हें तराशने की

बोर्ड परीक्षा के मेधावियों को सम्मान समारोह में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए आगे बढ़ने की राह दिखाई। माध्यमिक शिक्षा विभाग के कॅरिअर काउंसिलिंग के लिए पंख पोर्टल का लांच किया है। जिसे यूनिसेफ की मदद से बनाया गया है। कक्षा-10 तथा कक्षा-12 के बाद कॅरिअर में मदद करने के लिए 'पंख' पोर्टल है। 'प्रज्ञान' ई लाइब्रेरी पोर्टल है। 'परख' के माध्यम से स्कूलों की ग्रेडिंग होगी और 'पहचान' के माध्यम से हर स्कूल का वेब पेज देखा जा सकेगा। पहुंच इस पोर्टल की मदद से स्कूल खोलने के लिए क्षेत्र चुनने में मदद मिलेगी। अब गाँव में घर बैठे युवाओं को बेहतर ट्रेनिंग और सही जानकारी दी जा सकेगी। प्रज्ञान ई लाइब्रेरी पोर्टल को प्रज्ञान नाम दिया गया है। यह एप में भी उपलब्ध है। ई-पुस्तकों के विशाल संग्रह के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं, उद्यमिता व स्टार्टअप, एनआईसी ई-ग्रन्थालय एवं उप्र लाइब्रेरी नेटवर्क की जानकारी उपलब्ध है। परख किस राजकीय विद्यालय में क्या संसाधन है, वह इस पोर्टल पर दिखेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मोली, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अधिकारी राजेश चौधरी सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दीपक गोस्वामी ने नीट की परीक्षा में फहराया परचम, बढ़ाया मान

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के करनैलगंज नगर के गुड़ाही बाजार मोहल्ले के रहने वाले होनहार छात्र दीपक गोस्वामी ने अपने कठिन परिश्रम और लगन से वर्ष 2023 के नीट यूजी की परीक्षा में सफलता हांसिल कर एमबीबीएस में चयनित होकर अपने परिवार,क्षेत्र तथा गुरुजनों का नाम रोशन किया है।

कर्नलगंज नगर के मोहल्ला गुड़ाही बाजार निवासी शिवराम गोस्वामी के पुत्र दीपक गोस्वामी ने कोटा में नीट यूजी की तैयारी करते हुए अथक प्रयास से अपने मेहनत और लगन से वर्ष 2023 के नीट यूजी की परीक्षा में 720 में से 626 अंक प्राप्त कर परचम फहराते हुए आल इंडिया स्तर पर 15406 वीं रैंक हांसिल की है और इनका एमबीबीएस में चयन हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक इन्होंने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई पीएस मेमोरियल इंटर कॉलेज करनैलगंज से करके परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद नीट यूजी की तैयारी एक वर्ष कोटा में की और दो वर्ष ऑनलाइन तैयारी किया। होनहार मेधावी छात्र ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न सिर्फ जिले का नाम रोशन किया है बल्कि डाक्टर बनने का अपना सपना पूरा किया है।होनहार छात्र दीपक गोस्वामी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरूजनों व इष्ट मित्रों को दिया है। उनकी सफलता से स्वजन काफी प्रसन्न हैं तो दूसरी ओर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

# मण्डल रीजनल मैनेजर की तबादला विदाई में भावुक हुए लोग, की सराहना

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



गोण्डा भारतीय स्टेट बैंक देवीपाटन मण्डल गोण्डा में रीजनल मैनेजर अमरपाल सिंह का गैर जनपद कानपुर तबादला कर दिया गया।सूचना मिलते ही ग्राहम और उनके चाहने वालों श्री सिंह के कार्यों और व्यवहार और उनकी सहजता की सराहना करते हुए। बताया की श्री सिंह ने बैंक के सारे नियमों को उपभोक्ताओं के लिए सहज और सरल बनाया। अगर किसी उपभोक्ता को किसी कारण वश कार्य नहीं हो पाता था तो। ग्राहक को बैंक का दौड़ या चक्कर लगाने की अवश्यकता नही होती थी। उनके कार्यों को कम समय में निपटाने में लग जाते थे। जिससे ग्राहकों के दिलों पर श्री सिंह राज करते हैं। लोगों का कहना हैं कि उनका कार्य बहुत सरहनीय रहा।उनके ट्रांसफर होने पर लोग बहुत भाभुक होकर उन्हें विदाई दी। लोग यह भी कहते है कि बैंक का कोई कार्य अगर हैं।कर्मी सुनवाई नहीं करते हैं तो उपभोक्ता सीधे श्री सिंह से कहते थे।और वह प्राथमिकता के साथ कार्य करते थे। डायरेक्ट मिलकर अपनी समस्या बताते थे और उसका तुरंत समाधान होता था और उनका ट्रांसफर कानपुर हो जाने से लोगों ने मिलकर उन्हें,सम्मानित किया।इस अवसर पर नवागत भारतीय स्टेट बैंक रीजनल मैनेजर ज्ञान प्रकाश जी ,अजय कुमार सिंह , अरुण कुमार शुक्ला, शशिधर पांडे, पंकज कुमार द्विवेदी, नील कमल मिश्रा, डब्बू सिंह, सुरेश दत्त सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, राजेश दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

## ट्रेन से कट कर तीन की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** मनका पुर कोतवाली क्षेत्र के कठौवा बल्ली पुर ग्राम निवासी 50 वर्षीय कृष्ण प्रताप उर्फ हवलदार पुत्र दुःख हरन शौच के लिए गया था। ट्रेन के चपेट में आकर कट कर मौत हो गई। काफी देर बीत जाने के बाद जब घर लौट कर नही आया तो घर वालो ने खोज बीन किया। तब जानकारी हुई कि ट्रेन से कट कर मौत हो गई। छपिया थाना क्षेत्र के 43 वर्षीय राकेश मिश्रा पुत्र मुक्ति नाथ मिश्रा बुधवार सुबह घर से शौच के लिए गया था। गांव के रेलवे लाइन की पटरी को पार करते समय ट्रेन से कट कर मौत हो गई। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के सरयू रेलवे स्टेशन के पास एक 30 वर्षीय अज्ञात महिला की ट्रेन से कट कर मौत हो गई। जिस की पहचान नही हो सकी। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

# प्रसूता की ऑपरेशन के बाद मौत, परिजनों ने महिला अस्पताल में काटा हंगामा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

### डॉक्टर पर लगाया लापरवाही का आरोप

नगर कोतवाली क्षेत्र के केशवपुर पहाड़वा निवासी राहुल गिरी ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी नंदनी 32 वर्ष को जिला महिला अस्पताल में मंगलवार को भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने के लिए 5 हजार रुपए लिए और ऑपरेशन कर दिया। ऑपरेशन करने के बाद महिला को वार्ड में भेज दिया गया। बुधवार को दोपहर बाद महिला की हालत बिगड़ने लगी। तेज बुखार के साथ वह कांप रही थी। परिजन डॉक्टर के पास गए पूरी बात बताई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे मृतका के पति के साथी योगेंद्र सिंह ने बताया कि जब हम जिला अस्पताल पहुंचे तब मेरे साथी के पत्नी की हार्ट बीट बहुत बड़ी हुई थी। जब हम लोग डॉक्टर को बुलाने गए। तो वह लोग तत्काल उपचार करने के बजाए रिफर करने के चक्कर में कागज बनाने लगे। जब डॉक्टर से कहां गया। यदि कोई व्यवस्था हो तो पहले इसका हार्ट बीट कंट्रोल किया जाए। डॉक्टरों ने स्पष्ट जवाब दे दिया। यहां कोई नहीं व्यवस्था है। मृतका के जेठ ने बताया कि यहां कोई डॉक्टर द्विवेदी है। जिन्होंने मंगलवार को ऑपरेशन किया था। बुधवार को बहुत तेज बुखार आया। हम लोग डॉक्टर को बुलाने गए। वहां डॉक्टर संगीता बैठी थी। तीन बार बुलाने के बाद चौथी बार वह आई, और कहा कि ठंडे पानी से इसका सर धो दीजिए। अभी कुछ देर में ठीक हो जाएगा। जब कोई आराम नहीं हुआ तो हम लोग फिर उनके पास गए। उन्होंने कहा कि जाकर डॉक्टर को बुला कर लाइए। डॉक्टर रेशमा आई और देख कर चली गई। अंदर बैठकर रिफर बनाने लगी। एक कोई और डॉक्टर आए आरोप है कि सीएमएस भी आई। हम लोगों ने कहा कोई दिक्कत हो तो रेफर कर दीजिए। उस समय कहा गया कि अभी ठीक हो जाएगी। उसके बाद कुछ ही क्षणों में मौत हो गई। परिजनों ने कहा कि इसमें सबसे बड़ी लापरवाही डॉक्टर संगीता और रेशमा की है। इस मामले को लेकर परिजनों ने डॉक्टर के ख़िलाफ़ में तहरीर देकर मुक़दमा लिखाने की मांग किया है। महिला अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ अमित त्रिपाठी ने बताया कि मंगलवार को बहुत सारे ऑपरेशन हुए थे। उसी क्रम में इस महिला का भी ऑपरेशन हुआ था। बुधवार को इस की अचानक हालत खराब हो गई। डॉक्टरों ने बहुत प्रयास किया। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। शायद ईश्वर को यही मंजूर था। हमने परिजनों को सलाह दिया कि इसका का पोस्टमार्टम करा दें। ताकि मौत के कारणों का पता चल सके। जिससे आगे की कार्रवाई की जा सके।

### नवजात बेटे के सर से मां का साया उठ गया

इलाज के दौरान प्रसूता की मौत हो गई है। उसका 2 दिन का बेटा अस्पताल की चकाचौंध के साथ खेल रहा है। शायद उसे नहीं पता है कि उसकी मां हमेशा के लिए उसका साथ छोड़ कर चली गई। परिजनों के सामने बेटे के पालन पोषण को लेकर बड़ी समस्या खड़ी हो गई।

## खबरें एक नजर में

### बाइक से ठोकर मारकर व्यक्ति पर किया जानलेवा हमला, पीड़ित ने जेब से रुपये निकालने का लगाया आरोप

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** स्थानीय कोतवाली अन्तर्गत ग्रामपंचायत ढेमा के ग्राम याकूबपुर निवासी राजकुमार वर्मा ने कोतवाली में तहरीर दिया है। जिसमें कहा गया है कि करीब आठ वर्ष से वह रमपुरा चौराहे पर चाट का ठेला लगा रहा है। बीते 4 जून की देर शाम वह चौराहे से अपना ठेला लेकर घर जा रहा था। अभी वह दूदा मोड़ के पास पहुंचा ही था कि बाइक पर सवार तीन लोग पीछे से पहुंचे और जोरदार टक्कर मार दिए,जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया और उसका ठेला भी क्षतिग्रस्त हो गया। आरोप है कि तीनों लोग उसके जेब में रखा रुपया निकालने लगे। मना करने पर गाली देते हुये तीनों लोग लात मूका घूंसा से मारने लगे। यही नही जान से मार डालने की नियत से वहां पड़ी ईंट उठाकर उसके सिर पर हमला करते हुये मारते रहे। काफी समय बीत जाने की वजह से उसके पिता जगन्नाथ वर्मा व भाई मनोज कुमार वर्मा उसकी खोज में रमपुरा चौराहे की तरफ जा रहे थे। उसके चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़ते हुये वहां पहुंचे और बचाये इतने में वह बेहोश हो गया। वहां पहुंचे लोगों ने डायल 112 को सूचित किया मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के माध्यम से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहां पहुँचने पर हालत गंभीर देखकर डाक्टर ने लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। वहाँ हालत गंभीर देखते हुये परिजनों ने सफेदाबाद स्थित हिन्द हॉस्पिटल में उसे भर्ती करवाकर इलाज कराया जहाँ अभी भी उसका इलाज चल रहा है। पीड़ित ने उक्त घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। भंभुआ पुलिस चौकी प्रभारी उमेश सिंह ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में नही है लेकिन यदि ऐसा है तो जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

### गोंडा : लू के थपेड़ों से मचा हाहाकार पारा पंहुचा 43 पार

- भीषण गर्मी की चपेट में आकर चौकी इंचार्ज की तबीयत बिगड़ी
- उच्चीकृत स्वास्थ्य केन्द्र मनकापुर में व्यवस्थाएं फेल डॉक्टर कर रहे मनमानी

**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज।** प्रचंड गर्मी का दिखा तेज असर पुलिस चौकी इंचार्ज जिगना बाज़ार हॉस्पिटल में एडमिट।स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने मनकापुर से किया रिफर। गोंडा के कोतवाली मनकापुर पुलिस चौकी प्रभारी जिगना बाज़ार बुधवार की शुबह करीब 10 बजे जिगना से सिसई भीखपुर एक जांच के लिए निकले थे, तभी रास्ते में अचानक चक्कर आ गया और साथ में गए सिपाहियों के साथ वापस मनकापुर हॉस्पिटल इलाज कराने के लिए पहुंच गए। हॉस्पिटल पंहुचने के बाद प्रभारी निरीक्षक मनकापुर को सूचना दी गई कि चौकी इंचार्ज जिगना हॉस्पिटल में एडमिट है।चक्कर आ गया था।आनन-फानन में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह व अतिरिक्त निरीक्षक अरुण कुमार राय अपने हमराहीयो के साथ हॉस्पिटल पहुंचकर चौकी इंचार्ज की स्थिति से अवगत होते हुए प्राथमिक उपचार के साथ डॉक्टर से मशविरा की जिसमें डॉक्टरों ने चौकी इंचार्ज जिगना को तुरंत मनकापुर से अन्यत्र इलाज के लिए रेफर कर दिया।प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार की स्थिति ठीक है। परिवार वालों से बात करते हुए इलाज के लिए उन्हें बाहर भेजा गया है।ऊपर अधिकारियों से भी बात की जा रही है। वही भीषण गर्मी होने के बावजूद भी उच्चीकृत स्वास्थ्य केंद्र मनकापुर में चिकित्सा के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। पूरे हॉस्पिटल में बिजली और पंखा एकदम नदारद दिख रहे हैं।जिससे तीमारदार सहित मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।और उच्च अधिकारियों के सूचना के बावजूद भी हॉस्पिटल में गर्मी से राहत पाने के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था व लाइट का प्रबंध नहीं किया जा रहा है। जिससे मनकापुर मे शासन सहित सरकार के दावे फेल नज़र आ रहे हैं।

# हनुमान चालीसा भेंटकर सनातन धर्म में कराई वापसी

- विहिप व बजरंग दल ने प्रसाद खिला कर कराई घर वापसी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



तहसील मोतीपुर क्षेत्र के विभिन्न गांव में ईसाई मिशनरिया सक्रियता के साथ अपनी पैठ बनाने की कोशिश रही हैं। जिसे नाकाम करने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने भी सक्रियता बढ़ा दी है। क्षेत्र में एक व्यक्ति ने बाइबल पुस्तक का पाठ कर प्रार्थना सभा शुरू कर दी। इसकी जानकारी होने पर उसे समझाकर हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। प्रसाद वितरित कर घर वापसी कराई गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर ईसाई मिशनरियों की सक्रियता की सूचना कार्यकर्ताओं के द्वारा प्राप्त हुई । सूचना पर हरिनारायण पुत्र रामनाथ निवासी पिपरा गौढ़ी के घर पहुंच कर जानकारी ली गई तो पता चला कि किसी के बहकावे में आकर वह और उनके साथ कई अन्य लोग सनातन धर्म में अपनी आस्था ना रखकर अन्य धर्म की धार्मिक बाइबिल पुस्तकें पढ़कर प्रार्थना सभा आयोजित करते हैं। जिस पर उन्हें समझाया बुझाया गया और अपने सनातन संस्कृति धर्म के बारे में बताया गया। जिस पर उन्होंने भूल स्वीकार करते हुए सनातन धर्म में आस्था रखते हुए घर वापसी की। संदीप सिंह ने बताया कि हरिनारायण सहित कई अन्य लोगों को मंगलवार देर शाम मन गौढ़िया में स्थित मां दुर्गा मंदिर में हनुमान चालीसा पुस्तक भेंट कर उन्हें हनुमान चालीसा पाठ कराया गया तथा प्रसाद खिला कर घर वापसी कराई गई। इस मौके पर लोकेश सिंह बबलू ,राजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, चित्रेश सिंह, पप्पू सिंह वीरेंद्र सिंह जगदीश सिंह मातृशक्ति की बहने उषा सिंह सहित काफी संख्या में श्री राम भक्त उपस्थित रहे। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है।

# मेंथा की पेराई करते समय टंकी में हुआ ब्लास्ट, 5 लोग झुलसे

- ब्लॉस्ट होने से हुआ नुकसान, लोगों में फैल गई दहशत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के रमपुरवा गांव में बुधवार को मेंथा पेराई के दौरान टंकी में ब्लास्ट हो गया जिससे आग लग गई। अग्निकांड में बालक समेत पांच लोग झुलस गए। सभी का इलाज निजी चिकित्सक के यहां चल रहा है। सुजौली थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत रमपुरवा के मजरा हरैय्या में मेंथा की टंकी लगी हुई है। बुधवार दोपहर में 12 बजे गांव निवासी 40 वर्षीय भागवत रानी पत्नी दयाराम, अपने बेटे दिव्यांशु व बेटी अंजली के साथ खेत में लगी मेंथा की टंकी में पेराई कर रही थी। तभी अचानक टंकी में ब्लास्ट हो गया, जिससे आग लग गई। आग लगने से सभी झुलस गए। वहीं पास खड़े बच्चे 5 वर्षीय अर्पित व चार वर्षीय लाजो भी झुलस गए। घटना के बाद फौरन स्थानीय लोग जमा हो गए। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार भी मौके पर पहुच गए। प्रधान प्रतिनिधि ने तत्काल घायलों को चफरिया में स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाकर उनका इलाज कराया। घटना से लोग सहमे हुए हैं। वहीं मेंथा की टंकी में ब्लॉस्ट होने की घटना से काफी नुकसान भी हुआ है। क्षेत्र के लोगों में दहशत फैल गई।



### इंडियन बैंक बुबकापुर में 20 महादानियों ने किया रक्तदान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को विकास खंड तेजवापुर के मरौचा स्थित इंडियन बैंक बुबकापुर में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल प्रमुख इंडियन बैंक रविन्द्र सिंह व विशिष्ट अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रविन्द्र सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से ऊपर हर स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। इससे किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान एक महा दान है । रक्तदान से आप किसी का जीवन बचा सकतें हैं। रक्तदान शिविर में मंडल प्रमुख इंडियन बैंक रविन्द्र सिंह, चन्द्र प्रकाश नेगी, अभिषेक मौर्या, राकेश सिंह,शोभित श्रीवास्तव,शाखा प्रबंधक फखरपुर अभिषेक सिंह, नितिन वर्मा, राकेश कुमार सिंह, देवेन्द्र सिंह,अमन कुमार मौर्य, दीपचंद, आशीष पाठक,शिशिर कुमार यादव, अभिषेक शुक्ला समेत 20 लोगों से अधिक ने रक्तदान किया।इस दौरान शाखा प्रबंधक बुबकापुर राहुल मांझी, सहायक शाखा प्रबंधक नितिन वर्मा,शाखा प्रबंधक इंडियन फखरपुर अभिषेक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# इंडियन बैंक मैनेजर 24 जून को सीजेएम कोर्ट में तलब

- बीसी संचालक पर ढाई लाख रुपये निकालने का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जरवल नगर पंचायत निवासी महिला ने बैंक मैनेजर और बीसी संचालक पर धोखाधड़ी कर रुपया निकाल लेने का आरोप लगाते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत पर वाद दायर कर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। कोर्ट ने अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद ब्रांच मैनेजर को जांच कर रिपोर्ट सहित तलब कर लिया है। जरवल नगर पंचायत के मोहल्ला चौक निवासी रुबी खातून ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में वाद दायर कर आरोप लगाया है कि वह इण्डियन बैंक जरवल कस्बा की खाता धारक है। उसके मोहल्ला चौक में इण्डियन बैंक का ग्राहक सेवा केन्द्र अभिजीत गुप्ता उर्फ ईशू द्वारा चलाया जा रहा था,जिसपर जाकर वह अपने खाते के बारे में जानकारी किया करती थी। एक मार्च 23 को वह अपने बैंक खाते की जानकारी के लिये ग्राहक सेवा केन्द्र पर गयी तो बीसी संचालक ने कहा कि आपकी पासबुक पुरानी है, जो इलाहाबाद बैंक के नाम से है। केवाईसी भी चालू नहीं है। अपना पासबुक छोड़ दें तो आपका नया खाता चालू हो जायेगा। आरोप है कि उसके अनपढ़ होने का फायदा उठाते हुए उससे सादे विड्राल पेपर पर हस्ताक्षर बनवा कर ढाई लाख रुपये निकाल लिया। बैंक के कम्प्यूटर पर चेक करने पर पता चला कि तीन मार्च को बैंक खाते से ढाई लाख रूपये निकाला गया है। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों, तथ्यों और परिस्थितियों का अवलोकन करने के बाद कहा कि न्यायालय का मत है कि बैंक एक विश्वास का केन्द्र है। जहां पर खाता धारक और बैंक कर्मचारियों/ अधिकारियों के मध्य समन्वय एवं विश्वास से कार्य होता है। ऐसी परिस्थितियों में इण्डियन बैंक के जनरल मैनेजर मामले की जांच कर नवीन आख्या प्रस्तुत किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। कोर्ट ने इण्डियन बैंक के जनरल मैनेजर को निर्देश दिया है कि वह स्वयं पीड़िता द्वारा प्रार्थनापत्र में लगाये गये आरोपों के विषय में समुचित जांच कर आख्या न्यायलय के समक्ष 24 जून को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें।

# नकछेदपुरवा गांव में फैला चेचक, दो बीमार

- तीन माह से एक दूसरे में फैल रहा चेचक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



विकास खंड तेजवापुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आलादादपुर के नकछेदपुरवा में दो लोग चेचक की चपेट में हैं। इससे पूर्व लगभग तीन माह से गांव में चेचक फैला हुआ है लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सूचना के बाद भी गांव में पीड़ित लोगों का इलाज नहीं किया। नतीजतन? ग्रामीणों ने पूजा पाठ व झाड़ फूंक का सहारा लेकर बीमारी से निजात पाया है।गांव में तीन माह से बारी बारी से लोगों को चेचक फैला रहा है। बुधवार को पड़ताल में वर्तमान समय में दो लोगों को चेचक से पीड़ित पाया गया। बातचीत में गांव निवासी अनिरूद्ध यादव ने बताया कि गांव में तीन माह से लोगों को बारी बारी से चेचक फैला रहा है। इसकी सूचना जिम्मेदारों को दिया गया है। लेकिन सूचना के बावजूद गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव नहीं पहुंची है। वर्तमान समय में गांव निवासी पारुल (20) पुत्री केशव राम व नितिन प्रजापति (17) पुत्र अवधेश प्रजापति एक सप्ताह से चेचक की चेपट में है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग का कोई कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा है। जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

# अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए जिले के 22 मेधावी छात्र-छात्राएं

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- प्रथम 4 छात्र-छात्राओं को 1-1 लाख की धनराशि, 18 छात्र-छात्राओं को 21-21 हजार की धनराशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र व टेबलेट प्रदान कर किया सम्मानित
- पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई कर देश, प्रदेश, जनपद व परिवार का नाम रोशन करें : जिलाधिकारी



माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023 के मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए लखनऊ में आयोजित अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मानित किये जाने के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड ने एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना व अन्य अधिकारियों के साथ राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रथम 04 छात्र-छात्राओं को धनराशि 01-01 लाख तथा जनपद स्तरीय मेरिट सूची में शामिल 18 छात्र-छात्राओं को धनराशि 21-21 हज़ार, मेडल, प्रशस्ति पत्र व टेबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के पश्चात आयोजित सम्मान समारोह में सांसद बहराइच ने अन्य अतिथियों, डीएम व एसपी के साथ राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले जिले के प्रथम 04 मेधावी छात्र-छात्राओं को डॉ. राम मनोहर लोहिया बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरांय मेहराबाद के हाईस्कूल के छात्र अश्वनी कुमार वर्मा, बाल शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज बहराइच की हाई स्कूल की छात्रा अवंतिका सिंह व इण्टर मीडिएट की छात्रा अर्चिता यज्ञसैनी तथा जगत राम प्रेमा देवी इण्टर कालेज रग्घुपुरवा के हाईस्कूल की छात्रा रिया यादव को 01-01 लाख की धनराशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र व टेबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसी प्रकार जनपद स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले हाई-स्कूल व इण्टर मीडिएट की मेधावी छात्र-छात्राओं को 21-21 हज़ार की धनराशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र व टेबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाली सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवपुरी के छात्र शिवांस पाण्डेय, सरदार पटेल इण्टर कालेज कैसरगंज के दिव्यांश पाठक, श्री शिव प्रसाद बिन्देश्वरी प्रसाद इण्टर कालेज सेमरहना के छात्र आकाश कुशवाहा, राजकीय इण्टर कालेज लखैय्याकला के रूपेश गुप्ता, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज कैलाशनगर के आशुतोष धनगर, मां. पार्वती देवी इण्टर कालेज बरदहा के आदित्य विक्रम मिश्रा, तथा राजकीय हाईस्कूल गंगापुर के आकृति पाठक को सम्मानित किया गया।इसी प्रकार जनपद स्तरीय मेरिट सूची में इण्टरमीडिएट परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं सर्वोदय इण्टर कालेज मिहींपुरवा की छात्रा आंचल कुमारी व खुशी मद्धेशिया, सिटी माण्टेसरी इण्टर कालेज बहराइच की इर्तिका फातिमा व आदिती श्रीवास्तव, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इण्टर कालेज कैलाशनगर के सचिन गौतम, बाल शिक्षा निकेतन इण्टर कालेज बहराइच शुभी श्रीवास्तव, रामेश्वर दत्त इण्टर कालेज महसी की आकांक्षा मिश्रा, सैनिक इन्स्टीट्यूट इण्टर कालेज बहराइच के अनुज कुमार सिंह, श्री छोटे लाल त्रिपाठी इण्टर कालेज मुसल्लमपुर की माही सिंह, राम प्रकाश इण्टर कालेज सुहेलवा के अर्पित भारती व मोहम्मद माज़ को 21-21 हज़ार की धनराशि, मेडल, प्रशस्ति पत्र व टेबलेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में सम्मानित किये गये। कार्यक्रम के अंत में सांसद, एमएलसी, विधायक, डीएम व एसपी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि पूर्ण मनोयोग से पढ़ाई कर देश, प्रदेश, जनपद व परिवार का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक जे.पी. सिंह, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य आर.पी. सिंह सहित विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में अभिभावकगण मौजूद रहे।

# बिना फार्मासिस्ट की मौजूदगी में दवा बेचता है न्यू गुप्ता मेडिकल स्टोर

- मानकों को ताक पर रखकर सजाई गई है दुकान
- मुख्यमंत्री को आईना दिखाने का काम करते हैं ऐसे संचालक
- फार्मासिस्ट की मौजूदगी फिजिकल हो, हवा में नहीं



### अस्पतालों के अंदर संचालित मेडिकल स्टोरों का नहीं है कोई मानक

शहर के हॉस्पिटलों के अंदर संचालित ऐसे तमाम मेडिकल स्टोरों पर ऐसी दवाओं की कथित तौर पर बिक्री देखने को मिल जायेगी। जहां पर बिना किसी मानक के दवाओं की खरीद फरोख्त होती है। और अप्रशिक्षित लोगों के द्वारा दवाओं की बिक्री की जाती है जिनकी डोज जानलेवा साबित हो सकती होती है। दवा दुकानों पर इन दवाओं को बेधड़क बगैर किसी रोक–टोक के बेचा जाता है जबकि इनमें से कुछ प्रतिबंधित दवाएं होती हैं शहर में कई ऐसे बड़े हॉस्पिटल हैं जहां पर बिना फार्मासिस्ट की मौजूदगी में दवाओं की खरीद फरोख्त की जाती है आप अप्रशिक्षित लोगों के द्वारा इन दवाओं को लगातार बेचा जा रहा है।

### रिटेल मेडिकल स्टोर या फार्मेसी के क्या है नियम

भारत के ड्रग नियामक ष्ष्टत्रद्ध ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ड्रग कंट्रोलर और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया को एक खत लिखा है जिसमे उन्होंने ये सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि रिटेल मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट की मौजूदगी अनिवार्य रहे। दवाइयों की बिक्री उसकी सीधी निगरानी में हो एक खत में, ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (ष्ष्टत्रद्ध) डॉ राजीव सिंह रघुवंशी ने रिटेल फार्मेसी में फार्मेसी एक्ट, 1947 के सेक्शन 42 (ड्ड) और ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1945 के रूल्स 65 के क्रियान्वयन की बात कही हैष्ष्टत्रद्ध ने 9 मार्च को भेजे गए एक खत में कहा कि यह सुनिश्चित करें कि रिटेल फार्मेसी या मेडिकल स्टोर्स में फार्मासिस्ट फिजिकल तौर पर मौजूद रहें और दवाइयां उनकी सीधी निगरानी में बेची जाएं इसमें कहा गया है कि यह सुनिश्चित करें कि बिना सही और मान्य प्रिसक्रिप्शन के रिटेल मेडिकल की दुकानों से कोई प्रिसक्रिप्शन दवाई की बिक्री नहीं करें।

### क्या कहना औषधि निरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह का

मेरे द्वारा लगातार जिले में रूटीन वर्क पर मेडिकल स्टोरों की जांच की जाती है जहां पर अनियमितता मिलती है नियमानुसार उनके ऊपर कार्रवाई की जा रही है फिर भी अगर न्यू गुप्ता मेडिकल स्टोर में मानकों की अनदेखी की जा रही है तो जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मेडिकल स्टोर संचालकों की मनमानी रोकने के लिए सरकार लगातार जागरूकता को बढ़ावा देते हुए प्रसार प्रचार करती है। मर्यादा, नियम- कायदा, कानून, अनुशासन या रूल्स...ये तमाम शब्द काफी सख्त होते हैं औषधि विक्रेताओं के लिए मगर थोड़े से मुनाफे के लिए लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ करने में यह पीछे नहीं रहते। मेडिकल स्टोर का रजिस्ट्रेशन किसी डिग्री या डिप्लोमा धारक के नाम पर होता है जबकि संचालन कोई और कर रहा होता है और धड़ल्ले से दवाएं दे रहा होता है। फार्मासिस्ट सिर्फ नाम के होते है। दीवाल पर इतनी फोटो सजी होती है।

वहीं शहर के जेल रोड विकास नगर में संचालित राजश्री क्लिनिक जहां पर शहर के जाने-माने डॉक्टर राजेश गुप्ता के द्वारा मरीजों को देखा जाता है दिलचस्प बात ये है कि उसी कैंपस में संचालित न्यू गुप्ता मेडिकल स्टोर पर अनियमितताएं देखने को मिल जायेगी सरकार का एक सबसे बड़ा नियम है कि दवाएं फार्मासिस्ट की देखरेख में दी जानी चाहिए।

न्यू गुप्ता मेडिकल स्टोर पर फार्मासिस्ट की सिर्फ फोटो सजी है दवाएं देने का काम वहां पर अप्रशिक्षित लोगों के द्वारा किया जाता है जो किसी भी मरीज को गलत दवा दे सकते हैं जिसकी वजह से मरीज की जान पर बन सकती है नियम कहता है कि बिना फार्मासिस्ट की मौजूदगी के बिना किसी को भी एक टेबलेट काटकर नहीं दी जाती सकती।







## पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता का शुभारंभ डायट प्राचार्य के उद्बोधन से हुआ जिसमें उन्होंने G20 देशों की उपयोगिता और उनकी कार्यशैली के बारे में बताया जिसमें उन्होंने बताया कि पूरे विश्व की जीडीपी में G20 देशों का महत्वपूर्ण स्थान है रंगोली प्रतियोगिता प्रभारी कला प्रवक्ता संतोष कुमार यादव ने बताया कि कला किसी भी बात को प्रस्तुत करने में सक्षम है पढ़ाई में कला का प्रयोग बच्चों के ज्ञान को स्थिरता प्रदान करता है रंगोली प्रतियोगिता में 5 समूहों ने प्रतिभाग किया जिसमें स्नेहलता के समूह को प्रथम आस्था शर्मा के समूह को द्वितीय और दीपशिखा के समूह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर मोहम्मद जुबैर के निर्देशन में हुआ जिसमें प्रशिक्षकों ने मानसिक स्वास्थ्य गुरु शिष्य संबंध और लैंगिक समानता विषय पर पेंटिंग बनाई प्रतियोगिता में विजयी प्रशिक्षुओं को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए इस अवसर पर डॉ अनीता के पी सिंह सहित डायट के समस्त प्रवक्ता व स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### दुर्घटना में हुई मौत का मामला पंजीकृत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पिता की दुर्घटना में हुई मौत का मामला पुत्र दिनेश प्रताप सिंह ने लालगंज कोतवाली में अज्ञात ट्रक के खिलाफ दर्ज कराया है ।मामले की जानकारी देते हुए दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि उनके पिता कुंवर बहादुर सिंह 2 जून को बाइक से दो सड़का से अपने घर पूरे अजमेर सिंह मजरे सोभवापुर आ रहे थे तभी रास्ते में अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे ।दौरान इलाज उनकी मेडिकल कॉलेज ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है। लालगंज पुलिस ने दिनेश सिंह की शिकायत पर अज्ञात ट्रक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर वाहन के खोजबीन का आश्वासन दिया है। मामले की विवेचना दरोगा मालिक राम साहनी कर रहे हैं।

### लगातार दूसरे दिन भी चोरों ने किसानों की भैसे किया पार

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अभी लालगंज पुलिस ग्वाला मऊ मजरे बहरामपुर में हुई भैंस चोरी का पता भी नहीं लगा पाई थी कि फिर से 2 गांवों में भैंस चोरी की घटनाएं हुई हैं। दोनों भैंस चोरी की घटनाओं के पीड़ित लोगों ने मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से की है। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बजाये जांच करने की बात कही है। मंगलवार की रात कुड़वल निवासी संतोष तिवारी की दो अच्छी नस्ल की भैंस दरवाजे पर बंधी हुई थी। सुबह देखा तो खूंटे से भैंसे गायब थी। संतोष तिवारी ने बताया कि चोरी गई भैंसो की कीमत लगभग दो लाख रुपये हैं। दूसरी भैंस चोरी की घटना बन पुरवा मजरे लोदीपुर उतरावां गांव में हुई है ।राहुल यादव पुत्र राम बहादुर यादव के दरवाजे बंधी हुई भैस को चोरों ने पार कर दिया। राहुल यादव के अनुसार चोरी गई भैंस की कीमत 35 हजार रुपए है। राहुल यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि रात करीब साढ़े 3 बजे चोरों ने भैंस चोरी की वारदात की है। खटपट की आवाज सुनकर हम लोग जाग गए थे और लोडर का पीछा भी किया लेकिन वह अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। बताते चलें कि लालगंज कोतवाली क्षेत्र में भैंस चोरी हो जाने की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। आए दिन भैंस चोरी हो रही है लेकिन पुलिस भैंस चोरों का पता लगाने में नाकाम साबित हो रही है। अभी 2 दिन पूर्व ही ग्वालामऊ मजरे बहरामपुर निवासी संतोष पाल पुत्र रामस्वरूप पाल की भैंस भी चोरी हुई थी। उसने भी मामले की शिकायत लालगंज पुलिस से की थी। वास्तव में भैंस चोरी की रिपोर्ट दर्ज न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। वह आये दिन भैस चुराने की घटनाएं कारित कर रहे हैं।

### कमांडिंग आफीसर ने सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का किया भ्रमण

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** एयर कमोडोर नरेश कुमार सैदा, एयर आफीसर कमांडिंग, 7 एयर फोर्स हास्पिटल, कानपुर नगर द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय का भ्रमण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पत्नी डा0 पूनम सैदा व स्क्वाड्रन लीडर मधु मिश्रा, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, उन्नाव के साथ कार्यालय स्थित शहीद स्मारक में रीथ अर्पित कर शहीद व दिवन्गत सैनिकों को नमन करते हुये भावभीनी श्रृद्धांजलि दी गयी, साथ ही सैनिकों एवं उनके परिवारों के प्रति श्रृद्धा, सम्मान एवं समर्पण के प्रतीक रूप में स्थापित ''शहीद स्मारक'' की भव्यता को सराहा गया। कार्यालय भ्रमण के दौरान एयर कमोडोर द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, उन्नाव की सुन्दरता, स्वच्छता एवं कार्यप्रणाली पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्क्वाड्रन लीडर की पूर्व सैनिकों के प्रति संवेदनशीलता एवं कुशल नेतृत्व की सराहना व्यक्त की गयी। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के इलाज हेतु 7 एयर फोर्स हॉस्पिटल सदैव तत्पर रहकर संवेदनशीलता के साथ सेवा करने में पूर्ण सहयोग करेगा एवं वरिष्ठ नागरिकों का प्राथमिकता के आधार पर उपचार किया जायेगा। स्क्वाड्रन लीडर ने एयर कमोडोर द्वारा कार्यालय में दिए गए अमूल्य समय के लिये आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि कार्यालय आपके परस्पर सहयोग से इसी प्रकार जनपद के पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की सेवा करता रहेगा।

## शुक्रवार को होगा विशाल भंडारा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** लालगंज नगर के प्रसिद्ध व्यवसाई शंकर लाल गुप्ता और उनके परिवारी जनों के द्वारा शुक्रवार को सराफा मंडी में ब्रह्म भोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है ।कार्यक्रम के बाबत जानकारी देते हुए शंकर लाल गुप्ता ने बताया कि गया धाम की यात्रा के बाद परमपिता परमात्मा की कृपा से ब्रह्म भोज और विशाल भंडारे का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने लोगों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। भंडारा उनके आवास सर्राफा मंडी में ही होगा। कार्यक्रम की तैयारी में प्रदीप कुमार गुप्ता ,प्रेम कुमार गुप्ता, शिवम गुप्ता आदि लोग लगे हुए हैं।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को राज्यमंत्री, विधायक सलोन ने किया सम्मानित

- छात्र-छात्राओं को चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर किया गया सम्मानित
- राज्यमंत्री, विधायक सलोन व डीएम-एसपी ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की किया कामना



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा शैक्षिक सत्र-2023 में आयोजित हुई हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2023 में उत्तीर्ण जनपद रायबरेली के कुल 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को कलेक्ट्रेट स्थित बचत भवन सभागार में उत्तर प्रदेश के महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी व मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने प्रशस्ति पत्र, मेडल, टेबलेट व चेक देकर सम्मानित किया। जनपद रायबरेली के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के 8 छात्र छात्राओं को प्रदेश स्तर पर स्थान पाने वाले को एक लाख रुपए का चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट वितरित किया गया। इसी प्रकार जनपद स्तर के 13 छात्र-छात्राओं ने भी हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में टॉप किया है उन्हें भी 21 हजार रुपए का चेक, मेडल एवं टैबलेट, प्रशस्ति पत्र दिया गया गया। इस दौरान लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम जनपद स्तरीय अधिकारियों व मेधावी छात्र छात्राओं तथा अभिभावकों द्वारा देखा गया। मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सभी मेधावी छात्र/छात्राओं अभिभावकों विद्यालय के प्रधानाचार्य शिक्षकों आदि को भी शुभकामनाएं भी दी।

## पात्र किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से करें लाभान्वित : कृषि मंत्री

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि देश में किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाए चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की सभी प्रकार के समस्याओं के निदान हेतु एफ0पी0ओ0 (किसान उत्पादक संगठन) ने किसानों के हित में सकरात्मक कदम बढ़ाया है। जिसमें कृषि, दुग्ध उत्पादक, मछली पालक, पोल्ट्री फार्म, मधुमक्खी पालक किसान आदि पात्र किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पात्र किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता मे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनपद के किसानों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं संबंधित बैठक की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, जिला प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष रामदेव पाल सहित जिला कृषि अधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव द्वारा केन्द्रीय कृषि मंत्री को जनपद के पात्र किसानों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों को किसान उत्पादक संगठनों से जोड़ा जाए। जिसमें किसानों को सस्ते दामों पर बीज, खाद, उर्वरक, कीटनाशक, मशीनरी, ग्रीन हाउस, पॉलीहाउस, कृषि तकनीक, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक मदद और तकनीकी सहयोग उपलब्ध करवाया जाता है, ताकि किसान का मनोबल बढ़े और वो खेती में बिना किसी अड़चन के बेहतर प्रदर्शन कर सके। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध नबार्ड आदि सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक भी कराई जाए, जिससे किसानों को फायदा होगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर बीज, खाद, मशीनरी, मार्केट लिंकेज, ट्रेनिंग, नेटवर्किंग, आर्थिक और तकनीकी सहायता ले सकते हैं, ये किसानों के लिए वरदान साबित हो रही हैं।

## महिला की फावड़े से काट कर निर्मम हत्या

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मामला कोतवाली क्षेत्र के असनी गांव का है जहां देर शाम खेत गई महिला की उसके जेठ ने फावड़े से काट कर हत्या कर दी। आशा 26 पत्नी अमरनाथ घर के पड़ोस में ही अपने खेतों में भैंस चरा रहे थे आरोप है कि तभी उसका जेठ रामराज उर्फ डॉक्टर पुत्र रामसेवक फावड़ा लेकर मौके पर पहुंच गया और महिला को गालियां देने लगा महिला के विरोध जताने पर आरोपी ने फावड़ा से उसके सिर पर ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया जिससे महिला लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़ी बताया जा रहा है कि महिला के पेट में बच्चा भी था परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया रास्ते मे महिला की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

## विश्व रक्तदान दिवस पर रोटरी क्लब के सदस्यों ने किया रक्तदान



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब, रायबरेली ने अमर उजाला फाउंडेशन के साथ मिलकर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रायबरेली ज़िला अस्पताल मे हुए रक्तदान शिविर मे रोटरी क्लब, रायबरेली के लगभग एक दर्जन से अधिक लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान करने के बाद रोटरी क्लब, रायबरेली के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव ने कहा हमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिंदगियों को बचाता है, उन्होंने कहा इस बात का एहसास लोगों को तब होता है जब हमारा कोई अपना खून के लिए जिंदगी और मौत के बीच जूझता है। रक्तदान शिविर मे मुख्य अतिथि के रूप में ज़िला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेन्द्र मौर्य ने रक्तदान करने वाले लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अमर उजाला रायबरेली के ब्यूरो प्रमुख अशोक शर्मा, डॉ. सुजाता त्रिपाठी डॉ. हेमा रानी गुप्ता, डॉ. दीपेंद्र सिंह ने कहा अमर उजाला मीडिया ग्रुप और रोटरी क्लब मिलकर पूरे प्रदेश मे रक्तदान को बढ़ावा दे रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है, उन्होंने कहा विश्व रक्तदान दिवस पर किए गए रक्तदान आम जनमानस को समर्पित है। कार्यक्रम अधिकारी गोविंद खन्ना ने लागों से अधिक से अधिक रक्तदान करने का आहवान किया। रक्तदान के उपरांत सभी रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा अंत में रोटरी क्लब द्वारा डॉ. सुजाता त्रिपाठी और डॉ. हेमलता गुप्ता को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## जरूरत के समय नहर में नहीं आ रहा पानी, कैसे होगी समय पर धान की नर्सरी

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



जहां एक तरफ सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की दावे कर रही है। तरह-तरह की योजनाएं चलाकर उनके जीवन स्तर को सुधारने का नित नए प्रयास कर रही है परंतु वर्तमान समय में जब धान की नर्सरी करने का पीक समय है तब नहरों से पानी ही गायब है। बछरावां क्षेत्र को धान का कटोरा कहा जाता है क्षेत्र के किसान की मुख्य फसल धान है जिससे वह अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। जहां एक तरफ कृषि केंद्रो द्वारा उन्नतशील बीज, किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर सब्सिडी देकर किसानों की आय को जहां सरकार दोगुनी करने का प्रयास कर रही है। वहीं दूसरी तरफ धरातल पर सिंचाई विभाग की जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही दिखाई पड़ रही है। जब नहर की आवश्यकता नहीं होती है तब नहरों में लबालब पानी चला करता है। वही जब अब पानी की बहुत ही आवश्यकता है धान की नर्सरी के लिए तो उसे पीक समय में नहरों से पानी ही गायब है। जितना धान की नर्सरी लेट से होगी उतनी ही पैदावार पर इसका फर्क पड़ेगा। पूर्व में संवाददाता ने नहर के संबंध में जब सिंचाई विभाग के एक्सईएन हेमंत कुमार वर्मा से उनके मोबाइल नंबर 9919618608 पर बात की थी तो उन्होंने किसानों के लिए 12 जून तक पानी उपलब्ध हो जाने की बात की जानकारी दी थी। अब जब 12 जून को पानी नहीं आया तो पुनः संवाददाता ने एक्सईएन महोदय से बात की तो उन्होंने बताया कि पानी छोड़ा जा चुका है। लखनऊ कठोता तक आ चुका है एक-दो दिन में किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो जाएगा।

## नकली सिलाई मशीन बेचते दुकानदार गिरफ्तार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र कस्बा हसनगंज में उषा कंपनी सिलाई मशीन के मैनेजर ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उषा कंपनी का स्टीकर लगाकर दुकानदार नकली मशीन बेच रहा है। पुलिस टीम ने छापेमारी कर 11 सिलाई मशीने कंपनी का फर्जी स्टीकर लगाकर बेच रहे युवक को गिरफ्तार किया। जिसके विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया। नई दिल्ली निवासी लाल सिंह कादयान ऊषा कंपनी सिलाई मशीन के मैनेजर ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि हसनगंज कस्बे में पप्पू पुत्र इरशाद निवासी छरेहरा दुकान में लोकल सिलाई मशीन में उषा कंपनी का स्टीकर लगाकर ग्राहक को बेच रहे हैं। पुलिस ने मैनेजर के साथ दुकान में छापेमारी की तो मौके पर 11 सिलाई मशीन उषा कंपनी का फर्जी स्टीकर लगाकर बेचते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने सिलाई मशीनों के बिल व पक्के कागज मांगे तो वो दिखा नहीं पाया। जिसपर मैनेजर की तहरीर पर पप्पू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि कंपनी के मैनेजर की तहरीर पर दुकानदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पूंछतांछ करने के उपरान्त जेल भेजा जायेगा।

## रक्तदान शिविर का जिलाधिकारी ने फीता काट किया शुभारंभ



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

**उन्नाव।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, इंडिण्यन रेडक्रॉस सोसाइटी, एनसीसी, पूर्व सैनिक सेवा परिषद, लाइफ सेवर्स आदि समाजसेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर का जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया।

शुभारम्भ के मौके पर डीएम ने उपस्थित लोगों को रक्तदान दिवस की शपथ दिलायी तथा सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किये गये रक्तदान से कई लोगों की जिन्दगी बच सकती है। यह केवल आयोजन नहीं है, बल्कि एक समाज सेवा है। रक्तदान से जहॉ हम एक ओर किसी की जान बचाते हैं, वहीं दूसरी ओर इससे हमें आत्म सन्तुष्टि भी मिलती है। इसलिए प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सत्यप्रकाश ने कहा कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद है। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते है कि रक्तदान करने से कमजोरी आ जाती है। जबकि यह पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान वजन घटाने में मदद करता है तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। यह हृदय रोग के खतरे तथा कैंसर की संभावना को भी कम करता है। रक्तदान करने के कई सारे फायदे हैं। रक्तदान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने स्वयं रक्तदान किया तथा लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे भी इस प्रकार के आयोजन में रक्तदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के रक्तदाता सम्मानित किए गए।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को जनप्रतिनिधियो व जिलाधिकारी ने किया पुरस्कृत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित करायी गयी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विकास भवन सभागार में विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक सफीपुर बम्बालाल दिवाकर तथा जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा मेधावी विद्यार्थी सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 09 छात्र-छात्राएं राज्यस्तरीय मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार तथा 13 छात्र-छात्राएं जनपदस्तरीय के लिए चयनित किए गए हैं। राज्यस्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं को 1 लाख तथा जनपद स्तरीय मेधावी छात्र-छात्राओं को रू0 21,000 की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उपलब्ध करायी गयी है। इसके अतिरिक्त सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, टैबलेट व मैडल देकर भी सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह में विधायक सदर ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के माता-पिता व शिक्षक/गुरूजन भी बधाई के पात्र हैं। जीवन में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी विद्यार्थी अच्छी से अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और अपने जनपद, प्रदेश व देश का नाम दुनियां में रोशन करें।

विधायक सफीपुर ने सभी मेधावियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सफलता की इस ऊॅचाई को बरकरार रखने के लिए सतत् परिश्रम की जारूरत होगी। इस अवसर पर डीएम व सीडीओ ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव मेधावी छात्र-छात्राओं से साझा किए। सीडीओ ऋषिराज ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हर पायदान पर सीखना और संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दुनियां में हर सवाल का जवाब है, बस आपको खोजने के लिए कठिन मेहनत की आवश्यकता होगी। डीएम ने सभी मेधावियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं देते हुए कहा कि आप सभी छात्र-छात्राएं भविष्य में सफल होने के लिए इसी तरह की सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखें। हमें जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य के अनुरूप दृढ़ संकल्पित होकर कठिन परिश्रम करना होगा। स्कूल का समय व्यक्तित्व निर्माण करने का समय होता है। आपमें सीखने की चाह हमेशा बनी रहनी चाहिए। जो जितना अच्छा सीखता है, वह उतना ही अच्छा अपने जीवन में कर पाता है। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला प्रशस्ति-पत्र, मेडल, चेक व टैबलेट



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

खीरी में बुधवार का दिन टॉपर विद्यार्थियों के लिए खास रहा। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार में यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थियों का भव्य अलंकरण समारोह आयोजित हुआ, जिसमे मेधावियों को प्रोत्साहन राशि के साथ ही एक-एक टैबलेट और मेडल भी प्रदान किया।

**केंद्रीय मंत्री के हाथों सम्मान पाकर खुशी से झूम उठे मेधावी, जनप्रतिनिधियों, अफसरों ने दिए सफलता के टिप्स**

माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय के साथ दीप जलाकर, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, विधायक एवं डीएम की मौजूदगी में जिले के अधिकारियों व हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं ने सजीव प्रसारण देखा। लखनऊ में सम्मान समारोह कार्यक्रम समाप्त होने के बाद केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों के साथ प्रदेश स्तर की टॉप टेन सूची में अपना नाम दर्ज कराने पर अपूर्वा शर्मा हाईस्कूल व शांभवी वर्मा और शिवांशु पटेल इंटर को प्रदेश स्तर पर जिले का झंडा बुलंद करने के लिए एक लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि व एक टैबलेट सहित मेडल और प्रशस्ति पत्र दिया। वहीं जिले के टॉप टेन मेधावियों बच्चों को सम्मानित किया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने मेधावियो के साथ उनके गुरुजन व अभिभावकों को बधाई दी। कहा कि आज आप अमृत काल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अपनी ऊर्जा के अनुरूप मेहनत करते हुए जिले और राष्ट्र का गौरव बढ़ाएं। मेधावी बच्चों से अन्य बच्चे प्रेरणा लें। मन लगाकर पढ़ाई करें। कभी भी कठिन परिश्रम से मुंह न मोड़ने की सीख देते हुए कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति व कठिन परिश्रम के सहारे कोई भी समाज मे मनचाहा मुकाम हासिल कर सकता है। शिक्षा का अर्थ केवल डिग्री लेना नहीं बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण का माध्यम बनना भी है। नई शिक्षानीति एक नया अवसर है उसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि इतिहास गवाह है कि हमेशा कोशिश करने वालों की ही जीत होती है। कम्पटीशन युग में अपने को कड़ी मेहनत के लिए तैयार करें। विधायक योगेश वर्मा ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बच्चों को नसीहत दी कि आप चाहे जिस भी पद पहुंचे, गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना ही आपका संकल्प होना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने छात्र-छात्राओं को सीख दी कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ अपने लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए पूरी शिद्दत के साथ जुट जायें। डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के संकल्प के अनुसार प्रदेश में शुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई नकल विहीन परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जा रहा है। मेधावी छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम से बोर्ड परीक्षा को उल्लेखनीय अंकों के साथ उत्तीर्ण कर परिवार व जिले का नाम रोशन किया है।

**हाईस्कूल के मेधावी**

वेदांत मिश्रा विद्या कुमार सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला, शोभित गिरी कृषक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैइयां बसहा, आस्था भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला, आकर्ष श्रीवास्तव पं. दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लखीमपुर, अनुराग पाल श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चौखड़िया, आदित्य कुमार मौर्य गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज लखीमपुर, अर्पित वर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला, अर्पित वर्मा सरजू सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेलरायां, हर्षित सिंह मुलायम सिंह कन्या इंटर कॉलेज सुखबसा खीरी।

**इंटर के मेधावी**

अरुण कुमार मौर्य धर्म सभा इंटर कॉलेज, सक्षम कुशवाहा विद्या कुंवर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला, रॉबिन वर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला, आस्था पटेल सोबरन इंटर कॉलेज संसारपुर बोझिया खीरी, आदित्य कुमार मौर्य आरआरएसडीएस म. इ. कालेज कस्ता, मोहम्मद जीशान राजा लोने सिंह इंटर कॉलेज मितौली, प्रशांत त्रिपाठी विद्या कुंवर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज गोला।

# खीरी में चला बाल श्रम के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान, डीएम ने किया शुभारंभ



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

श्रम विभाग एवं एम ट्रस्ट के तत्वावधान में बाल श्रम के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान का आगाज हुआ। बुधवार को कलेक्ट्रेट में प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने बाल श्रम के विरुद्ध हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। हस्ताक्षर अभियान के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मी कांत पांडे, श्रम प्रवर्तन अधिकारी संतोष त्रिपाठी समेत जिला स्तरीय अधिकारियों एवं आमजन ने हस्ताक्षर करके बाल श्रम उन्मूलन का संकल्प लिया। प्रभारी जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने कहा कि कोई दुकानदार या कारखाना स्वामी बाल एवम किशोर श्रमिक का नियोजन न करें। उन्होंने श्रम विभाग के अफसरों को 01 जून से 30 जून तक चलने वाले अभियान में कठोर कार्यवायी के निर्देश दिए हैं। सहायक श्रम आयुक्त डॉ महेश कुमार पांडे ने बताया कि अभियान चलाया जा रहा है और अभियान अवधि में अब तक 30 किशोर श्रमिक चिन्हित किया गया है।

## खबरें एक नजर में

**रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय हिन्दू शेर सेना एवं अनिता चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास हिन्दू ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर राष्ट्रीय महासचिव प्रदीप हिन्दू भी मौजूद रहें। सर्वप्रथम विकास हिन्दू ने रक्तदान किया। उसके उपरांत प्रदीप हिन्दू और अन्य कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर सभी को संबोधित करते हुए विकास हिन्दू ने कहा रक्तदान करने से कोई भी कमजोरी नहीं आती, 3 महीने के बाद आप फिर से रक्तदान करने के लायक बन जाते है। आपके द्वारा किया गया रक्तदान किसी का जीवन बचा सकता है। इसलिए जनहित में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करने वालों मे संगठन के अमित भदौरिया, यस दीक्षित, अभिषेक राय, रमेश अवस्थी, रोहित मिश्रा, हर्षिता, रेखा और अनेकों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र उपहार स्वरूप दिए गए।

**डीएम ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने जिला चिकित्सालय पुरुष में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नही। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि अपनी स्वेच्छा से अधिक से अधिक रक्तदान करें ताकि जरूरतमंद लोगों को समय से रक्त मिल सके और इस रक्त से हम किसी व्यक्ति की जान बचा सके, रक्तदाता रक्तदान कर किसी गंभीर रोगी की खुशियों को वापिस ला सकता हैं। जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया, शिविर में रक्तदान को लेकर उत्साहवर्धन भी किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि विश्व रक्तदान दिवस में रक्तदानियों द्वारा किया गया रक्तदान को ब्लड बैंक में सुरक्षित रखें, इस रक्त का दुरूपयोग न होने पाये इसका विशेष ध्यान दिया जाये। किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह जादौन ने विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वयं रक्तदान कर लोगो को प्रेरित किया कि अधिक से अधिक रक्तदान करें जिससे गंभीर रोगियों को समय से रक्त उपलब्ध हो सके, रक्त के कारण किसी को भी जान न गबानी पड़े। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा, सीएमएस, एनसीसी कैडेट, समाजसेवी आदि सहित विश्व रक्तदान दिवस में प्रतिभाग किया।

**चोरी की बाइक बेचते शातिर पुलिस के हत्थे चढ़ा**

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** कोंच से बाइक चुराकर नगर में चोरी की बाइक बेंचने का प्रयास कर रहे युवक को पुलिस ने दबोचा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा व दो कारतूस भी बरामद किए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धमूरी निवासी हरिशंकर ने बीती 10 जून को कोंच नगर से किसी व्यक्ति की बाइक चोरी की थी। जिसकी रिपोर्ट कोंच कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। बुधवार की सुबह कोतवाल समीर सिंह को सूचना मिली कि कोंच से चोरी की गई बाइक को एक संदिग्ध व्यक्ति नगर में बेचने के लिए कोंच रोड पर आ रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने चौकी प्रभारी अतुल राजपूत को मौके पर भेजा। कोंच रोड स्थित एक प्राइवेट स्कूल के पास पुलिस ने युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डीएमएफ से कराये कार्यों में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने जतायी नाराजगी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

**यदि कमियों को पूरा न किया गया तो होगी कार्यवाही**

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह ने जिला अस्पताल पुरूष एवं महिला में डीएमएफ से कराये जा रहे कार्यो व अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएमएफ द्वारा कराये जा रहे कार्यो का जायजा लिया जिस पर टाइल्स की फिनिसिंग न पाए जाने पर साथ ही वार्ड के बीचों बीच से बायरिंग खुली हुई पाई गई जिस पर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त वार्डो में वायरिंग को कवर किया जाये ऐसा न करने पर आपके विरुद्व कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके उपरान्त जिला अस्पताल पुरुष व महिला के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया गया। अस्पताल में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने व साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।

उन्होने जच्चा-बच्चा वार्ड में पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल जाना साथ ही समस्त मरीजों का मातृ एवं बाल सुरक्षा कार्ड भी देखा गया जिसमें एक कार्ड में पाया गया कि संबंधित आशा द्वारा उक्त मरीज की पूर्ण जांचें नही करायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने उक्त आशा के विरुद्व कार्यवाही के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि अधिक से अधिक मरीजों को भर्ती करने के साथ-साथ बेहतर ईलाज मुहैया कराया जाये अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं के खान-पान, दवा-ईलाज, टीकाकरण में विशेष ध्यान दिया जाये साथ ही सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जाये इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा, सीएमएस पुरूष, महिला आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

# जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए 4 शिविर, 117 लोगों ने किया रक्तदान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



सीएचसी गोला सहित एसएसबी बटालियन गढ़ी रोड और मझराफार्म सहित दीवानी न्यायालय में विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान एसएसबी जवानों सहित 117 लोगों ने रक्तदान किया।

जिला पुरुष चिकित्सालय सीएमएस डॉ. आईके रामचंदानी ने बताया कि विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में विश्व रक्तदान दिवस मनाया गया है। उनके द्वारा गढ़ी रोड स्थित एसएसबी कैंप में रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता और डिप्टी कमांडेंट अनिल यादव मौजूद रहे। साथ ही उन्होंने बताया कि सीएचसी गोला में 16 यूनिट, 39 वीं बटालियन एसएसबी में 25 यूनिट, सिविल कोर्ट में 9 यूनिट और गढ़ी रोड स्थित एसएसबी बटालियन में 67 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि एक यूनिट ब्लड 4 लोगों की जान को बचाता है। ऐसे में लोगों को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान महादान है, इससे बढ़कर कोई दान नहीं है। वर्तमान समय में बदलते परिवेश में बीमारियों के साथ ही सड़क हादसों की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में रक्तदान सैकड़ों नहीं हजारों लोगों की जान बचाता है। एक-एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान प्रतिदिन हजारों लोगों की जान बचाता है।

### रंजिशन मारपीट पर शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अलग अलग मामलों में रंजिश के चलते झगड़ा कर रहे चार लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौलापुर निवासी वकील व अवध बिहारी एवं ग्राम सुढ़ार सालाबाद निवासी मनोज व कृष्ण कुमार रंजिश के चलते आपस में गाली, गलौज व हाथापाई कर रहे थे। ग्रामीणों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की।

# डूडा कालोनी में राजस्व जांच टीम को आवासों में मिले किरायेदार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

**सदर लेखपाल जांच पूरी कर आख्या डीएम को सौंपेंगे**

चुर्खी रोड स्थित आसरा कालोनी में कुछ आवासों को किराए पर उठाने की शिकायत की गई थी। जिस पर बुधवार को डूडा अवर अभियंता, नायब तहसीलदार व सदर लेखपाल ने कॉलोनी पहुंचकर आवासों की जांच की। जिसमें कुछ आवासों में किराएदार मिले तो कुछ आवास बंद मिले। चुर्खीरोड पर गरीब, बेसहारा व निर्धन लोगों को आवास मुहैया कराने के लिए आसरा कॉलोनी का निर्माण कराया गया था। जिसमें 84 आवास बनकर तैयार हुए थे। जिन्हें आवंटित कर दिया गया था। आरोप है कि इनमें से कुछ आवास अपात्रों को आवंटित हो गए हैं। अपात्रों ने उन्हें मिले आवासों को या तो किराए से उठा दिया है अथवा उसमें ताला डाल दिया है। इसकी शिकायत कुछ लोगों ने एसडीएम से की थी। एसडीएम सुरेश कुमार के निर्देश पर बुधवार को नायब तहसीलदार गौरव कुमार, अवर अभियंता डूडा शिवम पाठक, लेखपाल वैभव त्रिपाठी की टीम ने आसरा कॉलोनी में आवासों में रह रहे लोगों की जांच की। जांच टीम के पहुंचने की खबर लगते ही कुछ लोग आवासों में ताला डालकर निकल गए। जबकि 20 आवासों की जांच में कुछ परिवार किराए से रहते हुए मिले। उक्त संदर्भ में सदर लेखपाल वैभव त्रिपाठी ने कहा कि जांच चल रही है। जांच पूरी होने पर रिपोर्ट डीएम को प्रेषित की जाएगी।

# डीएम के निर्देश पर हमीरपुर मौरंग पट्टाधारक पर एफआईआर दर्ज

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह के निर्देशन में जनपद में उप खनिज के अवैध खनन, परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने हेतु राजस्व विभाग व खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 7 जून 2023 को ग्राम बड़ागांव का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण में पाया गया गया कि जनपद जालौन की सीमा में जनपद हमीरपुर तहसील सरीला के बालू, मौरम खण्ड संख्या- 13 के पट्टाधारक द्वारा 3722 घनमीटर बालू, मौरम का अवैध खनन किया जाना पाया गया, जिसमें संबंधित पटटेधारक के विरुद्ध थाना कदौरा में 14 जून 2023 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी व नोटिस निर्गत कराने की कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही की भनक जैसे ही हमीरपुर जनपद के मौरम पट्टाधाकों को पता चली तो उनमें हड़कंप मच गया। गौरतलब हो कि हमीरपुर जनपद के ज्यादातर मौरम पट्टाधारक जनपद जालौन की सीमा से बेतवा नदी से मौरम खनन करने में लगे हुये थे। लेकिन प्रशासनिक अमले व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही करने का प्रयास नहीं किया। ऐसा ही मामला हमीरपुर जनपद की घुरौली मौरम खंड का भी प्रकाश में आया था वहां पट्टाधारकों ने तो बेतवा नदी की पटरी पर सब्जी उगाने वाले किसानों की फसलें भी पूरी तरह से रौंद डाली थी वहां के सब्जी उगाने वाले लोग आज भी न्याय का इंतजार करते देखे जा रहे हैं।

# निर्विरोध डीसीडीएफ चेयरमेन बने रोहित सिंह चौहान



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला महामंत्री भाजपा रोहित सिंह चौहान को निर्विरोध नवनिर्वाचित डीसीडीएफ (जिला सहकारी फेडरेशन लिमिटेड) का चेयरमैन होने से उनके समर्थको मे खुशी का माहौल हैं! रोहित सिंह को जिला सहकारी फेडरेशन लि. का चेयरमेन नियुक्त होने की सूचना मिलते ही उनके समर्थको का हुजूम उमड़ पड़ा इस अवसर पर रोहित सिंह ने भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा व अन्य पार्टी पदाधिकारियों को धन्यवाद देते हुए नई जुम्मेदारी पर खरा उतरने का वचन दिया तथा आभार व्यक्त किया !वही समर्थकों अन्य लोगों ने रोहित सिंह को बधाई दी।

# राज और सत्यम को एक-एक लाख तो अन्य बीस मेधावियों को मिले 21 हजार के चेक

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



हाईस्कूल और इंटर बोर्ड परीक्षाओं में प्रदेश के मेधावी सूची में शामिल जनपद के छात्र राज और सत्यम को एवं जिला स्तरीय प्रथम 10 स्थान पाने वाले मेधाविओं को पुष्कर धनराशि और प्रमाण पत्र तथा मेडल देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर आज बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी और जिला अधिकारी चांदनी सिंह ने सभी प्रतिभावान छात्र छात्राओं को पुरस्कार धनराशि और मेडल तथा प्रमाण पत्र प्रदान किए।

सम्मान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में प्रदेश सूची में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले छात्र राज्य पुत्र दिनेश कुमार जो कि श्रीमती पूर्णा देवी इंटर कॉलेज साहब नाका के छात्र हैं उन्हें रुपये 100000 का चेक प्रदान किया गया तो वही इंटर की बोर्ड परीक्षा में एसआर इंटर कॉलेज के छात्र सत्यम प्रजापति पुत्र राजेश कुमार को भी सुदेश सूची में सातवें स्थान पाने पर रुपये 100000 की धनराशि का चेक पुरस्कार स्वरूप दिया गया इसी क्रम में अन्य जिले के मेधावी यों में राज नारायण सिंह पुत्र राजकुमार सिंह विकास राजपूत पुत्र जगत सिंह कुमारी अंजलि पुत्री राजपाल सिंह बॉबी यादव अरविंद यादव सजल भास्कर पुत्र बृजेंद्र, आरती रत्ना पुत्री कृष्ण पाल सिंह समरजीत सिंह यादव पुत्र राजेंद्र, आराध्या पुत्री कमल स्वरूप, प्रिंस गुप्ता पुत्र चंद्रिका प्रसाद, मोहित महेश्वरी पुत्र सत्य प्रकाश, आदित्य यादव पुत्र परशुराम यादव, अर्पित सिंह पुत्र जवाहर सिंह, रोनक पुत्री धर्मेंद्र, मुस्कान बाथम पुत्री राजू बाथम, जितेंद्र साहू पुत्र देवेंद्र साहू, केशव पाठक पुत्र कमलेश पाठक, तनिष्क पुत्र सुरेंद्र सिंह, अंकित पुत्र बाबूराम, अंकित पुत्र दीपक और मनीष कुमार पुत्र धीरेंद्र साहू को रुपये 21000 के धनराशि का चेक प्रमाण पत्र मेडल आदि देकर सम्मानित किया गया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी एलआईसी पॉलिसी संख्या 215869587 मे मेरा नाम ननकऊ पुत्र गोकुल लिखा हुआ है जबकि आधार कार्ड , बैंक पासबुक में मेरा नाम राम दुलारे पुत्र गोकुल लिखा हुआ है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं ।अतः मेरे एलआईसी में पालिसी में मेरा नाम ननकऊ उर्फ राम दुलारे अंकित किया जाए।

**ननकऊ पुत्र गोकुल ग्राम पासीपुरवा कटेल पोस्ट सरसा बहराइच**
**9599577280**

# सांसद राजेश वर्मा एवं जिलाधिकारी अनुज सिंह ने मेधावियों को किया सम्मानित

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**




माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 की हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा-2023 में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं को राजकीय इण्टर कॉलेज, सीतापुर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सीतापुर राजेश वर्मा एवं जिलाधिकारी अनुज सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रियांशी सोनी, सीता बाल विद्या मंदिर इं0का0, महमूदाबाद, सीतापुर द्वारा हाईस्कूल परीक्षा-2023 प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया, जिसे मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लोक भवन, लखनऊ में धनराशि रू0 100000, टैबेलेट, प्रमाण-पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त 19 राज्य स्तर के मेधावी को धनराशि रू0 100000 एवं जनपद स्तर पर मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को रू0 21000 वितरित किये गये। साथ ही विभिन्न विद्यालयों 22 मेघावी छात्र-छात्राओं जिसमें सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की प्रियांशी सोनी को लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा तथा प्रकाश विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की कशिश वर्मा, प्रकाश विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की अंशिका पटेल, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की ईशिता श्रीवास्तव, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की प्रांशी गुप्ता, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की अदिति वर्मा, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की श्रेया सिंह, प्रकाश विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद के अतुल वर्मा, बाबू राम सावित्री देवी इं0का0 पहला की दृष्टि मिश्रा, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद के अंकित यादव, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद के सत्येन्द्र पटेल, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की अंशिका गुप्ता, सरदार सिंह कान्वेन्ट इं0का0 महमूदाबाद की आकांक्षा वर्मा, पं0 संतोषी लाल मेमो0 इं0का0 रामपुरमथुरा की चांदनी मौर्य, पं0 संतोषी लाल मेमो0 इं0का0 रामपुरमथुरा की डाली वर्मा, सरदार सिंह कान्वेन्ट इं0का0 महमूदाबाद की प्रतिभा वर्मा, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद के वैभव सिंह, प्रकाश विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद के आयुष कुमार वर्मा, प्रकाश विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की अंकिता वर्मा, सरदार सिंह कान्वेन्ट इं0का0 महमूदाबाद के अंशुल वर्मा को 100000 रूपये की धनराशि तथा सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की अदिति शर्मा, सीता बाल विद्या मन्दिर इं0का0 महमूदाबाद की प्रियांशी सिंह, महेन्द्र कुमार शास्त्री मेमो0 इं0का0 रामपुरमथुरा के मनीष कुमार को 21000 रूपये की धनराशि को चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ललित श्रीवास्तव पवन सिंह शिल्पी मनोज त्रिवेदी अमित सक्सेना व इंटर कॉलेज के प्रबंधक व प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेंदुआ कबीर विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच**

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत तेंदुआ कबीर विकासखंड विशेश्वरगंज जिला बहराइच में वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु मनरेगा/ 5वां राज्य वित्त/ पंचम राज्य वित्त /केंद्र राज्य वित्त आयोग/पंद्रहवां राज्य वित्त आयोग /स्वच्छ भारत मिशन/ आर जी एस ए के अंतर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन, ओडीएफ, वृक्षारोपण, कायाकल्प, अंत्येष्टि स्थल ग्राम पंचायत में पेयजल की आपूर्ति, गो पशु आश्रय, भूसा, दाना /चुनी - चोकर भूसा खरीद टेंडर इत्यादि कार्य हेतु प्रथम/द्वितीय श्रेणी ईंट/इंटरलॉकिंग ईंट/ईंट गिट्टी /बालू /मोरंग /ग्रेनाइट/ सरिया /पत्थर गिट्टी/ ह्यूम पाइप/पेंट इत्यादि समस्त निर्माण सामग्री मेज - कुर्सी, अलमारी, साइन बोर्ड, स्कूल के झूले एवं अन्य खेल सामग्री इत्यादि। स्ट्रीट लाइट, सौर ऊर्जा, डस्टबिन, इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं कंप्यूटर उपकरण इत्यादि सामग्री की आवश्यकता है। और जेसीबी मशीन किराए पर, ट्रैक्टर ट्राली किराए पर आवश्यकता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 15 /6 /2023 से 17/6 /2023 तक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा पर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। धरोहर 5 हजार मात्र होगी। निर्धारण कोटेशन दिनांक 19/6 /2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय में ग्राम प्रधान एवं सचिव की उपस्थिति में 10:00 से 11:00 बजे तक निविदा फार्म खोला जाएगा।

**प्रधान**
**हरि प्रसाद**

**सचिव**
**सतवंत सिंह**

# भीषण गर्मी, बिजली कटौती से गांवों में हाहाकार मचा

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

## पिछले दो दिनों से फाल्ट के नाम पर रात में 4 से पांच घंटे की हो रही कटौती

भीषण गर्मी में बिजली की बम्पर कटौती से गांवों में हाहाकार मचा है।ग्रामीण क्षेत्रों में दस घंटे से भी ज्यादा बिजली की कटौती हो रही है।

गर्मी का पारा चढ़ते ही बिजली की मांग ज्यादा हो गई है ।ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बिजली की कटौती की जा रही है। चौबीस घंटे में दस घंटे से भी ज्यादा की बिजली कटौती की जा रही है ।हैदरगढ़ डिवीजन के विद्युत उपकेंद्र देवीगंज (सूरजपुर) के अंतर्गत आने वाले जलालपुर कादिरपुर मंसारा नसीपुर नूरपुर मोतिकपुर नईसड़क आलमपुर जियनपुर देवरा पूरे चंद्रमन असंद्रा बेडहरी टिकरिया शेषपुर मिर्चिया जरौली धनौली गैरिया गजपतीपुर किठैया सुपामऊ दुल्लापुर टिकरा और लकडिया आदि दर्जनों गांवों में बिजली की बम्पर कटौती हो रही है। यह तब है जबकि गर्मी का पारा 45 के ऊपर जा चुका है। उपभोक्ताओं का कहना है कि पिछले दो दिनों से फाल्ट के नाम पर रात में 4 से पांच घंटे की कटौती हो रही है। बीते सोमवार की शाम करीब सवा सात बजे लाइट काट दी गई जो साढ़े नौ बजे के बाद आई। इसी तरह मंगलवार को भी शाम साढ़े सात बजे कटी बिजली रात में 12 बजे आई ।बिजली न आने से भीषण गर्मी में पसीने से तर बतर लोग करवटे बदलते रहे। दिन में भी 7 घंटे से ज्यादा की कटौती हो रही है।

प्रातः 5 बजे ही लाइट काट दी जाती है। ऐसे में दैनिक क्रिया में काफी परेशानी होती है ।सुबह नौ बजे के बाद लाइट आती है और साढ़े ग्यारह बजे तक रहती है ।इस दौरान पांच पांच मिनट पर ट्रिपिंग होती रहती है। इसके बाद फिर तीन बजे बिजली आती है। लो वोल्टेज की समस्या से पंखे कूलर भी रेंक रहे हैं लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा ।कुल मिलाकर भीषण गर्मी में हो रही बिजली की बम्पर कटौती से ग्रामीण क्षेत्रों में हाहाकार मचा है। उपभोक्ताओं ने रात्रिकालीन कटौती बंद करने की मांग की है।

# रक्तदान दिवस पर रक्तदानियों ने किया दान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

## राज्यमंत्री ने शिविर का किया उदघाटन



अंतरराष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर सामाजिक कार्यकर्ताओं, भाजपा नेताओं सहित रेडक्रॉस व एनएसएस के छात्र छात्राओं ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह के द्वारा किया गया। व्यापार मंडल के नेता व्यवसाई प्रदीप जैन, पूर्व सभासद भाजपा नेता रोहिताश्व दीक्षित, भाजपा नेता राजा कासिम के साथ आये कई लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान में बाराबंकी सबसे आगे रहा है, बाराबंकी के रक्तदानी लोगों की जान बचाने का कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं, उन्हें इस कार्य के लिए बधाई देते हैं। रेडक्रॉस के चेयरमैन शैलेन्द्र सिंह, सीएमएस डॉ बृजेश कुमार ने रक्तदानियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर राजा कासिम ने कहाकि रक्तदान करने से आयरन लेवल ठीक रहता है क्योकि नियमित रूप से रक्तदान करने से हमारे शरीर मे आयरन का स्तर ठीक बना रहता है।वही रक्तदान जिंदगिया बचाता है क्योकि कई मरीजो के इलाज के दौरान उन्हे रक्त देना जरूरी होता है।उन्होने कहाकि रक्तदान को लेकर आज भी लोगो के मन मे कई सारी गलत धारणाए मौजूद है।ज्यादातर लोग ऐसा सोचते है कि ब्लड डोनेट करने से कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारिया लग सकती है जो पूरी तरह से गलत धारणा है।रक्तदान हम सभी की सामुदायिक जिम्मेदारी है इसलिए सभी लोगो को रक्तदान करना चाहिए।आज जिला हॉस्पिटल में रक्तदान करने वालों में सोहेल अहमद अंसारी, नूर आलम, मोहम्मद गुफरान, श्रीकांत गुप्ता, मोहम्मद नेता आदि उपस्थित रहे।

# अज्ञात कारणों से लगी आग, तीन घर जलकर खाक

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** थाना लोनी कटरा अंतर्गत ख्वाजा पुर ग्राम पंचायत के ओल्हे पुर गांव में अज्ञात कारणों से आग लग जाने से तीन घरों की गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार आग लगने से श्रवण कुमार पुत्र मेवालाल रावत, राम दास पुत्र शिवदयाल, विशुरन पुत्र मेवालाल के छप्पर युक्त घरों में रखी खाद्य सामग्री सहित हजारों रुपए कीमत का सामान जलकर राख हो गया ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया परंतु जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक सारी गृहस्थीं नष्ट हो चुकी थीं।

# सर्प दंश से युवक की मौत

**मसौली बाराबंकी।** बुधवार की सुबह शौच के लिए गये 38 वर्षीय युवक की जहरीले सर्प के डसने से मौत हो गयी। आकस्मिक मौत की सूचना मिलते ही गाँव में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम अनूपगंज में निवासी 38 वर्षीय सिद्धनाथ त्रिपाठी बुधवार की सुबह बाहर शौच के लिए गए थे। वहां से वापस लौटते समय उन्हे एक जहरीले सर्प ने डस लिया।युवक दौड़ते हुए घर पहुंचा गांव वालों व घर वालों को सांप के काटने की जानकारी दी। परिजनों ने आनन-फानन स्थानीय डाक्टर के पास ले गए जहां से उसको बाराबंकी ले जाने लगे रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर युवक के अचानक मौत से घर एव गांव में कोहराम मच गया।

# सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत, दो लोग घायल

**रामनगर बाराबंकी।** क्षेत्र के अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओ में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसमे एक की हालत नाजुक होने के कारण इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पहली दुर्घटना बुधवार की सुबह पहर हुई जिसमें गोंडा लखनऊ हाईवे पर स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक रानी बाजार के सामने आशिक अली पुत्र बुद्धू (65) आम की दुकान लगा रहा था उसी वक्त बाराबंकी की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उसको रौंद दिया।सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे हल्का उप निरीक्षक गजेंद्र खरवार ने घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने आवश्यक लिखा पढी कर शव को पी एम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया।दूसरी दुर्घटना बदोसराय रामनगर मार्ग के मध्य हुई जिसमें सवारी लादकर बुढ़वल चौराहा आ रहा आटो रिक्शा पलट गया।जिसके चलते उस पर सवार रामसमुझ पुत्र अर्जुन (65) व प्रमोद पुत्र रामप्रसाद निवासी कस्बा रामनगर के मोहल्ला सुंदरनगर घायल हो गए।

# पीपल की डाल गिरने से युवक की मौत, एक घायल

**मसौली बाराबंकी।** बुधवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बाबापुरवा मजरे सैदाबाद मे एक पीपल के पेड़ की डाल गिरने से जहां एक युवक की मौत हो गयी वही एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बाबापुरवा मजरे सैदाबाद निवासी 35 वर्षीय विवेकानंद पुत्र मेवालाल व देशराज पुत्र रामकिशोर बुधवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे पंचायत घर के निकट लगे पीपल के पेड़ के नीचे से गुजर रहे थे तभी पीपल की एक मोटी डाल टूट कर गिर गयी जो सीधे दोनो युवकों पर गिरी जिससे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये परिजन आनन फानन मे जिला अस्पताल ले गये जहां पर विवेकानंद को ट्रामा सेन्टर लखनऊ रेफर कर दिया जिसे ले जाते समय मृत्यु हो गयी शव लेकर परिजन घर आ गये सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार की सुबह जब पीपल की डाल गिरी थी उसी दौरान एक 10 वर्षीय बालक महिपाल पुत्र राम सागर ठेलिया लेकर उसी पेड़ के नीचे से गुजर रहा था डाल को गिरता देख महिपाल ठेलिया छोड़ भाग खड़ा हुआ जिससे महिपाल पूरी तरह सुरक्षित रहा और ठेलिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

# नियमित योगाभ्यास को जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा : कुलपति



**अयोध्या।**

डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में परिसर के ध्यान केन्द्र में योग प्रोटोकॉल के पूर्वाभ्यास का औपचारिक शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, मुख्य अतिथि महापौर अयोध्या महंत गिरीश पति त्रिपाठी व सहायक नगर आयुक्त अयोध्या कैंट अंकिता शुक्ला द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि नियमित योगाभ्यास को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में करीब एक हजार की संख्या में लोग योगाभ्यास में हिस्सा लेंगे।इसके साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव मसौधा में 250, गुप्तार घाट में 500 एवं नाव पर 100, राम की पैड़ी पर 500, सरजू घाट पर 300 व अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध 763 महाविद्यालय में लगभग 2 लाख 80 हजार की संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षकों कर्मचारियों व परिवारीजनों के साथ मिलकर हर्षोल्लास के साथ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को मनाया जायेगा।मुख्य अतिथि महापौर श्री त्रिपाठी ने बताया कि योग हमारे भारतीय ऋषियों एवं योगियों की पुण्य धरोहर है। आत्मा का परमात्मा के महान अस्तित्व में मिल जाना ही योग है।उस परम ब्रह्म परमात्मा में एक आत्मा होने के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आसन प्राणायाम आदि योग के अंगों को माध्यम बनाया गया।

कार्यक्रम में सुश्री शुक्ला ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की प्रेरणा देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस महोत्सव को मनाने के पश्चात टी-शर्ट की पॉलीथिन, पानी के डिस्पोजल को व्यक्तिगत रूप से डस्टबिन में ही डालें।इस तरह हम सभी यदि स्वच्छता का विशेष ध्यान देंगे तो अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाना सफल व सार्थक रहेगा।

शारीरिक शिक्षा खेल एवं योग विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो0 संत शरण मिश्र ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि 27 मई से ही योग विज्ञान विभागों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा अयोध्या के प्रमुख उद्यानों, सामाजिक संस्थानों,पुलिस विभाग,जेल एवं सैन्य परिसर पर योगाभ्यास प्रोटोकॉल का नियमित पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है।

# प्रेस वार्ता कर विधायक ने सरकार की गिनाई उपलब्धियां

**हैदरगढ़ बाराबंकी।**



देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन काल के नौ वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर बुधवार को भाजपा के विधायक दिनेश रावत के नेतृत्व में हैदर गढ़ स्थित डाक बंगला परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों सहित अन्य वरिष्ठ एवं गणमान्य लोगों ने कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया । इस मौके पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा के विधायक दिनेश रावत ने कहा की आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की कर्तव्य निष्ठा एवं सशक्त कार्यशैली के आधार पर उनकी ख्याति सिर्फ अपने ही देश में नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है हर जगह उनका आदर सहित सम्मान किया जा रहा है जो की गर्व की बात है । उन्होंने कहा बीते 9 सालों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास देखा मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है एवम विश्व को मार्ग दिखा रहा है। विगत 9 वर्षो में हमारी सरकार द्वारा न केवल वंचित , शोषित लोगो को मुख्य धारा से जोड़ा बल्कि उनका सशक्तिकरण भी किया है । आज पूरी दुनियां भारत को लेकर एक विश्वास से भरी हुई है । उन्होंने कहा यह प्रधानमंत्री मोदी जी ही है जिन्होंने विकासवाद को मुख्यधारा में ला दिया है । इन नौ वर्षों में युवाओं को नए अवसर मिले है किसान समृद्ध हुए है गरीबों के जीवन में सुधार हुआ है महिलाओ का उत्थान हुआ है तथा श्रमिको को उनका पूरा सम्मान मिला है ।आगे उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री जी के सेवा सुशासन काल के नौ वर्ष में अनेकों तरह की सरकारी लाभकारी योजनाओं का संचालन कर देश के हर एक व्यक्ति को आर्थिक स्थिति से मजबूत करने का हर संभव प्रयास किया गया जनता आज देश के प्रधानमंत्री जी के विकास कार्यों से काफी हद तक अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार की अन्य ऐतिहासिक विकास कार्यों की भी चर्चा की गई। तत्पश्चात प्रेस कांफ्रेंस में शामिल।

# सफाई कर्मचारियों ने सात सूत्रीय मांग उप जिलाधिकारी को सौंपा

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

स्थानीय ब्लॉक के सफाई कर्मचारी संघ ने आज बुधवार को 7 सूत्रीय मांग पत्र प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी श्याम प्रताप सिंह को कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने सौंपा।

सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पासवान ने बताया कि पंचायती विभाग के अधीन कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनाई जाए। पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति की जाए सफाई कर्मचारियों को 1800 ग्रेड पे स्थान पर 19 ग्रेड पे दिया जाए मार्च 2023 से ग्राम पंचायत अधिकारी की होने वाली चयन प्रक्रिया में 20 प्रतिशत पदोन्नति हेतु पद सुरक्षित कर चयन प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का पदनाम पंचायत सेवक किया जाए प्रधान के नियंत्रण से सफाई कर्मचारियों को मुक्त किया जाए और पुरानी पेंशन योजना बाहर किया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सफाई कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा विनोद कुमार पासवान श्याम देव शिव प्रसाद मौर्या ओम प्रकाश आरिफ अली सुरेंद्र कुमार विजय घसिया रमेश कुमार सचिन कुमार सहित काफी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# खलिहान में अवैध निर्माण को हटाने गई राजस्व टीम उल्टे पांव भागी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

खलिहान में हो रहे अवैध निर्माण को ढहाने गई राजस्व टीम को उस समय उल्टे पांव भागना पड़ा।जब गृह स्वामी बेहोश होकर गिर गया। यह मामला कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के गोसूपुर गांव का है।यहां के निवासी वृद्ध कासिम अली ने अपना एक मकान खलिहान की भूमि पर भी बना रखा है। उनके साथ कई अन्य लोग भी खलिहान की भूमि पर मकान बना कर रह रहे हैं।बताते हैं कि कासिम अली के एक विपक्षी की शिकायत पर हल्का लेखपाल आए दिन मकान ढहाने की धमकी दिया करते हैं।बुधवार को कासिम अपने मकान की छत की रेलिंग बनवा रहे थे। मामले की शिकायत के बाद लेखपाल दल बल सहित दोपहर में कासिम के मकान पर पहुंचे। बताते हैं कि बुलडोजर आया नहीं था। लेखपाल खुद ही छत के रेलिंग की सटरिन्ग व बल्लियां गिराने लगे। छत की बल्ली गिरते ही यह दृश्य देख रहे मकान मालिक कासिम अचानक जमीन पर गिरकर छटपटाने लगे। उनके परिजन दौड़कर उन्हें घेर लिया। वृद्ध की बेहोशी हालत देख लेखपाल सहित पूरी राजस्व टीम व सुरक्षा गार्ड मौके से भाग खड़े हुए। घटना के बाद भी राजस्व कर्मी गांव वालों से कासिम का हाल चाल लेते रहे।


## सूचना

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेंटर फतेहगढ़ में विभिन्न Regimental Shops आवंटन के लिए उपलब्ध है जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इस संदर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते है। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र PRI Office, The SIKH LI RC PIN-209601, Fatehgarh (UP) के पते पर दिनांक 25 जून 2023 से पहले, SIKH LI RC के Main Gate पर रखे हुए bid box में डाले या रजिस्टर्ड डाक करें। 25 जून 2023 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकानों का आवंटन उच्चतम बोली के आधार पर किया जायेगा।

**Refreshment Shop, Stationary Shop, Gift Shop and Restaurant & Food Court and any other Shop**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शमशाबाद फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/पन्द्रह वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 10/06/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/पन्द्रह वित्त योजना के अन्तर्गत कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी शमशाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 11/06/2023 से 18/06/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/06/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अचानकपुर में कमलेश के घर से वीरपाल के घर तक मि0इं0ला0 ना0 नि0 कार्य | 999000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सुल्तानगंज खरेटा में बाबूराम के घर से सुरेश राजपूत के घर तक मि0ना0 इं0ला0 कार्य (लं0 90मी0 चौ0 3 मीटर) | 999000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(सुषमा वर्मा) ब्लाक प्रमुख

(मो0 समीम असरफ) खण्ड विकास अधिकारी

## कार्यालय ग्राम पंचायत रम्पुरा वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 10/06/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रम्पुरा द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 11/06/2023 से 18/06/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/06/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | लक्ष्मीदेवी पत्नी अशोक का कैटल शेड | 199000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | नेत्रपाल पुत्र नाथूराम का कैटल शेड | 199000 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | सामुदायिक भवन निमाण कार्य | 999000 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(रानीदेवी) प्रधान

(मो0 जीशान) सचिव

ग्राम पंचायत रम्पुरा विकास खण्ड शमशाबाद, फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत ललई वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2023-2024 दिनांक 13/06/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत ललई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु व अन्य सामिग्री आपूर्ति निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 14/06/2023 से 21/06/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 21/06/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | छोटेलाल के प्लाट से संतोष के मकान तक दोनों तरफ नाली निर्माण कार्य ढमढेरा | 138091 | 2761 | 500 |
| 2- | छोटेलाल के प्लाट से संतोष के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य ढमढेरा | 249537 | 4990 | 500 |

**नियम व शर्ते**– निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(अब्दुल मतलूब) प्रधान

(बृजनन्दन लाल) सचिव

ग्राम पंचायत ललई विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।


# सोनांचल इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र छात्राओं को सांसद ने किया सम्मान

**दुद्धी सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

## हर छात्र को 21000 नगद और टेबलेट के साथ मेडल

सोनांचल इंटरमीडिएट कॉलेज दुद्धी के सभी मेधावी छात्रों को माननीय सांसद महोदय, अपर जिला अधिकारी सहदेव मिश्रा सोनभद्र एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सोनभद्र द्वारा संयुक्त रूप से प्रत्येक छात्र को 21000 रुपए व टेबलेट के साथ मेडल देकर छात्र छात्राओं को समान्नित किया गया एवं उन्हें आगे नित्य सफलता पाने के लिए प्रेरित किया गया। पुरस्कर की धनराशि व टेबलेट पाकर छात्रों एवं अभिभावकों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठें। सरकार की ऐसी योजना की खूब सराहना की गई।बच्चो ने जनपद के टॉप 10 रैंक में स्थान लाने में अपने माता पिता व गुरुजनों का आशीर्वाद व सहयोग बताया एवं आगामी परीक्षाओं में प्रदेश स्तर पर नाम रोशन करने की बात कही। समस्त कार्यक्रम जिलाधिकारी कार्यालय हृद्धष्ट सोनभद्र के सभागार में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान बच्चो के साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालय के प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव एवं अध्यापक आदर्श तिवारी सहित कई छात्र छात्राएं मौजूद रहे। बता दे की सोनांचल इंटर कॉलेज मैं मेधावी छात्र छात्राएं हर वर्ष हाईस्कूल और इंटर में नए आयाम और रिकॉर्ड बना रहे हैं। कालेज के प्रबंधक राजेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज के बच्चों को शिक्षा के लिए हर संभव गुणवत्ता परक शिक्षा दिया जाता है पढ़ाई में बच्चों के साथ किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं की जाती जिसके चलते कालेज में हर वर्ष बच्चे अच्छे अंक पाकर मेधावी छात्रों के लाइन में खड़े हो गए हैं।

# मेधावियों को राज्यमंत्री ने किया सम्मानित, एक लाख रुपये और टेबलेट, मेडल से हुआ सम्मान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



डीआरडीए के सभागार में हाई स्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश व जिले की मेरिट में स्थान लाने वाले मेधावियों को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं जिलाधिकारी अविनाश कुमार द्वारा सम्मानित किया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में प्रदेश स्तरपर आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाकर मुख्यमंत्री का उद्बोधन सुना गया इसके पश्चात जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा आमंत्रित किये गए छात्रों को राज्यमंत्री ने सम्मानित किया। प्रदेश की मेरिट में स्थान लाने वाले 13 छात्र छात्राओं को एक लाख रुपये, टेबलेट और मेडल, सम्मान पत्र देकर राज्यमंत्री ने सम्मानित किया तो वहीं जिले की मेरिट में स्थान लाने वाले 8 छात्र छात्राओं 21 हजार रुपये और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अमर उजाला फाउंडेशन की तरफ से भी टेबलेट, प्रेरक पुस्तके और सम्मान पत्र छात्र छात्राओं को दिया गया। सम्मान पाकर छात्र छात्राओं के साथ ही उनके अभिभावक व शिक्षक भी प्रसन्नचित हुए। इस मौके पर सीडीओ एकता सिंह, एडीएम राकेश कुमार सिंह सहित भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह, चाइल्ड लाइन के निदेशक रत्नेश कुमार व कई कालेजों के शिक्षक, अभिभावक उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय बाराबंकी में जी-20 जनभागीदारी कार्यक्रम की शैक्षिक कार्यशाला का हुआ आयोजन

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के परिपत्र के अनुपालन में त्र-20 चौथे शिक्षा कार्यदल की बैठक में निर्देशित त्र-20, नई शिक्षा नीति 2020 तथा मूलभूत साक्षरता एवं अंक ज्ञान पर जागरूकता आधारित जिला स्तरीय जनभागीदारी कार्यशाला का आयोजन आभासी माध्यम से किया गया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि पी. के. श्रीवास्तव, प्राचार्य, महर्षि विद्या मंदिर तथा अतिथि वक्ता आर. पी. सिंह, नगर संयोजक, सी.बी.एस.ई.एवं प्राचार्य, बाबा गुरुकुल अकादमी, बाराबंकी तथा वी.के. यादव, प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय थे। कार्यशाला में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य रक्षा सक्सेना, प्राचार्य एम.बी.कॉलेज एवं राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत साहित्यकार मूसा खान भी उपस्थित थे। विद्यालय के शिक्षक ए.के.तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ ही नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला तथा विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक रोहित पाण्डेय ने मूलभूत साक्षरता एवं अंकज्ञान पर जागरूकता लाने हेतु अपने विचार रखे।

तत्पश्चात प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय वी. के. यादव ने नई शिक्षा नीति 2020 में किये गए नवीन बदलाव पर प्रकाश डाला 7 अतिथि वक्ता एवं सी.बी.एस.ई. नगर संयोजक व प्राचार्य बाबा गुरुकुल अकादमी बाराबंकी श्री आर. पी. सिंह ने भारत में शिक्षा की ऐतिहासिकता एवं समृद्धशाली परम्परा पर प्रकाश डाला एवं भारत के विश्व गुरु बनने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य महर्षि विद्या मंदिर पी. के. श्रीवास्तव ने नई शिक्षा नीति की प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# रामभक्त हनुमान के लिए सिनेमा हॉल में रिजर्व रहेगी आगे की सीट

**अमिताभ श्रीवास्तव/जसवीर सिंह**



**अयोध्या।** प्रभु श्री राम के परम भक्त हनुमान अब थिएटर फिल्म देखने जाएंगे! जी हाँ...बिल्कुल सही सुन रहे हैं आप।हनुमान जी थिएटर में फिल्म देखने जाएंगे। यह खबर सुनकर आप एक बार जरूर चौक गए होंगे लेकिन यह बिल्कुल सच है।पूरी कहानी हम आपको बताएं लेकिन उससे पहले यह बता दें कि अयोध्या में इन दिनों एक फिल्म %संकट मोचन हनुमान% की शूटिंग चल रही है।फिल्म में अरविंद अकेला कल्लू के साथ अभिनव तिवारी, रक्षा गुप्ता,शिवानी गुप्ता,विमल पांडेय,श्वेता झा,समर्थ चतुर्वेदी, मीर सरवर,अनिल रस्तोगी, जनार्दन पांडेय,ज्योति कलश, रीना रानी,कृष्णा यादव,रश्मि पाठक,शरदराज सिंह एवं अन्य स्थानीय कलाकार अभिनय करते हुए नजर आए।इस फिल्म को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियां बहुत पहले से ही शुरू हो चुकी थी लेकिन हाल ही में अयोध्या में फिल्म के मुहूर्त के दौरान एक बार फिर से यह फिल्म उस वक्त चर्चा में आ गई जब फिल्म के निर्माता धीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने मीडिया से बातचीत के दौरान यह घोषणा कर दी कि उनकी फिल्म संकट मोचन हनुमान जब रिलीज होगी तब हर थिएटर में,हर शो में आगे की सीट श्री राम भक्त हनुमान के लिए आरक्षित की जाएगी।इस घोषणा के पीछे उनकी अपनी आस्था है! त्रिपाठी का मानना है कि उनकी फिल्म संकट मोचन हनुमान महाबली बजरंगबली की कृपा से ही बन रही है।असल जीवन में भी हनुमान जी के परम भक्त धीरेंद्र मणि त्रिपाठी इस फिल्म में हनुमान जी को एक अलग किस्म के किरदार में दिखाना चाहते हैं। मीडिया के सवालों के जवाब में जब उनसे यह पूछा गया कि आपके अपने निजी जीवन में हनुमान जी की कितनी अनुकंपा है? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि उनका कारोबार हिंदुस्तान के साथ-साथ दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है और यह सब कुछ बजरंगबली के आशीर्वाद से ही संभव हो पाया है।

# मेधावी विद्यार्थियों को सीएम ने किया सम्मानित





महोबा। समृद्धि न्यूज

**वर्ष** 2023 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण राज्य स्तर पर प्रथम 05 स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को लोक भवन लखनऊ के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक लाख रूपये की चेक, टेबलेट, मंडल प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम में प्रदेश में इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज, चरखारी के छात्र शुभ चपरा ने मुख्यमंत्री से उक्त सम्मान प्राप्त किया तथा प्रदेश स्तर पर इण्टरमीडिट परीक्षा में सप्तम एवं हाईस्कूल परीक्षा में प्रदेश में सातवां स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को एक-एक लाख रूपयें उनके खातों में अन्तरित करने के साथ ही जनपद स्तर पर हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रथम 10-10 स्थान प्राप्त करने वाले कुल 19 परीक्षार्थियों को जिला सूचना विज्ञान केन्द्र, कलेक्ट्रेट महोबा में जितेन्द्र कुमार, विधान परिषद सदस्य (एम0एल0सी0), जे0पी0 अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी मनोज कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह के द्वारा रू0 21,000.00 प्रति विद्यार्थी धनराशि निर्गत किये जाने विषयक प्रमाण-पत्र टेबलेट, मेडल, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा सभी मेधावी छात्रों को आसीत वचन प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षा विभाग की ओर से सुरेश प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक महोबा, दिनेश चन्द्र स्वर्णकार, कामता गुप्ता, रामदीन सोनी, पवनेश पाठक, वन्दना गुप्ता, रूवि, पवनेश कुमार पाठक एवं अन्य कर्मचारी गण एवं अभिभावक उपस्थित रहें।

# प्राइवेट बस व मजदूरों से भरी पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत में सात मजदूर घायल एक बालक की मौत

पनवाड़ी(महोबा)। समृद्धि न्यूज



**पनवाड़ी** थानांतर्गत राठ रोड नकरा गांव के समीप प्राइवेट बस व मजदूरों से भरी पिकअप में आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। पिकअप सवार बालक की मौत हो गयी तथा सात महिला पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए है। सभी को यूपी 112 पुलिस की सूचना पर पहुची एम्बुलेंस 108 से चिकित्सीय उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां डॉक्टर व कर्मियों ने फौरी उपचार के बाद चार मजदूरों को जिला अस्पताल रेफर किया है। बता दें कि पनवाड़ी कस्बा के जटपुरा रविदास मंदिर निवासी 60 वर्षीय घासीराम अहिरवार पुत्र चन्नी अपनी 55 वर्षीय पत्नी आशा, 24 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार, 26 वर्षीय पुत्र रोहित,22 वर्षीय पुत्र अरविंद,20 वर्षीय पुत्र उमेश कुमार व 21 वर्षीय बहु रानी पत्नी अरविंद तथा 7 वर्षित रमित पुत्र राम भरोसे सहित ईंट भट्टा पर मजदूरी करने राजस्थान प्रान्त के धौलपुर गए थे। वहां से पिकअप में सवार होकर सभी लोग वापस पनवाड़ी आ रहे थे। आज बुधवार दोपहर राठ-महोबा मार्ग पनवाड़ी थानान्तर्गत नकरा गांव के समीप पहुँचे तो सामने से अनियंत्रित गति से आ रही प्राइवेट बस ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से पिकअप बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और उसमें सवार एक ही परिवार के 7 वर्षित रमित की मौके पर दर्दनाक रारीके से मौत हो गयी। पिकअप सवारों की चीखपुकार को सुनकर जागरूक राहगीरों ने यूपी 112 व एम्बुलेंस 108 को सूचना दी। आनन फानन में पुलिस टीम व एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुची। सभी को सीएचसी लाया गया। यहां बालक रमित को देखकर मृत घोषित किया तथा घासीराम,पत्नी आशा,बहु रानी, पुत्र सुनील,उमेश,रोहित,अरविंद को उपचारित किया है। चार लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया है। इस दौरान थाना के वरिष्ठ उपनिरीक्षक नरेश चंद्र निगम,अपराध निरीक्षक देवेंद्र मिश्रा पुलिस बल सहित सीएचसी पहुँचे और मृत बालक के शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु भेजा। बालक की मौत पर मजदूर परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# अवरोध बांध निर्माण कार्य मशीनरी द्वारा कराया जाये: जिलाधिकारी

इटावा। समृद्धि न्यूज



जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति एवं जिला मिशन समिति की बैठक जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहुति की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने भूमि संरक्षण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि योजना का लाभ लाभार्थियों को समय-समय पर दिया जाए एवं नवंबर, दिसंबर तक कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने विगत वर्षो पथा वित्तीय वर्ष- 2030 हेतु नए कार्यों के अनुमोदन प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत खेत, तालाब एवं तालाबों में पानी रिसाव रोकने हेतु रिसर्च कार्बनिक पदार्थ कृषि विभाग द्वारा कृषकों को उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति के समक्ष भूमि संरक्षण योजनाओं में केवल समतलीकरण तथा अवरोध बांध निर्माण का कार्य मशीनरी द्वारा कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक आर.एन. सिंह कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा. भूमि संरक्षण अधिकारी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## किसी भी दशा में सड़क पर बकरीद की नमाज अदा नहीं होगी: डीएम

**इटावा।** जिलाधिकारी व एसएसपी की अध्यक्षता मे आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत क्लेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में पीस कमेटी के सदस्यों व व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की अध्यक्षता मे क्लेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार मे आगामी त्यौहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत पीस कमेटी के सदस्यों व व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न कराने के लिए तथा जनपद की कानून व्यवस्था को प्रभावी एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से तय हुआ कि आगामी 29 जून को ईद-उल-अजहा बकरीद की नमाज़ ईदगाह परिसर के अन्दर अदा की जायेगी।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा: डीएम

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में योग दिवस की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा तथा योग सप्ताह 15 जून से 21 जून तक मनाया जाएगा। उन्होंने सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नवम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा तथा इसकी थीम 'हर घर-आंगन योग' है। उन्होंने कहा कि आमजन को योग अपनाने के लिए प्रेरित करे जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन में भारत की परंपरागत विरासत योग को जन-जन के आरोग्य का माध्यम बनाए जाने के उद्देश्य से 21 जून को प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा।जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह 15 जून से प्रारंभ होकर 21 जून तक मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए साफ सफाई, पेयजल, पार्किंग आदि सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की फोटो एवं प्रतिभागियों की संख्या का विवरण आयुष कवच ऐप पर व वेबसाइट यूपी आयुष सोसायटी डॉट कॉम पर अपलोड किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### केंद्रीय कारागार का अफसरों ने किया निरीक्षण

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय व एसएसपी संजय कुमार ने नवनिर्मित केन्द्रीय कारागार इटावा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी इटावा अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार ने केन्द्रीय कारागार इटावा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, जेल परिसर स्थित अस्पताल, पेयजल व्यवस्था, रसोईघर, सीसीटीवी, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपरजिलाधिकारी इटावा, क्षेत्राधिकारी नगर एवं पुलिस व प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### सुहानी वर्मा ने नीट परीक्षा में पायी सफ़लता

**इटावा।** शहर के पुरबिया टोला निवासी सुहानी वर्मा ने देश की प्रमुख मेडिकल नीट परीक्षा मे 695/720 अंकों के साथ देश में 519 रैंक (99.97परसेंटाईल) प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सुहानी वर्मा ने इसी वर्ष सेंट मेरी इंटर कॉलेज से 12वी की परीक्षा 96.4 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण की है । वह प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रही है ।हाई स्कूल की परीक्षा में भी 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। सुहानी ने बिना किसी कोचिंग के यह सफलता पायी है । उसने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरूजनों को दिया है।साथ ही सुहानी मेडिकल के सर्जन के क्षेत्र में कार्य कर एमबीबीएस यूजी करने के बाद एमएस करने का इरादा रखती है। ज्ञात हो कि सुहानी वर्मा के पिता अशोक कुमार बेसिक शिक्षा परिषद मे अध्यापक हैं। अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरदार पटेल विचार मंच आशीष पटेल ने सुहानी उनके पिता अशोक कुमार एवम परिवार को इस सफलता में बधाई देते हुए कहा कि सुहानी ने कुर्मी समाज के साथ साथ इटावा का भी नाम देश एव प्रदेश में रोशन किया है।उनकी इस सफलता पर पटेल विचार मंच की ओर से बेटी को बधाई दी गई। बधाई देने वालो में पूर्व सभासद अतुलेश पटेल,राकेश कुमार, बृजभूषण लाल वर्मा, कमलापति वर्मा, हरिहरनाथ वर्मा, मोहन वर्मा, सुनील पटेल, विनय कुमार, सचिन वर्मा, प्रमेंद्र पटेल, लल्लू वर्मा, हिमांशु वर्मा, शेरू वर्मा, अखिलेश वर्मा, रोबिन वर्मा,कमल वर्मा आदि प्रमुख है।

### थाना बलरई का कप्तान ने किया औचक निरीक्षण

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना बलरई का औचक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा थाना बलरई का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा थानाध्यक्ष कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित थानाध्यक्ष से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया गया ।

# सीआईएससीई के टॉपर भाइयों को प्रधान संघ ने सम्मानित किया



**इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत वीरपुर में ननिहाल में आये सीआईएससीई के टॉपर दोनों सगे भाइयों को प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने सम्मानित किया। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम वीरपुर निवासी नंदू पाल की बहिन के पुत्र धैर्यमान आसवाल ने डी पॉल स्कूल बदायू में अध्ययन करते हुए दसवीं की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में तीसरा तथा बड़े भाई आर्यमान आसवाल ने इण्टर की परीक्षा में 94 .25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया था दोनों मेधावी छात्र बुधवार को अपनी ननिहाल वीरपुर में आने पर वृंदा हर्बल पार्क के संस्थापक व ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह सेंगर द्वारा दोनों मेधावियों उनके माता - पिता क्रमशः नीतू आसवाल व राकेश कुमार को माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर लालमणि दुबे ,सुरजन सिंह पाल , नंदू पाल आदि मौजूद रहे।

# कलक्ट्रेट सभागार में हुआ मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

इटावा। समृद्धि न्यूज




**हाई स्कूल** एवं इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम सदर विधायक सरिता भदौरिया की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा लोक भवन में प्रदेश स्तरीय छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया जिसका सीधा प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं ने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। सदर विधायक एवं जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 20 विद्यार्थियों को 1 लाख रुपए की चेक, टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें आगे बढ़ने के लिए सदैव मेहनत करनी चाहिए। वहीं छात्र छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ पाते हैं जो समय का सदुपयोग करते हैं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा को भी स्मार्ट क्लास बनाया जाए एवं पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का बच्चों पर बहुत प्रभाव पड़ता है शिक्षकों का कक्षा में समय से आना अति आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि नकल विहीन परीक्षा का यही परिणाम होता है एवं ऐसे शिक्षक जो बच्चों को नकल कराकर बच्चों का भविष्य खराब करते हैं ऐसे शिक्षकों का बहिष्कार करना चाहिए। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती हम आजीवन छात्र ही रहते हैं हमें रोज कुछ ना कुछ नया सीखने को मिलता है, पढ़ने की जिज्ञासा आजीवन बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में जिला विद्यालय निरीक्षक राजू राणा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा प्रशांत राव चौबे, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत आरी वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 14.06.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आरी की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत आरी में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 3060 | 19.89 | 19890 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. आरी, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. आरी, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सीगौंन वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 14.06.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सीगौंन की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत सीगौंन में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 2826 | 18.37 | 18370 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. सीगौंन, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. सीगौंन, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बघौरा वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 दिनांकः 14.06.2023

**भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन**

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बघौरा की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बघौरा में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 4644 | 30.19 | 30190 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. बघौरा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं. बघौरा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा**


# डीएम ने राज्य कर्मचारी चिकित्सा योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

महोबा। समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** मनोज कुमार की अध्यक्षता में कर्मचारी/पेंशनर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैशलैस हेल्थ कार्ड, राष्ट्रीय योग दिवस, पौधरोपण, आईजीआरएस की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी चिकित्सा योजना कि समीक्षा में जिलाधिकारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मचारिओं/अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन कर आहरण वितरण अधिकारी के द्वारा सत्यापन के उपरांत कैशलैस हेल्थ कार्ड ऑनलाइन जनरेट करने की व्यवस्था शासन ने लागू की है, जिसमें आहरण वितरण अधिकारी अपने कार्यालय के कर्मचारियों/अधिकारियों के ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित करें ताकि किसी भी तरह की बीमारी को लेकर कर्मचारी/अधिकारी के पास पैसा ना होने पर भी इलाज हो सकने का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत 15 जून से हर घर आंगन योग का शुभारम्भ स्टेडियम महोबा से किया जायेगा जोकि निरंतर ब्लॉक स्तर/तहसील स्तर, नगर पालिका/पंचायतों में निरंतर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।21 जून 2023 राष्ट्रीय योगदिवस वृहत रूप से मनाया जायेगा तथा शैक्षणिक संस्थानों में साफ सफाई दुरुस्त कर योग कार्यक्रम किया जायेगा। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनपद के हर नागरिक को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। पौधरोपण कि तैयारिओं को लेकर उन्होंने बताया कि 01 जुलाई से 07 जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन किया जाना हैं, जिसमें हर विभाग को पौध लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लक्ष्य के अनुरूप पौध लगाए जाने वाले स्थल को चिन्हित कर निर्धारित दूरी पर लगाए जाने वाले पौधों कि संख्या निर्धारित कर वन विभाग व उद्यान विभाग द्वारा इस महोत्सव में निःशुल्क पौध दिए जायेंगे तथा 25 जून तक सारी तैयारियां पूरी कर लें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा में सभी अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का ससमय, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे जुबेर बेग, उपजिलाधिकारी सदर अरुण कुमार दीक्षित, उपजिलाधिकारी चरखारी स्वेता पांडे सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यायालय सभागार में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन

**इटावा।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष के आदेशानुसार विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय, इटावा सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से प्रभारी जनपद न्यायाधीश कुमार प्रशान्त की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्रभारी जनपद न्यायाधीश कुमार प्रशान्त द्वारा सभागार में उपस्थित लोगों को रक्तदान की महत्वता को समझाते हुये किया गया। उन्हानें अधिक से अधिक लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान करने हेतु प्रोत्साहित किया जिसके फलस्वरूप लोगों ने बढ़चढ़कर शिविर में हिस्सा लिया। अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त शिविर में न्यायिक अधिकारीगण, जिला बार एसोशिएसन व सिविल बार एसेशिएसन के महामंत्री व अन्यजन उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सपाईयों ने किया प्रदर्शन

- सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में भारी जनसैलाब सड़कों पर उतरा
- शहर के केके इण्टर कालेज के खेल मैदान में भारी संख्या में एकत्र हुए सपाईयों ने जुलूस निकालकर कलेक्टेªट पहुंचे, किया प्रदर्शन
- किसानों की समस्याओं के निराकरण कराए जाने को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**आलू** किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्षशील समाजवादी पार्टी अब निर्णायक मूड में आ गई है। कोल्ड मालिकों द्वारा मनमाने ढंग से आलू भण्डारण किराया वसूलने के विरोध में एक बार फिर सपाइयों ने जोरदार आंदोलन किया। जिले में सपा के पुरोधा कहे जाने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुआई में भारी जनसैलाब सड़कों पर उतरा। कन्नौज-सरायमीरा मार्ग स्थित बोर्डिंग ग्राउण्ड से जुलूस निकालते हुए सपा कार्यकर्ता भारी हुजूम के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां सपाइयों ने प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा और किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई।

सपा नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव की अगुवाई में बुधवार को किसानों की समस्याओं को लेकर हजारों की तादाद में सपा कार्यकर्ता और कियान बोर्डिंग ग्राउंड में एकत्रित हो गए। जिसके बाद सपाइयों का विशाल हुजूम बोर्डिंग ग्राउंड से कलक्ट्रेट की ओर चल पड़ा। अशोक नगर मोहल्ला, तिर्वा क्रासिंग ओवरब्रिज होते हुए जुलूस कलक्ट्रेट पहुंचा, जहां सपा नेता नवाब सिंह यादव की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया।. इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने कहा कि इस भीषण गर्मी और तेज धूप की परवाह किए बगैर जो लोग किसान आंदोलन को सफल बनाने के लिए यहां पहुंचे हैं, यह उनके सच्चा समाजवादी होने का प्रमाण है। समाजवादी लोग सदैव गरीबों और मजदूरों की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आए हैं। जब-जब सत्ता मगरूर हुई है तब-तब समाजवादी लोगों ने सड़कों पर उतर कर गरीबों और मजलूम के लिए संघर्ष किया है। वहीं समाजवादी महिला कार्यकर्ताओं ने ढोल बजाकर सरकार को जगाने का काम किया। हजारों की तादाद में मौजूद सपा कार्यकर्ताओं ने डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला से मुलाकात करते हुए एक ज्ञापन उन्हें सौंपा। ज्ञापन में सपाइयों ने कहा कि सरकार ने सादा आलू के लिए भंडारण शुल्क 230 रुपए प्रति कुंतल तय किया, जबकि ऊर्जा वाले आलू का भंडारण शुल्क 260 रुपया प्रति कुंतल निर्धारित किया गया। इसके बावजूद कोल्ड मालिक किसानों से मनमाना भंडारण शुल्क वसूल रहे हैं, जिससे किसान परेशान है। उन्होंने तत्काल कोल्ड मालिकों की मनमानी वसूली पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रुप से दिगम्बर सिंह यादव, कैश खां, पूर्व जिलाध्यक्ष मुन्ना दरोगा, भोले कुरेशी, जिला महासचिव राम सेवक राजपूत, इंद्रेश यादव, विपिन यादव, नीलू यादव, अवधेश यादव, पदम् सिंह, सोनू सिंह, संजय दुबे, मंसूर अली, नन्हू खां, योगेंद्र यादव, बबलू प्रधान, नासिर सिद्दकी, अतीक हुसैन, बलवीर प्रधान, विनोद यादव, इंतजार अहमद, श्रीदेवी, सुमन, शशिमा दोहरे, अंजली, गीता यादव, शैलेन्द्र सिंह, अजीम, मेजर यादव, आलोक यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे।




जुलूस में मौजूद सपाई व किसान एवं डीएम को ज्ञापन सौंपते सपा नेता नवाब सिंह यादव व अन्य पदाधिकारीगण

## महिला की हत्या का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** शादी में दहेज ना मिलने पर ससुरालियों ने महिला के साथ अभद्रता करते हुए उसे मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद उसकी गला दबाकर महिला की हत्या कर दी। पर मृतक महिला के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर पति सहित ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थाना ठठिया के ग्राम दहलेपुरवा निवासी श्याम सिंह ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया है कि उसने अपनी पुत्री का विवाह 03 वर्ष पूर्व ग्राम सूलनपुर निवासी सुमित उर्फ अनिल यादव के साथ किया था। शादी के बाद पति सुनील, जेठ रंजीत, जेठानी सोमवती, ससुर रामसेवक ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जब उसकी पुत्री ने विरोध किया तो ससुरालियों ने बीती 13 जून की रात उसकी पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# जिले में आज से 21 जून तक विभिन्न स्थानों पर आयोजित होंगे योग कार्यक्रम

- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में डीएम ने बैठक में अधिकारियो को दिए आवश्यक निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**अंतर्राष्ट्रीय योग** दिवस पर आयोजित होने वाले आयोजन को सफल बनाए जाने को लेकर डीएम की अध्यक्षता में कलेक्टेªट के गांधी सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि 15 जून से पूरे सप्ताह 21 जून तक योग के आयोजन कराए जाएंगे। इसमें अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे जिले में गांव- गांव, घर-घर तक योग पहुंचना चाहिए। योग का आयोजन पुलिस लाइन, मेहंदी घाट, गंगा ग्राम, समस्त तहसील, ब्लाक ग्राम पंचायत एवं प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों व नगरीय क्षेत्रों के वार्डो आदि स्थानों पर होना चाहिए। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में योग सप्ताह का आयोजन करवाएंगें। उन्होने कहा कि अधिवक्ता संघ एवं व्यपारी संघ तथा मीडिया बंधु के लोगों को योग सप्ताह में प्रतिभाग करने हेतु सम्मिलित किया जाए। जहां पर योग के प्रति रुचि ले वहां पर 1 माह तक योग के कार्यक्रम चलाए जाये। कहा कि कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार योग कराया जाये। बताया कि 15 जून को पुलिस लाइन में योगा सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी गरिमा सिंह समेत अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# राइकोडरमा फफूंदी रोगों के नियंत्रण में प्रभावी: डॉ अरविंद कुमार

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** ट्राइकोडरमा का प्रयोग बीज शोधन एवं भूमि शोधन के रूप में किया जा सकता है। बीज शोधन हेतु 4 से 5 ग्राम ट्राइकोडर्मा प्रति किलोग्राम बीज की दर से पानी की छीटे मारकर शोधन करने के बाद बीज को छाया में सुखाकर बुवाई करें। यह बात वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने कही।



कृषि विज्ञान केंद्र कन्नौज द्वारा क्षेत्र के ग्राम डिगसरा में प्रक्षेत्र दिवस जायद मूंगफली में ट्राइकोडरमा प्रयोग का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अरविंद कुमार ने किसान भाइयों को संबोधित करते हुए बताया कि भूमि शोधन हेतु 2.5 किलोग्राम ट्राइकोडरम 50 से 60 किलोग्राम सडी गोबर की खाद में उपयुक्त नमी की दशा में मिलाकर 3 से 5 दिन छाया में रखकर तैयार कर शाम के समय खेत में बिखेर कर बुवाई कर सकते हैं। इसका प्रयोग कर फसल को फफूंदी जनित रोगों से बचा कर मूंगफली एवं अन्य फसलों का गुणवत्ता युक्त अधिकतम उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकला यादव ने किसानों को अंतर्राष्ट्रीय मोटे अनाज वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में मोटे अनाजों के प्रयोग के बारे में बताया तथा मूंगफली को आहार में शामिल करने की बात कही। डॉ अमर सिंह ने मूंगफली में पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी। डा.सुशील कुमार ने मूंगफली की खुदाई उपरांत प्रबंधन की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में लगभग 35 किसानों ने प्रतिभाग किया।

## सभासद प्रतिनिधि और सफाईकर्मियों से की अभद्रता

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज़।** नगर की सफाई का जिम्मा उठाने वाले सफाई कर्मियों सहित जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि के साथ दबंग युवक द्वारा अभद्रता करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित सफाई कर्मियों सहित सभासद प्रतिनिधि ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी सुजीत व राहुल ने बताया कि वह अपने वार्ड में साफ सफाई का कार्य करता है। बुधवार की सुबह वह वार्ड नंबर 21 हमीद नगर में साफ सफाई कर रहा था। तभी उस मोहल्ले का निवासी युवक घर से बाहर निकला और सफाई कर्मियों को जातिसूचक गाली गलौज देने लगा। विरोध करने पर उनसे मारपीट भी की। दोनों युवक किसी तरह जान बचाकर वार्ड के सभासद प्रतिनिधि के पास गए और उन्हें पूरी बात बताई। सफाई कर्मियों की बात को संज्ञान में लेकर प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ बड़े भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# पुलिसकर्मियों को नशामुक्ति की दिलाई गई शपथ

- पुलिस लाइन स्थित सभागार के मनोरंजन हाल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**बुधवार** को पुलिस लाइन स्थित मनोरंजन हॉल मे नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को नशीले पदार्थो, तम्बाकू का सेवन न करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान उन्हें भी शपथ दिलाई गई।

इस दौरान पुलिसकर्मियों को बताया गया कि समाज में विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने एवं इसकी बुराईयों से उन्हें अवगत कराना हमारा दायित्व भी है और कर्त्तव्य भी। कहा कि नशा एक जिले या प्रदेश की नहीं, देश दुनिया की समस्या है। पुलिस कर्मियों को बताया गया कि जीवन को नशा मुक्त बनाना ही एक लक्ष्य होना चाहिए। प्रतिसार निरीक्षक ने समस्त पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई कहा कि सभी लोग संकल्प लें कि वह नशामुक्ति के लिए अभियान चलाएंगे और जीवन को खुशहाल बनाएंगे। इस अवसर पर डॉक्टरो की एक विशेष टीम, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, टीएसआई मोहम्मद आफाक खान एवं विभिन्न कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेधावी छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित



**गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** नगर के रिलायंस ट्रेंड्स में हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि व आयोजकों ने बच्चों को शील्ड, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बुधवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित रिलायंस ट्रेंड्स में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता और मैनेजर मानवेंद्र सिंह, संजय कौशल आदि ने नगर सहित क्षेत्र के विद्यालयों से आए लगभग 60 छात्र छात्राओं को मेडल शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मयंक गुप्ता ने कहा कि समय-समय पर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसे कार्यक्रम होना आवश्यक है। उत्साहवर्धन से बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और उनका बौद्धिक विकास होता है। इस मौके पर राजीव पाठक, परवेज आलम, सूर्यप्रकाश गुप्ता, परवेज आलम, मिथुन गुप्ता, राजकुमार, मोहित, सत्यम, विमलेश, प्रभात आदि मौजूद रहे।

# भाजपा ने हर गरीब पात्र तक पहुंचाया योजना का लाभ: सुब्रत

- नगर के तिर्वा रोड पर हुआ लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज



सम्मेलन को संबोधित करते सांसद सुब्रत पाठक — समृद्धि न्यूज

**केन्द्र व** प्रदेश की भाजपा सरकार ने देश के हर गरीब पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। पहली बार देश में कागजों पर नहीं बल्कि जमीन पर योजनाओं को उतारा गया है। जबकि पिछली सरकारों ने तो गरीब, किसान, नौजवान, महिलाओं आदि की ओर ध्यान ही नहीं दिया। लेकिन मोदी सरकार के 09 वर्ष के कार्यकाल में गरीबों का सपना साकार हुआ है। आज हर पात्र गरीब के पास अपना पक्का मकान है।

यह बात बुधवार को सांसद सुब्रत पाठक ने नगर के तिर्वा रोड पर आयोजित लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश की जनता को शौचालय, आवास, किसान सम्मान निधि, बिजली कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, हर घर जल योजना, सड़क सहित तमाम योजनाओं का संचालन कर लाभ दिया है। आज देश की स्थिति विश्व पटल पर पिछली सरकारों की अपेक्षा अलग है। भारत को अन्य देश सम्मान की नजर से देख रहे है। जबकि विरोधी देश भी मोदी सरकार की प्रशंसा करने लगे है। पड़ोसी देश पाकिस्तान की जनता अन्न की समस्या से जूझ रही है। ऐसे में मोदी ने देश के 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन देने का कार्य किया है। विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार ने तस्वीर बदलने का काम किया है। जहां चारो ओर सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। तो वही गांव-गांव पानी की टंकी पेयजल की समस्या का निदान कर रही है। ग्रामीणों क्षेत्रों में बिजली पहुंचाई जा रही है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के मिल रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव, राम कुमार पाठक, मयंक गुप्ता, नीरज मिश्रा, दिलीप गुप्ता, संजू गुप्ता, आंचल गुप्ता, शिवा गुप्ता, अनुराग गुप्ता, मानव गुप्ता सहित कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# बिजली समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत ने किया प्रदर्शन




एसडीओ कार्यालय के बाहर धरना देते भाकियू के कार्यकर्ता व एसडीओ को ज्ञापन सौपते जिलाध्यक्ष शमीम सिददीकी व अन्य पदाधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

- भाकियू ने एसडीओ को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन

गुरसहायगंज, कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**किसानों** की विद्युत समस्याओं के निराकरण हेतु भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड छिबरामऊ को संबोधित ज्ञापन विद्युत उपखंड अधिकारी गुरसहायगंज को सौंपा गया। बिजली विभाग की लचर व्यवस्थाओं को ध्यान में रख समस्याओं के निस्तारण की मांग की। निस्तारण न होने पर जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी।

बुधवार की सुबह भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने पदाधिकारियों के साथ नगर के पावर हाउस पहुंचकर एसडीओ कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने बिजली अधिकारियों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की और समस्या का निस्तारण ना होने तक धरना देने की चेतावनी दी। जिस पर एसडीओ अरविंद कुमार मौर्य, जेई विकास कुमार, कस्बा प्रभारी अजब सिंह ने जिलाध्यक्ष सहित मौजूद लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने एसडीओ को 6 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिसमें नगर पंचायत समधन में लगातार काफी दिनों से विद्युत आपूर्ति बाधित है। जर्जर केबल तुरंत बदली जाए। ग्राम खाड़ेदेवर की बिजली व्यवस्था ठीक कराई जाए। इस्माइलपुर फीडर में फाल्ट होने के कारण सप्लाई बाधित होती है। बार-बार ट्रिपिंग रोककर निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाए। किसी भी बकायेदार किसान का बिना सूचना दिए कनेक्शन ना काटा जाए। ग्यारह हजार लाइन के झूलते तार तत्काल ठीक कराए जाएं तथा हाईटेंशन लाइन से मरने वाले किसान को विभाग द्वारा 10 लाख मुआवजा दिया जाए। यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान ना हुआ तो भारतीय किसान यूनियन मुख्यालय में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस मौके पर इरशाद अली, मोइन अहमद, सत्यम प्रजापति, साजिद हुसैन, शैलेंद्र कुमार, शकील हुसैन, पिंटू यादव, अब्दुल मतीन, प्रमोद कुमार, अनवार खान, जितेंद्र गिहार सहित भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनपद न्यायालय परिसर में लगाया गया रक्तदान शिविर

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में बुधवार को जनपद न्यायालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की देखरेख में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया।

इस अवसर पर अपर जनपद न्यायाधीश/एफ्टीसी प्रथम इन्द्रजीत सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट धर्मवीर सिंह, सिविल जज ( जू0डि0 ) स्वप्निल पाण्डेय ने रक्तदान किया। साथ ही साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा के कर्मचारी विनय मिश्रा, डाटा इन्ट्री आपरेटर, विवेक मिश्रा, लिपिक, तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा भी रक्त दान किया गया। जनपद न्यायाधीश ने भी रक्तदान किया। शिविर में उपस्थित रक्तदाताओं द्वारा भविष्य में भी जरूरतमंदों को रक्त देने का संकल्प किया गया। शिविर के दौरान डा0 ओपी गौतम, डा. विभांशु चतुर्वेदी, मिथलेश, प्रमेश पाण्डेय, राहुल कुमार, मो. शफी, एवं अचल यादव के साथ मेडिकल टीम तैनात रही।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बड़ेरा खुर्द वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 — दिनांकः 14.06.2023

भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़ेरा खुर्द की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बड़ेरा खुर्द में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 1170 | 7.61 | 7610 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. बड़ेरा खुर्द, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा — ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा.पं. बड़ेरा खुर्द, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा

### कार्यालय ग्राम पंचायत लमौरा वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 — दिनांकः 14.06.2023

भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लमौरा की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत लमौरा में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 3186 | 20.71 | 20710 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. लमौरा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा — ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा.पं. लमौरा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा

### कार्यालय ग्राम पंचायत बछेछरकलां वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 — दिनांकः 14.06.2023

भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बछेछरकलां की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बछेछरकलां में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 3240 | 21.06 | 21060 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. बछेछरकलां, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा — ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा.पं. बछेछरकलां, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा

### कार्यालय ग्राम पंचायत बुधवारा वि.ख. जैतपुर जि. महोबा उ.प्र.

पत्रांकः/मेमो/निविदा/2023-24 — दिनांकः 14.06.2023

भूसा/चारा आपूर्ति हेतु अल्पकालिक निविदा प्रकाशन

वित्त वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बुधवारा की स्वीकृत कार्य योजना 2023-24 में भूसा आपूर्ति हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15.06.2023 से 19.06.2023 में शीलबंद निविदायें 12 बजे तक आमंत्रित की जायेगी एवं उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाओं/ प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष उसी दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | मात्रा कुन्तल | अनु.लागत लाख | धरोहर राशि | भूसा/चारा आपूर्ति किये जाने की समायवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत बुधवारा में गौ आश्रय स्थल संचालन कार्य | भूसा/चारा | 8280 | 53.82 | 53820 | 20.06.2023 से 31.03.2024 तक |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3.निविदा दाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान, ग्रा.पं. बुधवारा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा — ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्रा.पं. बुधवारा, वि.ख. जैतपुर, जि.महोबा

# ट्रेन से कटकर महिला की मौत

- पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी नहीं हो सकी महिला की शिनाख्त
- पुलिस ने शव को मर्चरी में रखवा दिया


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस व मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन से कटकर महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और शिनाख्त कराने की प्रयास किया। खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

जानकारी के अनुसार बुधवार को थाना मऊदरवाजा के नेकपुर खुर्द के पास मुम्बई से बरौनी जा रही सुपर फास्ट ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की कटकर मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ दरोगा अंकित कुमार व रायपुर चौकी इंचार्ज सूर्य प्रकाश उपाध्याय घटना स्थल पर पहुंच गये और जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त कराने के लिए पुलिस ने आसपास क्षेत्र के लोगों को घटनास्थल पर बुलवाया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। फिलहाल पुलिस ने शव को शवगृह में रखवा दिया है।

## पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कई के किये चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने जिले भर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों का चालान किये और उन्हें हिदायत देकर छोड़ा। जानकारी के अनुसार बुधवार को कई थानों की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बगैर कागज के वाहन चलाने वालों के चालान काटे तथा कई से जुर्माना भी वसूला। इसके अलावा बगैर हेल्मेट के गाड़ी चलाने वालों को हिदायत दी। पुलिस की इस कार्यवाही से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। कई वाहन चालक तो इधर उधर से गाड़ी निकालते नजर आये, तो कई सत्ता पक्ष के नेताओं से सिफारिश करते दिखे।

## मां-बेटी को मारपीट कर घर से बेघर करने में चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां-बहन को मारपीट कर घर से निकाल देने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र ग्रानगंज निवासी रुकसाना पुत्री सरफुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह तलाकशुदा महिला है। अपनी 12 वर्षीय पुत्री के साथ मां निशा बेगम के घर पर रहती है। भाई रहसुद्दीन, शमसुद्दीन, सलमान आये दिन शराब पीकर गाली-गलौज कर मारपीट करते है। 7 जून को आरोपियों ने मारपीट कर मुझे व मेरी मां को घर से निकाल दिया। रात भर हम मां-बेटी सड़क पर पड़ी रही। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# पुलिस ने महिलाओं व युवतियों को किया जागरुक


महिलाओं व युवतियों को जागरुक करतीं महिला सुरक्षा दल की टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर महिला सुरक्षा विशेष दल ने नगर में आने जाने वाली युवतियों व महिलाओं महिला सशक्तिकरण के तहत जागरुक किया। महिला पुलिस ने कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत अभियान चला रही है। जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाया जाये। महिला पुलिस ने कहा कि आप लोगों को किसी से डरने की जरुरत नहीं है। पुलिस आपके साथ है। कोई भी आवश्यकता पड़ने पर आप हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, 1090, 1076 पर तुरंत कॉल करें। पुलिस तुरंत आपकी मदद के लिए मौके पर पहुंचेगी। आपको यदि कोई अराजकतत्व रास्ते या स्कूल जाते परेशान करता तो डटकर मुकाबला करें। पुलिस आपके साथ है।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 16 प्रस्तावों को हरी झंडी


बैठक लेते पालिकाध्यक्ष शरद गंगवार व मौजूद सभासद आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका बोर्ड की पहली बैठक नगर पालिका अध्यक्ष डा0 शरद गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें 2023-24 के लिए 18 प्रस्तावों को रखा गया। जिसमें 16 प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। वहीं दो प्रस्तावों पर सभासदों ने अपनी असहमति जतायी। पालिका अध्यक्ष डाक्टर शरद गंगवार ने बैठक में संबोधित करते हुए कह कि नगर पालिका को आदर्श नगर पालिका बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। क्षेत्र में जो भी समस्यायें हों, वह मुझे बतायें। उनका निस्तारण किया जायेगा। बैठक के दौरान सभासद व अधिशाषी अधिकारी धनुषधारी उर्फ डी0डी0 सिंह, अंशुमन शुक्ला, जेई प्रशान्त यादव, वरिष्ठ लेखाकार राम भुवन यादव सहित सभासद झगडू यादव, राहुल यादव, पूनम, अवनीश, उत्तम, गीता देवी, रूबी, शशी, पूनम, गौरव, अवनीश, रवेन्द्र कुमार, लक्ष्मी, प्रमोद, रीना, सौम्या, शैजी खान, स्वाती, किशन, राहत अली, शाहिद, गीता, पूजा, विक्रांत उपास्थित रहे।

# चोरों ने नकब लगाकर पार किये जेवरात व नकदी


चोरों द्वारा खेत में डाला गया बक्सा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चोरों ने घर के पीछे से नकब लगाकर हजारों की नकदी व जेवरात पा कर दिये। घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी गयी है। पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव सैथरा निवासी कमरुद्दीन पुत्र जलील खाँ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि 13 जून की रात्रि घर के पीछे से चोरों ने नकब लगाकर बक्से में रखे पचास हजार की नकदी के अलावा सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया।

इसके अलावा कीमती बर्तन भी चोरी कर ले गये। सुबह पास के ही खेत में बक्सा पड़ा मिला। घटना के संबंध में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया।

# रजनी लौंगानी के मार्ग दर्शन में बच्चे सीख रहे डांडिया


कार्यशाला में डांडिया सीखती छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** साहित्यिक समाजिक संस्था संस्कार भारती द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में बच्चे विभिन्न विधायें सीखकर पारंगत हो रहे है। नृत्य व डांडियां की प्रशिक्षिका रजनी लौगानी ने बताया कि डांडिया में लह व ताल का बहुत महत्व होता है। डांस करते समय कब झूमकर डांडिया से तालमेल करते हुए डांडिया खेली जाती है। इसका ध्यान रखना बहुत जरुरी है। गुजरात का प्रमुख नृत्य डांडिया है। जहां नवरात्रि के समय विशेष पूजा पाण्डालों में गरवा व डांडिया नृत्य का आयोजन होता है। साथ ही बंगाल में भी इसकी परम्परा है। सिंधी समाज के लोग झूले लाल की जयंती पर पारंपरिक ढंग से डांडिया खेलते है। संस्कार भारती की कार्यशाला में रजनी लौगानी की देखरेख में बड़ी संख्या में बच्चे डांडिया नृत्य सीख रहे है। विभिन्न गानों की धुनों पर बच्चों ने डांडिया नृत्य कर धमाल मचाया। वह अपनी परफामेंस समापन अवसर पर 18 जून को दिखायेंगे। सभी लोगों का कार्यशाला में सहयोग मिल रहा है।

# खबरें चलते-चलते

## पंतजलि योग समिति 15 से 20 तक करायेगी योगाभ्यास

**फर्रुखाबाद (सं.)।** भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति, किसान समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा प्रभारी तहसील एवं ब्लाक स्तर के पदाधिकारी व योग शिक्षक की बैठक बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में सम्पन्न हुई। आगामी 21 से 23 जून तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रोटोकाल के अनुसार योगाभ्यास होगा। योग प्रशिक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में 15 जून से 20 जून तक योग सप्ताह की तैयारी करायें। जिला प्रभारी योग समिति व महिला प्रभारी अर्चना द्विवेदी, किसान समिति के मुन्नालाल, रुकमंगल सिंह, नारायन देव, राजगौरव पाण्डेय, सतनाम सिंह आदि लोगों को प्रभारी बनाया गया है। इस मौके पर अंजली यादव, इन्दू चतुर्वेदी, बृजेश गंगवार, डॉ0 सी.डी. यादव, राजीव कुमार गुप्ता आदि लोगों ने संकल्प लिया कि अपने क्षेत्र में योग करेंगे।

## सीओ ने न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**फर्रुखाबाद (सं.)।** क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद ने न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान न्यायालय की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिय। जानकारी के अनुसार बुधवार



को सीओ मोहम्मदाबाद ने पुलिस बल के साथ न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान सीओ ने बन्दी गृह, एंट्री, एग्जिट प्वाइंट की सुरक्षा, कैदियों को ले जाते समय अपनाये जा रहे सुरक्षा मानक आदि को चेक कर सुरक्षा में तैनात पुलिस को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

# सपा जिलाध्यक्ष ने दूसरी सूची में 19 लोगों को बनाया विशेष आमंत्रित सदस्य


रामसेवक यादव को मिठाई खिलाते जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने बुधवार को 19 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। विशेष आमंत्रित सदस्य में डा0 जेपी वर्मा, रामानन्द प्रजापति, सरल दुबे, ब्लाक प्रमुख अनीता रंजन, सुबोध यादव, जिला प्रभारी नबल किशोर शाक्य, राष्ट्रीय प्रवक्ता डा0 अरविन्द गुप्ता, उमर खां, रामप्रकाश कल्लू यादव, करन माथुर, पूर्व चेयरमैन उदय पाल सिंह, पूर्व महा नगर अध्यक्ष विजय यादव, हरीश यादव, अनवर जमाल सिद्दीकी, चांद खां, राशिद जमाल सिद्दीकी, अरशद जमाल सिद्दीकी, अशोक कुमार उर्फ लल्लू यादव, रामसरन कठेरिया सहित 19 लोगों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। इससे पूर्व भी दो दिन पहले वरिष्ठ 14 नेताओं को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। पार्टी में तालमेल बिठाते हुए सभी जातियों को समायोजित किया गया है। जिसमें विभिन्न वरिष्ठ नेताओं की दूसरी लिस्ट में 19 नेता विशेष आमंत्रित सदस्य बनाये गये है। बीते दिनों जिला कमेटी की घोषणा हुई थी। कुछ लोग नाराज दिखे थे, जिसे जिलाध्यक्ष ने पहल करते हुए तालमेल के साथ आगामी लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति बनाते हुए काम शुरु कर दिया है। बुधवार को पार्टी कार्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामसेवक यादव का जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस मौके पर पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को किया गया जागरुक


महिलाओं को जागरुक करते थानाध्यक्ष

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला सशक्तिकरण हेतु एक मीटिंग किदवई नगर के कन्या प्राथमिक विद्यालय में संपन्न हुई। जिसमें थाना कमालगंज से सेकेंड एस0एच0ओ0 सत्य प्रकाश, महिला कांस्टेविल वीट शिवानी, रेनू, प्राची, सभासद प्रतिनिधि मो0 आशु, सभासद बबली, सभासद इजाजत मंसूरी, प्रधानाध्यापक ममता औदीच्य, राम मोहन औदीच्य व किदवई नगर व जवाहर नगर की महिलायें उपस्थित रहीं। जिसमें महिलाओं को उनकी सुरक्षा के बारे में व जनहित में चल रही योजनाओं के बारे में बताया गया। साथ ही उन्हें हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी दी गयी।

## घर में घुसकर मारपीट में तीन पर मुकदमा दर्ज



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

कोतवाली फतेहगढ़ के कांशीराम कालोनी बन्धौआ निवासी रुद्रप्रताप पुत्र अवधेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 12 जून को मोहल्ला न्यू फौजी कालोनी निवासी दीपू यादव, अंकज यादव पुत्रगण महेश यादव, शिवा घर में घुस आये और गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के आ जाने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# गरीब जनकल्याणकारी योजना को कोटेदार लगा रहे पलीता



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सरकार की गरीब जनकल्याणकारी अन्न योजना को कोटेदार पलीता लगा रहे हैं। वहीं गरीब कोटेदारों के चक्कर लगा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कोटेदार सरकार की गरीब जनकल्याणकारी अन्न योजना को पलीता लगा रहे हैं। जहां एक ओर सरकार गरीबों को राशन मुहैया करा रही है, वहीं कोटेदार अपनी मनमानी पर उतारु हैं। हड़ताली कोटेदारों का कहना है कि जब तक सरकार उनका कमीशन उनके खातों में नहीं डाल देगी तब तक वह राशन वितरण नहीं करेंगे। ऐसे में सरकार द्वारा चलाई जा रही गरीब जनकल्याणकारी अन्ना योजना को कोटेदार पलीता लगा रहे हैं तथा गरीब व्यक्ति उनके घरों के चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में सरकार लगातार 9 वर्ष पूरे होने पर गरीबों के लिए चलाई जा रहीं योजनाओं को सांसद, विधायक तथा जनप्रतिनिधि क्षेत्र में जाकर सरकार की योजनाओं का बखान कर रहे हैं। वही उन्हीं के कोटेदार गरीबों के निवाले पर अपना हाथ साफ करते दिख रहे हैं। राशन वितरण करने की बात कहकर लोगों को अपने घरों के चक्कर कटवा रहे हैं। ऐसे में जब जिला सप्लाई अधिकारी से बात करनी चाही, तो उनका फोन स्विच ऑफ जा रहा था। जिससे कोटेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने की कोई बात नहीं बता सका, लेकिन गरीब लगातार कोटेदारों के चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में सरकार को दोषी माना जाए या फिर कोटेदारों को दोषी माना जाए। सरकार तो गरीबों के लिए टाइम से राशन मुहैया करा रही है, लेकिन कोटेदार सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में जुटे हैं।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा आध्यात्मिक ज्ञान


बच्चों के साथ अध्यात्मिक कार्यक्रम में मौजूद बीके शोभा बहन

- बच्चों को वितरित किये गये गिफ्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद सेवा केंद्र पर बुधवार को समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 40-50 बच्चों ने भाग लिया। विद्यार्थी जीवन में स्वउन्नति का साधन आध्यात्मिक और चारित्रिक मूल्य विषय पर चर्चा हुई। जिसमें केंद्र संचालिका बीके शोभा दीदी ने कहा कि सारे जगत को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले सूर्य नारायण होते हैं। इसी प्रकार बच्चों के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। बूढ़ों का और देश का सहारा बनकर श्रेष्ठ कर्मों के आधार से यह चिल्ड्रेन ग्रुप मिलकर अज्ञान अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर जाकर एक नई शरण सुखमय दुनिया बना सकते हैं। देश के अच्छे नागरिक बन सकते हैं। उन्होंने बच्चों से विशेष रूप में कहा कि अपनी उर्जा खुश रहने में ही खर्च कीजिए, क्योंकि ईश्वर हमारे सब इच्छाओं को तुरंत पूरा नहीं करता क्योंकि वह हमें तुरंत दंडित भी नहीं करते है। बस आभारी रहे उस परमपिता परमात्मा के कि वह मेरी सब इच्छा जरूर पूरी करेंगे। सीमा बहन ने कहा कि हमेशा सबके लिए अच्छा सोचो अच्छा करो और शुभ भावना रखो तो दुआएं अपने आप मिलती रहेंगी। बच्चों को हमारी तरफसे दुआ है कि वह पढ़ लिखकर अच्छे बनें। बीके पूनम बहन ने बच्चों से अपील की कि जीवन में सम्मान वही पाता जो दूसरों का सम्मान करता हो।

बी0के0 दुर्गा बहन ने कहा कि जिस प्रकार हर बच्चा अपने मम्मी पापा पर हक रखता है उसी प्रकार से शिव बाबा को अपना मम्मी पापा दोस्त बनाएं और उनसे वह हर शक्ति नैतिक मूल्य अधिकार के रूप में प्राप्त कर सकते हैं। गेम अंताक्षरी डांस आदि कई गेम कराए कराये गये। बच्चों में उमंग उत्साह भरकर गिफ्ट आदि देखकर भोजन कराकर सम्मानित कर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## बारात आने से पांच दिन पूर्व युवती प्रेमी के साथ फरार

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना राजेपुर क्षेत्र के अंतर्गत गांव निसवी निवासी युवती कि 20 जून को शादी होना तय हुआ था। वह अपने प्रेमी के साथ बीती रात घर में रखे सोने चांदी के आभूषण लेकर प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती के पिता ने थाने में तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने पीड़ित को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत गांव निसवी निवासी पीड़ित ने लिखित तहरीर में दर्शाया कि हमारी 20 वर्षीय पुत्री की शादी जनपद शाहजहांपुर के गांव गुनारो थाना जलालाबाद से होनी तय हुई थी। जिसकी बारात 20 जून को आनी थी, जबकि 13 जून की बीती रात पड़ोसी गांव राई निवासी धर्मवीर पुत्र राजपाल बहला-फुसलाकर भगा ले गया। पुत्री साथ में 50000 कीमत के सोने चांदी के आभूषण ले गई। थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद ने पीड़ित को न्याय दिलाने का भरोसा दिया

# योग कार्यक्रम के लिए जागरुक कर रही टीम


पतंजलि महिला योग समिति की टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 21 जून को होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में नगर में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता के लिए पतंजलि महिला योग समिति की टीम जगह-जगह जनसंपर्क कर रही है।

इसी क्रम में बुधवार को समिति की सादस्यों ने गुरु विरजानंद आर्ष गुरूकुल भोलेपुर में संपर्क कर गुरूकुल के आचार्यो व ब्रह्मचारियों को कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र सौंपा। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम के प्रोटोकॉल एवं उससे संबंधित अन्य जानकारियां भी साझा कीं। गुरूकुल के आचार्य ओमदेव शास्त्री ने कहा कि योग हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। ये उत्तम स्वास्थ्य की कुंजी है। सभी को योग से जुड़ना चाहिए। योग के पथ पर चलकर ही हम निरोगी भारत का निर्माण कर सकते हैं। इस अवसर पर महिला समिति की सदस्या दीप्ती सहाय ने अपने पति स्व0 जगदीश सहाय के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी स्मृति में गुरूकुल के ब्रह्मचारियों को भोजन एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान कीं। गुरूकुल के प्रबंधक आचार्य संदीप आर्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि योग गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली का प्रमुख अंग है। इससे बालकों के शारिरिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। इसलिए गुरूकुल के ब्रह्मचारी सामान्य स्कूलों के विद्यार्थियों की अपेक्षा ज्यादा प्रतिभावान होते हैं। इसलिए हमें गुरूकुल शिक्षा की ओर लौटना चाहिए। इस अवसर पर महिला समिति की प्रभारी अर्चना द्विवेदी, मीरा सक्सेना, कारन सिंह, हर्ष आर्य, यज्ञप्रताप आर्य, बनवारी लाल, सुमित आर्य आदि साथ रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार

- 21 अक्टूबर 2022 को अर्पित कुमार उर्फ अंशू की होटल में की थी हत्या
- आरोपी मनोज पर गैंगेस्टर व हत्या के पांच मुकदमे पंजीकृत हैं



पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान हत्यारोपी को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर हत्या, गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे पंजीकृत हैं।

जानकारी के अनुसार बीती रात 1:40 बजे शहर कोतवाल अनिल कुमार चौबे, उपनिरीक्षक अवधेश अवस्थी, उपनिरीक्षक सुबोध यादव, हे0का0 सुनील कुमार, कां0 तेजवीर सिंह, कां0 हिमांशु कुमार के साथ संदिग्ध व्यक्तियों व संदिग्ध वाहनों की चेकिंग चला रहे थे, तभी एक बाइक संख्या यूपी 76वाई/4927 के चालक को रुकने का इशारा किया तो उसने 315 बोर का तमंचा निकालकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ कर उसे दूल्हे साहब की मजार के पास तिराहा बड़ा बंगशपुरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम मनोज कुमार राजपूत पुत्र हरिशरण राजपूत निवासी श्याम नगर बताया।

आरोपी के पास से तमंचा कारतूस व 750 रुपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि आरोपी 307, 504, 506 व 3/25 आर्म्स एक्ट में वांछित था। बताते चले कि 21 अक्टूबर को 2022 को अवैध सिंह चौहान ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया था कि आरोपी मनोज, रोहित सिंह, टिन्कू शुक्ला उर्फ वरुण ने मेरे पुत्र अर्पित कुमार उर्फ अंशू की हत्या एक होटल में कर दी थी। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। वरुण व अर्पित जेल में है। आरोपी मनोज जमानत पर बाहर था और मुकदमे के वादी अवेधश सिंह को 16 मई को मुकदमे में पैरवी न करने की धमकी देकर मारपीट की थी। जिसका मुकदमा मनोज व उसके भाई नरेश के खिलाफ दर्ज किया गया था। आरोपी मनोज पर हत्या व गैंगस्टर सहित पांच मुकदमे शहर कोतवाली में दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बीएड प्रवेश परीक्षा आज

- 2721 अभ्यर्थी होंगे शामिल, डीएम ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा केंद्राधिकारी किये नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 15 जून को 6 परीक्षा केंद्रों पर शुरु होगी। जिसमें 2721 अभ्यार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 बजे तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से शुरु होगी।



जानकारी के अनुसार नकल विहीन परीक्षा हेतु जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने स्टेटिक मजिस्ट्रेट व परीक्षा केंद्र अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। वहीं डीआईओएस ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को सुचारु रुप से परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्देश जारी किये है। बुंदेलखण्ड विश्व विद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा हेतु जनपद में 6 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। जीआईसी फतेहगढ़ में 400 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। यहां नायब तहसीलदार रवीन्द्र सिंह, स्टेटिक मजिस्ट्रेट होंगे। डीएन कालेज में 500 का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां बेसिक शिक्षाधिकारी लालजी यादव स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाये गये है। दोनों केंद्रों के केंद्र अधिकारी एसडीएम संजय कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है।

रस्तोगी इण्टर कालेज में 500 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। यहां पर अपर मुख्याधिकारी नरेन्द्र कुमार स्टेटिक मजिस्टेट होंगे। एनएकेपी डिग्री कालेज में 471 अभ्यार्थी परीक्षा में होंगे। यहां नायब तहसीलदार मोनिका तिवारी स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त की गई है। दोनों केंद्रों के केंद्राधिकारी एसडीएम गजेन्द्र सिंह यादव होंगे। जीआईसी फर्रुखाबाद में 350 परीक्षार्थियों का केंद्र बनाया गया है। यहां नायब तहसीलदार अनवर हुसैन स्टेटिक मजिस्ट्रेट बनाये गये है। बद्री विशाल कालेज में 500 अभ्यार्थी परीक्षा देंगे। यहां जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद स्टेटिक मजिस्ट्रेट होंगे। दोनों केंद्रों के केंद्र अधिकारी अपर उपजिलाधिकारी यदुवंश वर्मा नियुक्त किये गये है। कुल मिलाकर बी0एड0 की प्रवेश परीक्षा कड़ी निगरानी में सम्पन्न होगी।

## पुलिस बल की मौजूदगी में कोषागार से परीक्षा केंद्र पहुंचेंगे प्रश्न पत्र एवं ओएमआर सीट

**फर्रुखाबाद(सं.)।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा नियुक्त केंद्र अधिकारी पुलिस बल की मौजूदगी में कोषागार से प्रश्न पत्र, ओएमआर सीट व अन्य परीक्षा सामिग्री परीक्षा केंद्रों पर पहुंचायेंगे तथा परीक्षा समाप्ति के पश्चात ओएमआर सीट तथा प्रश्न पत्र कोषागार में ही जमा करायेंगे। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने परीक्षा में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि प्रवेश परीक्षा में किसी भी स्तर से चूक नहीं होनी चाहिए। सभी लोग अपनी-अपनी डियूटी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करें और परीक्षा शासन की मंशा के अनुरुप सकुशल सम्पन्न करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक के दौरान सभी अधिकारियों को दिशा निर्देश पहले ही दिये जा चुके हैं। परीक्षा आज सम्पन्न होनी है। परीक्षा के मद्देनजर राजकीय कोषागार (ट्रेजरी) सुबह पांच बजे खुल जायेगा। बी0एड0 परीक्षा की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी हैं।

# बीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा, सचिवों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



सचिवों की बैठक लेते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी ने सचिवों के साथ बैठक कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विकास कार्यो की समीक्षा की। विकास खंड कार्यालय पर बीडीओ गगनदीप सिंह ने क्षेत्र में चल रही सरकार की योजनाओं के तहत सचिवों के साथ बैठक कर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बीडीओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, मनरेगा सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की। कई मामलों में शिथिलता बरत रहे सचिवों की बीडीओ ने फटकार लगायी।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी, साथ ही कई बिन्दुओं पर चर्चा की। इस मौके पर एडीओ पंचायत किशनपाल, ग्राम सचिव मानवेंद्र प्रताप, जुबेर अहमद, सुनील कुमार, ब्रजनंदन लाल, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, आकांक्षा सक्सेना, कुलदीप राजपूत, एपीओ मनरेगा, गौरव दिवाकर, आलोक पाठक, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, सुरेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जेल में बंदी कर रहे योग का अभ्यास

- योग दिवस को सफल बनाने के लिए जोर शोर से चल रही तैयारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** डीजी जेल एसएन साबत के दिशा निर्देशन, एआईजी चित्रलेखा सिंह एवम डीआईजी जेल शिवहरि मीणा के पर्यवेक्षण, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा मीटिंग में दिए निर्देशों के संदर्भ में आगामी योग सप्ताह को जोर शोर से मनाए जाने व राज्य सरकार के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से कारागार में तैयारी आरंभ कर दी गई है। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद ने बताया कि योग प्रशिक्षक विवेक कुमार और अजीत पाल सिंह के मार्गदर्शन में कारागार में प्रतिदिन प्रातः योग अभ्यास कराया जा रहा है। प्रशिक्षकों ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल की दौड़भाग भरी की जिंदगी में हमें तमाम तरह की बीमारियों ने घेर रखा है। इनसे बचने का एक ही उपाय है कि करो योग रहो निरोग। उन्होंने कहा कि योग सभी बीमारियों का एक समाधान है। योग अभ्यास के समय जेलर अखिलेश कुमार, उपजेलर अखिलेश मिश्रा, कृष्णा कुमारी, मुख्य चीफ ओम प्रकाश, शिवम त्रिवेदी जेल वार्डर आदि उपस्थित रहे।




जेल में योग का अभ्यास करते बंदी

# खबरें चलते-चलते

## जेवरात बंटवारे को लेकर भाइयों में चले लाठी-डंडे



**कंपिल (सं.)।** जेवरात के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों में विवाद हो गया। उनमें जमकर लाठी-डंडे चले। मौके पर पहुंची पुलिस दो भाइयों को थाने ले आयी। जबकि एक युवक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने एक युवक का शांतिभंग में चलान कर दिया। क्षेत्र के गांव त्योरखास निवासी बंटू पाल का विवाद बुधवार सुबह जेवर के बंटबारे को लेकर सगे भाइयों सुनील व पिंटू से हो गया। तीनो में जमकर लाठी-डंडे चले। बंटू ने आरोप लगाया की सुनील व पिंटू ने कमरे में बंद कर उसके साथ मारपीट कर दी। जिससे उसका सिर फट गया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस बंटू व सुनील को थाने ले आयी। घायल बंटू को इलाज के लिए सीएचसी कायमगंज भेज दिया गया। जबकि सुनील का शांभिंग में चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## वृद्ध को दबंगों ने मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव जिरखापुर निवासी नीतू पत्नी अनुज कुमार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है की मेरे ससुर धनीराम की गोदाम में बैठकर खाना खा रहे थे, तभी मेरे गाँव के दीपक पुत्र सुरेन्द्र सिंह तथा उसकी पत्नी आशा तथा आशा के दो भाई निवासी बराकेशव थाना नवाबगंज ने लाठी-डन्डों से व धारदार हथियार मारकर लहुलुहान कर दिया। मेरे ससुर के चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं तथा मेरे घरवालों व मेरे देवर और कुछ गाँव के लोग मौके पर पहुंचे, तो यह लोग गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से व धमकी देकर मौके से भाग गए। मैं अपने ससुर को लेकर सीएचसी कायमगंज पहुंची। जहां उन्हें भर्ती कराया। उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया।

## आंखों में केमिकल डालकर छीनी सोने की चेन

**फर्रुखाबाद (सं.)।** आंखों में केमिकल डालकर बदमाशों ने महिला के गले में पड़ी सोने की चेन छीनकर फरार हो गये। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के क्षेत्र नेकपुर निवासी साधना दीक्षित पत्नी कमलाकान्त दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 13 जून को गांव वेहता हरी हरपालपुर हरदोई से घर जा रही थी। रास्ते में पटेल नगर के पास दो व्यक्ति आये और आंखों में केमिकल डाल दिया और गले में पड़ी सोने की चेन छीनकर फरार हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## चार के खिलाफ जमीन पर कब्जा कर लेने की दी तहरीर

**शमशाबाद (सं.)।** जमीन कब्जा कर लेने व अपने हिस्से का पैसा मांगने पर दबंग परिवारियों ने जानमाल की धमकी दी। पीड़ित ने घटना के संबंध में चार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उलियापुर चंपतपुर निवासी मानसिंह पुत्र रघुनाथ सिंह ने परिवार के महिपाल पुत्र रघुनाथ, कुसुमलता पत्नी विजेंद्र, विजेंद्र पुत्र रघुनाथ, अतर सिंह पुत्र रघुनाथ के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। जिसमें दर्शाया कि आरोपियों ने उसके हिस्से की जमीन को हड़प लिया। जब उसने हिस्सा मांगा तो आरोपियों ने कहा कि पेड़ का सौदा होने के बाद तुम्हे हिस्सा दे दिया जाएगा। 12 जून को पीड़ित ने आरोपियों से अपने हिस्से की पुनः मांग की तो आरोपियों ने गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जमीन पर कुछ पेड़ भी है। जिन्हे आरोपी कटवा रहे है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## आमने-सामने बाइक भिड़ंत में दो घायल

**कायमगंज (सं.)।** आमने-सामने बाइकों की भिड़न्त में दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। कम्पिल थाना क्षेत्र के गांव नारायनपुर निवासी 20 वर्षीय जयप्रताप पुत्र मनोज ठाकुर अपने रिश्तेदार करन कुमार निवासी करका जिजौटा जिला बरेली के साथ बाइक से फर्रुखाबाद एआरटीओ आफिस में ड्राइवरी लाइसेंस बनवाने जा रहे थे। जैसे ही वह कम्पिल थाना क्षेत्र के सिकन्दरपुर के निकट पहुचे, तभी सामने से आ रहा एक अन्य बाइक चालक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायलों को नगर के समुदायिक स्वस्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।



# पुलिस ने हत्यारोपी को दबोचा, प्रयोग की गई बोलेरो भी बरामद

- सोमवार को मक्का के खेत में पड़ी मिली थी युवती की लाश



पुलिस हिरासत में हत्यारोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीती दिन मक्का के खेत पड़े मिले युवती के शव की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही से हत्या में प्रयोग की गई बोलेरों भी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला विनायक निवासी सुरेंद्र श्रीवास्तव की 18 वर्षीय पुत्री वंदना का सोमवार सुबह ग्राम दुनाया निवासी अजय पाल पुत्र वीरपाल के मक्के के खेत में पड़ा मिला था। सूचना पर ग्राम प्रधान राजवीर सिंह यादव ने पहुंचकर घटना की सूचना मृतका के घर व पुलिस को दी थी। मौके पर मृतका की मां रामादेवी श्रीवास्तव अपनी पुत्री अंजना के साथ पहुंच गयी थी। उन्होंने बताया था कि उनकी पुत्री रविवार सुबह नवाबगंज से दवा लेने गयी थी, लेकिन वापस नहीं लौटी थी। मृतका की मां ने पुत्री की हत्या किये जाने का आरोप लगाकर मुकदमा भी दर्ज कराया था। मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की थी। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद के नेतृत्व में नवाबगंज थानाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, उपनिरीक्षक मुनीन्द्र कुमार मिश्र, स्वाट टीम प्रभारी अमित कुमार, सर्विलांस टीम प्रभारी जगदीश भाटी की संयुक्त टीम ने छापामारी कर हत्यारोपी नेत्रपाल पुत्र मलिखान सिंह निवासी ग्राम मीरपुर थाना जहानगंज को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही से हत्या में प्रयोग की गई बोलेरो यूपी 74एएच/6547 बरामद हुई। आरोपी पर पहले से तीन मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया घायल

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र नगर के मुहल्ला गंगा दरवाजा निवासी शिवम कौशल पुत्र नरेन्द्र कौशल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि बुधवार को वह अपनी बाइक से ग्राम आताईपुर से लौट रहा था। जैसे ही नई वस्ती रोड स्थित जुशाह बाबा गेट के पास पहुँचा, तभी घात लगाये बैठे कुक्कू गुप्ता पुत्र कोमिल गुप्ता, अमन गुप्ता पुत्र कुक्कू गुप्ता ने शिवम को जमकर पीटा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि वह मामले की जांच कर रही है।

# पति सहित छह ससुरालियों के विरुद्ध दहेज हत्या की तहरीर

- बीते दिनों महिला की हत्या कर ससुरालीजन मौके से हो गये थे फरार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों द्वारा महिला की हत्या कर देने के मामले में मृतका के भाई ने पति देवर सहित पांच लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज थाना गुरसहायगंज के गांव नवलपुरवा निवासी सर्वेश कुमार पुत्र सोनेलाल ने शमशाबाद थाना क्षेत्र के ही गांव गदनपुर चैन निवासी राजू पुत्र हरपाल सिंह के अलावा देवर सनी, चचिया ससुर कल्लू पुत्र रामकिशन, ममिया ससुर राम बहादुर निवासी निकवापुर थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज के अलावा गांव के ही नितिन पुत्र शिवकुमार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें दर्शाया कि उसने अपनी बहन पुष्पा का विवाह राजू के साथ 8 वर्ष पूर्व किया था। विवाह में काफी दान दहेज दिया था। दिये गये दान दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये की मांग कर शारीरिक व मानसिक रुप से प्रताड़ित करने लगे। बहन के तीन पुत्रियां है। 7 मई को छोटे भाई की शादी में बहन पुष्पा मायके आई तब उसने बताया कि उसका पति राजू, देवर सनी, चचिया ससुर कल्लू एवं ममिया ससुर राम बहादुर तथा गांव निवासी शिवकुमार हत्या कर दूसरी शादी करने की फिराक में है। 5 जून 2023 की सुबह फोन पर सूचना दी गई कि उसकी बहन की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे तो ससुरालीजन फरार थे। बहन के शरीर पर कई चोंटों के निशान थे। पीड़ित उक्त आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की।

# प्रभारी मंत्री ने मेधावियों को चेक, टेबलेट व मेडल देकर किया सम्मानित

- शिक्षक अपने आचरण को बदलें और बच्चों को दिशा, संस्कार देने का कार्य करें



टॉपर छात्रा को चेक प्रदान करते प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मंत्री उच्च शिक्षा एवं जनपद के प्रभारी मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में वर्ष 2023 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने मेधावी छात्र/छात्राओं को टेबलेट एवं पुरस्कार धनराशि वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक अमृतपुर, जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा वर्ष 2023 के हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण मेधावी, 02 राज्य स्तरीय मेधावी छात्रों को 01 लाख का प्रतीकात्मक चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र, टेबलेट एवं 19 मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रति छात्र रू0 21,000/- का प्रतिकात्मक चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र, टेबलेट आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि पुरूस्कार की धनराशि सीधे मेधावी छात्र/छात्राओं के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है। मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रभारी मंत्री ने कहा कि सबसे पहले बधाई उन छात्र/छात्राओं को जिन्होंने पठन पाठन कार्य में यह मुकाम हासिल किया है और सेल्यूट इनके माता- पिता को जिन्होंने इनकों बच्चों को इस काबिल बनाया है। मेधावी छात्र/छात्राओं को प्रदेश एवं जनपद स्तर पर एक अलग पहचान व सम्मान मिले।

इस उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश एवं समस्त जनपद स्तर पर आज मेधावी छात्र/छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रतिभा को तलाशना और तराशने की जिम्मेदारी समाज के लोगों की है। यदि कोई बच्चे गरीब हैं और प्रतिभाशाली हैं तो उसकी आर्थिक मदद करने का कार्य करें। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से कहा कि शिक्षक अपने विद्यालयों में शिक्षक बनकर नहीं गुरू बनकर अपने छात्र/छात्राओं को शिक्षा प्रदान करें। उन्हें दिशा और संस्कार देने का कार्य करें। कैसे इनके अन्दर मानवीय गुण डवलप हों इस पर कार्य करें। शिक्षक अपने आचरण को बदलें। उन्होंने उपस्थित छात्र/छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं और कहा कि आप सभी मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करें और आगे बढ़ें। देश के विकास एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। समाज के प्रति आपकी जो जिम्मेदारी है उन्हें निभायें। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक अमृतपुर, जिलाध्यक्ष रुपेश गप्ता, पूर्व विधायक कुलदीप गंगवार, जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित अधिकारी, मेधावी छात्र/छात्राएं व उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# कोर्ट के आदेश पर पत्नी सहित पांच ससुरालियों पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी द्वारा गाली-गलौज करने व घर में रखे जेवरात उठा ले जाने तथा ससुरालियों को व्यवसाय के लिए दिये गये 5 लाख रुपये वापस मांगने पर आरोपियों द्वारा जानमाल की धमकी देने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के छोटी जेल वनखड़िया निवासी सौरव यादव पुत्र गुरुवचन सिंह ने न्यायालय में दलवीर सिंह उर्फ भूरे, जयवीर सिंह, विजय प्रताप, भूपेन्द्र सिंह, उपासना उर्फ साक्षी निवासीगण भूडा थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज के विरुद्ध दायर किये गये 156(3)शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसकी शादी साक्षी से 22 अप्रैल 2022 को हुई थी। शादी के बाद से वह मेरे माता-पिता को खाना नहीं देती है और अपने परिजनों से दिन भर बात करती रहती है।

ससुरालीजन शराब के नशे में आकर उत्पाद मचाकर साक्षी को अपने साथ बुला ले जाते। पीड़ित के पिता ने ससुर दलवीर को शादी से पूर्व व्यवसाय करने के लिए पांच लाख रुपये उधार दिये थे। मांगने पर आरोपीगण टालमटोल करने लगे। साक्षी अपने साथ घर में रखा सोने-चांदी के जेवरात ले गयी। कुछ दिन बाद पंचायत भी करायी गई। उपासना अपने परिजनों के साथ कार द्वारा आयी और घर में रखी एक लाख की नगदी व 15 लाख के सोने-चांदी के आभूषण निकालकर भाग गयी। पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।